राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 09
लखनऊ, गुरुवार 17 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मंडलीय मुक्केबाजी में जिले की झोली में 8 गोल्ड 10

राज्यपाल ने विश्वकर्मा पूजा पर प्रदेशवासियों को दी हार्दिक शुभकामनाएं 03

## सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,53,590/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,800/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,230/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,45,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### अनंतनाग को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

**नई दिल्ली।** दिग्गज कन्नड़ अभिनेता अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए वर्ष 2024 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार दिया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बुधवार को घोषणा की। 22 सितंबर को गुजरात के केवडिया में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। 300 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके अनंत नाग को 'मालगुडी डेज' से देशभर में पहचान मिली। 'केजीएफ' में उन्होंने आनंद इंगलागी की भूमिका निभाई थी। उन्हें 2025 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया था।

### गर्ग एविएशन : संचालन अगले आदेश तक बंद

**नई दिल्ली।** सुरक्षा और नियामकीय नियमों के उल्लंघन की शिकायतों के बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कानपुर स्थित फ्लाइंग ट्रेनिंग आर्गनाइजेशन गर्ग एविएशन का संचालन अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। डीजीसीए मामले की विस्तृत जांच करेगा। 27 अगस्त के विमान हादसे में एक पायलट और प्रशिक्षक की मौत के बाद संस्थान जांच के घेरे में था। संगठन का दावा है कि नवंबर 2024 से डीजीसीए को 14 शिकायतें भेजी गई थीं। इनमें कम दृश्यता में प्रशिक्षण उड़ान, अनिवार्य ट्रांसपोंडर और सीसीटीवी व्यवस्था से जुड़े सवाल उठाए गए थे।

### बिहार में 50 लाख बाढ़ से घिरे

**पटना।** बिहार के 15 जिलों की 575 पंचायतों में करीब 50 लाख लोग अब भी बाढ़ से घिरे हैं। कटिहार में स्कूल और कोचिंग सेंटर डूबने से बच्चे नाव से पढ़ने पहुंच रहे हैं। यूपी के 26 जिलों में बाढ़ से करीब चार लाख लोग प्रभावित हैं। लखीमपुर में शारदा नदी के कटान से 24 घंटे में सात मकान बह गए। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भूस्खलन से आदि कैलाश मार्ग बंद हो गया। केदारनाथ पैदल मार्ग पर यात्रियों को हेलमेट पहनाकर भेजा जा रहा है। राजस्थान के 26 जिलों में 17 सितंबर तक और मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में 17 से 21 सितंबर तक बारिश का अलर्ट है।

### करेंसी चेस्ट में 17.29 करोड़ के नकली नोट

**लखनऊ।** सहारनपुर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) करेंसी चेस्ट में 17.29 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट मिलने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने संविदा चालक आदेश चौधरी को गिरफ्तार किया है। इससे पहले चेस्ट प्रबंधक अमित कुमार की गिरफ्तारी हो चुकी है। जांच में बैंक के तीन कर्मचारियों की भूमिका भी सामने आई है, जिन्हें निलंबित किया जा चुका है। एनआईए के अनुसार, 29 अगस्त को करेंसी चेस्ट में 17.29 करोड़ रुपये के नकली भारतीय नोट मिलने की जानकारी सामने आई थी। जांच में आदेश चौधरी को मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल पाया गया।

# 3 खुशखबर

## पंचायत सहायकों का मानदेय ₹ 9,000 हुआ

**पॉजिटिव न्यूज - एक**

- पहले था 6,000 रुपए, अब 50 प्रतिशत इजाफा
- ग्राम प्रधान और सचिव नहीं हटा सकेंगे
- डीएम की अध्यक्षता वाली समिति तय करेगी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राज्य के 57 हजार से अधिक पंचायत सहायकों को योगी सरकार ने बड़ी राहत दी है। प्रदेश में पंचायत सहायकों का मासिक मानदेय 50 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया गया है। अब उन्हें छह हजार के बजाय नौ हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। मानदेय की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। फैसले को लागू करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी ली जाएगी।

सरकार ने पंचायत सहायकों की सेवा सुरक्षा के लिए भी अहम बदलाव किया है। अब ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव किसी पंचायत सहायक को मनमाने ढंग से नहीं हटा सकेंगे। पंचायत सहायक को हटाने का निर्णय जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति करेगी। यानी सेवा समाप्ति का अधिकार स्थानीय स्तर पर प्रधान और सचिव तक सीमित नहीं रहेगा। पंचायत सहायकों की मांगों को लेकर हुए आंदोलनों के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने की प्रक्रिया भी की जाएगी। पहले हटाए गए पंचायत सहायकों की बहाली का भी फैसला किया गया है। महिला पंचायत सहायकों को मातृत्व अवकाश के साथ उपचार के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जाएगी।

**शिक्षामित्रों व अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा :** सरकार ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में भी वृद्धि की है। परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार रुपए और अनुदेशकों का सात हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपए तक किया गया है। सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति पर अधिकतम ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी गई है।

कर्मचारियों-पेंशनरों का महंगाई भत्ता 60 प्रतिशतः प्रदेश के करीब 28 लाख नियमित कर्मचारियों, शिक्षकों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत को बढ़ाकर 60 प्रतिशत किया गया है। लंबित एरियर के समायोजन के निर्देश भी दिए गए हैं।

## बुजुर्गों-निराश्रित महिलाओं व दिव्यांगों की बढ़ेगी पेंशन



**पॉजिटिव न्यूज - दो**

- 19 सितम्बर से 77 हजार पुलिस-होमगार्ड पदों पर भर्ती प्रक्रिया : योगी

**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बुजुर्गों, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगों के लिए संचालित पेंशन योजनाओं में राशि बढ़ाने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का दायरा भी बढ़ाया जाएगा, जिससे अधिक जरूरतमंदों को लाभ मिल सके। पेंशन में बढ़ोतरी कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू होगी। मुख्यमंत्री गोरखपुर के जंगल नकहा में करीब 3.09 करोड़ रुपए की लागत से बने कल्याण मंडपम के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने रोजगार को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया। योगी ने कहा कि प्रदेश में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने की प्रक्रिया चल रही है।

19 सितंबर से 77 हजार पुलिस और होमगार्ड पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी। उनके अनुसार, अब तक करीब 9.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। हजारों शिक्षकों की भर्ती के आवेदन भी बुधवार को अखबारों में प्रकाशित हुए हैं।

## ईपीएफ वेतन सीमा ₹ 25,000 तक बढ़ी

**पॉजिटिव न्यूज - तीन**

- नई सीमा से 51 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ
- केंद्र पर हर साल 11,339 करोड़ का अतिरिक्त बोझ

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के दायरे का विस्तार करते हुए वेतन सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपए प्रतिमाह करने का फैसला किया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। नई सीमा के दायरे में करीब 51 लाख कर्मचारी आएंगे। सरकार के अनुसार, इस व्यवस्था पर सालाना करीब 11,339 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

मौजूदा व्यवस्था में ईपीएफ से जुड़े कर्मचारियों के लिए वेतन सीमा 15 हजार रुपए प्रतिमाह थी। इसे सितंबर 2014 में निर्धारित किया गया था। सरकार के अनुसार, सीमा बढ़ाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 सितंबर को प्रस्ताव को मंजूरी दी। व्यय वित्त समिति ने भी 16 जून 2026 को हुई बैठक में इसकी सिफारिश की थी। नई व्यवस्था के तहत पात्र कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के साथ कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) और कर्मचारी जमा-संबद्ध बीमा योजना (ईडीएलआई) का लाभ मिलेगा। सरकार का कहना है कि इससे कर्मचारियों की नियमित बचत, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन और बीमा सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा। पेंशन योग्य वेतन और वैधानिक अंशदान की व्यवस्था भी मौजूदा वेतन स्तरों के अनुरूप होगी।

सरकार के अनुमान के अनुसार, नई व्यवस्था पर पांच वर्ष में करीब 56,696 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वार्षिक सरकारी व्यय करीब 11,339 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। सरकार का कहना है कि सामाजिक सुरक्षा को रोजगार का अभिन्न हिस्सा बनाने और औपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों का दायरा बढ़ाने के उद्देश्य से यह फैसला किया गया है।


ईपीएफओ से जुड़े 7.98 करोड़ सदस्यः सरकार के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत करीब 7.98 करोड़ अंशदान करने वाले सदस्य और 7.68 लाख से अधिक प्रतिष्ठान जुड़े हैं। कर्मचारी पेंशन योजना के तहत करीब 82 लाख पेंशनभोगियों को लाभ मिल रहा है।

## झीरम घाटी नरसंहारः 10 को फांसी

**एजेंसी, जगदलपुर।**

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित झीरम घाटी नरसंहार मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने बुधवार को 10 दोषी माओवादियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने शाम करीब पांच बजे फैसला सुनाया। अदालत ने अभियुक्तों को 24 में से सात धाराओं में दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई।

अदालत ने स्पष्ट किया कि मृत्युदंड का निष्पादन तत्काल नहीं किया जाएगा। सजा पर अमल तभी होगा, जब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट यह निर्धारित करेगा कि मृत्युदंड देना उचित है। सभी दोषी फिलहाल जेल में ही रहेंगे। उन्हें फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल करने के लिए 30 दिन का समय दिया गया है।




- अदालत ने 24 में से सात धाराओं में दोषी माना
- हाईकोर्ट में अपील के लिए 30 दिन का समय

विशेष अदालत ने पांच सितंबर को प्रमिला मोडियाम, सुमित्रा पुनेम, मुक्का मांडवी, मड़कामी देवा, कोसा कवासी, आयत मरकाम, बंजामी सेना, चैतू लेकाम, जोगा मड़कामी और महादेव नागा को दोषी ठहराया था। सभी 10 दोषी वर्तमान में जगदलपुर केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

सजा सुनाए जाने के दौरान अभियुक्तों के स्वजन अदालत कक्ष के बाहर मौजूद रहे। बीजापुर और दंतेवाड़ा से भी कई स्वजन जगदलपुर पहुंचे थे।

झीरम घाटी में 25 मई 2013 को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर माओवादियों ने घात लगाकर हमला किया था। दरभा क्षेत्र में हुए इस हमले में तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, पूर्व विधायक उदय मुदलियार और योगेंद्र शर्मा समेत 32 लोगों की मौत हुई थी।

## लखनऊ में प्रेमिका को कार से मारी टक्कर, बोनट पर लटकी रही युवती

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर चार के पास बुधवार सुबह प्रेम प्रसंग में विवाद के बाद सनसनीखेज घटना सामने आई। युवती का आरोप है कि परिचित युवक ने विवाद के बाद कार से उसे टक्कर मार दी और रोकने के बजाय तेज गति से वाहन लेकर भागने लगा। युवती कुछ दूर तक कार के बोनट पर लटकी रही। बाद में सड़क पर गिरने के बाद आरोपी कार लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा और वाहन नंबर के आधार पर आरोपी को पकड़ लिया। युवती ने बताया कि वह शहनवाज अली के साथ रिश्ते में थी। बुधवार सुबह वह जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट के पास चाय पीने गई थी। इसी दौरान शहनवाज अपने दोस्त दानिश और दो अन्य युवतियों के साथ कार से वहां पहुंचा था।

(विस्तृत खबर पेज 3 पर)

### लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे धंसने पर एनएचएआई का सख्त एक्शन

## निर्माण कंपनी पीएनसी पर तीन साल की रोक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर निर्माण संबंधी खामियां सामने आने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पीएनसी इंफ्राटेक पर तीन साल की रोक लगा दी है। कंपनी इस अवधि में एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से जुड़ी नई परियोजनाओं की निविदाओं में भाग नहीं ले सकेगी। एक्सप्रेसवे पर खामियों के कारण टोल वसूली से हुए नुकसान की भरपाई के लिए कंपनी से करीब 42 लाख रुपए प्रतिदिन की क्षतिपूर्ति भी मांगी गई है।

एक्सप्रेसवे के करीब 45 किलोमीटर हिस्से पर यातायात शुरू होने के कुछ ही दिन बाद सड़क धंसने और उखड़ने की शिकायतें सामने आने लगी थीं। 26 जुलाई को कोरारी खुर्द में किलोमीटर 64 के पास सड़क धंसी। इसके बाद सोहरामऊ में किलोमीटर 26, आनंदी वाटर पार्क के पास किलोमीटर 26.4 और सेथरा-नेवरना में किलोमीटर 63 पर सड़क धंसने की घटनाएं सामने आईं।



- टोल राजस्व नुकसान पर 42 लाख प्रतिदिन क्षतिपूर्ति मांगा

पड़री-झाऊखेड़ा में किलोमीटर 46 पर सड़क में जर्क की समस्या मिली, जबकि बेगमपुर में किलोमीटर 48.6 पर सड़क दब गई।

बेगमखेड़ा के पास करीब 100 मीटर का पैचवर्क भी उखड़ गया। इसके अलावा अड़ेरुवा, बड़ौरा, दुवा, भवानीखेड़ा, उम्मेदखेड़ा-बिकामऊ, बाबाखेड़ा और इजरायलखेड़ा में भी सड़क धंसने, फटने और उखड़ने की शिकायतें सामने आई थीं। एनएचएआई ने सड़क और मिट्टी के नमूने लेकर तकनीकी जांच कराई थी।

## पतंजलि ने बृजभूषण पर किया 50 करोड़ की मानहानि का दावा

**समृद्धि न्यूज, गोंडा।**

पतंजलि फूड्स ने कैसरगंज के पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 50 करोड़ रुपये की मानहानि का दावा दायर किया है। मामला पतंजलि के उत्पादों, खासकर देसी घी को लेकर बृजभूषण के सार्वजनिक बयान से जुड़ा है। मंगलवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। बृजभूषण के अधिवक्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने अगली सुनवाई 18 सितंबर तय की है।

पतंजलि फूड्स की ओर से अधिवक्ता विक्रम मालवीय ने अदालत में कहा कि बृजभूषण के बयान से कंपनी की ब्रांड छवि को नुकसान पहुंचा। कंपनी ने यह भी दावा किया कि विवादित बयान के बाद उसके शेयर मूल्य पर असर पड़ा और आर्थिक नुकसान हुआ।



मामला वर्ष 2022 में दिए बृजभूषण के बयान से जुड़ा है। उन्होंने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में पतंजलि के घी को कथित तौर पर 'नकली' बताते हुए लोगों से घर में गाय या भैंस पालने और दूध-घी का इस्तेमाल करने की अपील की थी। बाद में भी वह मंचों से पतंजलि के घी को लेकर टिप्पणी करते रहे।

## सपा की चुनावी तैयारी तेज सात जिलों में बदले अध्यक्ष




**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच संगठन में बदलाव शुरू कर दिए हैं। सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सात जिलों में नए जिलाध्यक्ष नामित किए हैं। इसके साथ ही मथुरा की इकाइयां भंग कर दी गई हैं। मिर्जापुर में अशोक यादव को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश सपा मुख्यालय में जिलों से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव की तैयारियों में जुटें। उन्होंने कहा कि 2027 में पीडीए के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से जिस प्रत्याशी को टिकट दिया जाए, उसे ताकत के साथ चुनाव जिताने का काम किया जाए।

## भारतीय युद्धपोत से टकराया पाकिस्तानी जहाज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उत्तरी अरब सागर में मंगलवार शाम भारतीय नौसेना के एक अग्रिम पंक्ति के युद्धपोत से पाकिस्तानी नौसेना का जहाज टकरा गया। घटना अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में हुई। इसके बाद भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के चार्ज डीअफेयर्स साद अहमद वारैच को विदेश मंत्रालय में तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारतीय युद्धपोत नियमित निगरानी अभियान पर तैनात था। इसी दौरान पाकिस्तानी नौसेना का जहाज तेज गति से भारतीय पोत के करीब आया और दोनों के बीच टक्कर हो गई। मंत्रालय ने पाकिस्तानी नौसैनिक इकाई के व्यवहार को अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर बताया है। घटना में किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। भारत ने कहा कि पाकिस्तानी नौसैनिक जहाज का व्यवहार 1991 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए समझौते के अनुच्छेद 10 का उल्लंघन है। यह प्रावधान सैन्य अभ्यास, युद्धाभ्यास और सैनिकों की आवाजाही से संबंधित गतिविधियों की पहले से सूचना देने से जुड़ा है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी राजनयिक से कहा कि वह संबंधित अधिकारियों तक भारत का विरोध पहुंचाएं और सुनिश्चित करें कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। भारत ने पाकिस्तान से अपनी सैन्य इकाइयों को उचित सावधानी बरतने और दोनों देशों के बीच हुए संबंधित समझौतों के प्रावधानों का सम्मान करने को कहा है। भारत के इस्लामाबाद स्थित चार्ज डी अफेयर्स को भी पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के समक्ष इसी मुद्दे पर विरोध दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्टों के मुताबिक, दोनों देशों के नौसैनिक जहाजों के बीच इससे पहले भी समुद्र में टकराव की घटना सामने आ चुकी है। हालांकि, मौजूदा घटना में टक्कर जानबूझकर की गई थी, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



- दिल्ली में पाकिस्तानी राजनयिक तलब
- भारत ने उल्लंघन पर जताया कड़ा विरोध

## सत्यम मिश्रा बने काशी विश्वनाथ मंदिर के नए सीईओ



**समृद्धि न्यूज, वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था में बुधवार को बदलाव किया गया। प्रदेश सरकार ने 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी सत्यम मिश्रा को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद का नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वह प्रयागराज के अपर जिलाधिकारी (नगर) के पद पर तैनात थे। सत्यम मिश्रा अब विश्वभूषण मिश्रा की जगह मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था संभालेंगे। बुधवार को हुए प्रशासनिक फेरबदल में सत्यम मिश्रा का तबादला प्रयागराज से वाराणसी किया गया है। वहीं, अब तक मंदिर के सीईओ रहे विश्वभूषण मिश्रा को इस पद से हटाकर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) भेजा गया है।

## शहजाद भट्टी नेटवर्क को सरकार ने आतंकी संगठन किया घोषित

- यूएपीए की पहली अनुसूची में 46वां नाम
- 80 से अधिक एफआईआर हैं दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने पाकिस्तान स्थित शहजाद भट्टी नेटवर्क (एसबीएन) को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए के तहत आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर संगठन को यूएपीए की पहली अनुसूची में शामिल किया। इसके साथ ही सूची में आतंकवादी संगठनों की संख्या 46 हो गई है। सरकार के अनुसार, नेटवर्क सीमा पार से हथियार, विस्फोटक और नशीले पदार्थों की तस्करी के साथ युवाओं और स्थानीय अपराधियों को आतंकी गतिविधियों के लिए तैयार करता था।



गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि नेटवर्क डिजिटल माध्यमों के जरिए भड़काऊ संदेश प्रसारित करता और हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा देता था।

**यूपीआई टैक्स घमासान**

### राहुल ने कहा- शुल्क वापस ले मोदी सरकार, केंद्र ने विदेशी दबाव का आरोप नकारा

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा विवाद, केंद्र की दो टूक- फैसला वापस नहीं होगा

**समृद्धि न्यूज डेस्क, नई दिल्ली।**

यूपीआई से बड़े व्यापारी भुगतानों पर शुल्क लगाने का विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। 2000 रुपए से अधिक के चुनिंदा व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने की नई व्यवस्था के खिलाफ शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की गई है। यह व्यवस्था 15 अक्टूबर से लागू होनी है। अब सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका के बाद इस शुल्क व्यवस्था का कानूनी पहलू भी न्यायालय के सामने होगा। इस बीच केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि शुल्क ढांचे को वापस लेने का कोई सवाल ही नहीं है।




राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के नए ढांचे के तहत 2000 रुपए से अधिक के चुनिंदा व्यापारी भुगतानों पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगेगा। 75 हजार रुपए या इससे अधिक के भुगतान पर शुल्क अधिकतम 300 रुपए प्रति लेन-देन रहेगा। हालांकि व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) भुगतान किसी भी राशि का हो, मुफ्त रहेगा। 2000 रुपए तक के व्यापारी भुगतान भी शुल्क मुक्त होंगे। छोटे व्यापारियों को मिलने वाले शून्य-एमडीआर लाभ वाले लेन-देन पर भी कोई शुल्क नहीं लगेगा।

### यूपीआई टैक्स वापस लें मोदी : राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुल्क व्यवस्था को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अमेरिकी दबाव के आगे झुक रही है और प्रधानमंत्री से 'यूपीआई टैक्स' वापस लेने को कहा। राहुल ने दावा किया कि व्यापारियों पर शुल्क का असर अंततः ग्राहकों तक कीमतों के जरिये पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अमेरिका के दबाव में यह कठोर फैसला लिया है।

**फैसला दबाव में नहीं:** वित्त मंत्रालय ने कहा है कि यूपीआई और डिजिटल भुगतान से जुड़े फैसले भारत सरकार स्वतंत्र रूप से करती है। सरकार ने विदेशी दबाव की बात को खारिज करते हुए कहा कि नई व्यवस्था का उद्देश्य देश के डिजिटल भुगतान ढांचे को लंबे समय तक टिकाऊ बनाना है।

**96 प्रतिशत व्यापारी लेन-देन शुल्क से बाहरः** केंद्र के अनुसार करीब 96 प्रतिशत व्यापारी लेन-देन नई व्यवस्था से प्रभावित नहीं होंगे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि एमडीआर कोई कर नहीं है। यह भुगतान तंत्र में शामिल बैंकों, भुगतान सेवा प्रदाताओं और यूपीआई एप प्रदाताओं के बीच वितरित होगा। सरकार का कहना है कि शुल्क से यूपीआई के बुनियादी ढांचे, तकनीकी विकास, सुरक्षा और संचालन को दीर्घकालीन आधार मिलेगा।

रेलवे, दूरसंचार, बीमा, ईंधन और कृषि इनपुट जैसे आवश्यक क्षेत्रों में 2000 रुपए से अधिक के भुगतान पर पांच रुपए का निश्चित एमडीआर रखा गया है। म्यूचुअल फंड, प्रतिभूति और शेयर कारोबार से जुड़े भुगतानों पर 0.02 प्रतिशत शुल्क होगा, जिसकी अधिकतम सीमा 300 रुपये तय की गई है।

# कागजों में खड़ंजा, 1.56 लाख पर घमासान

- लालपुर चंदाझार में विकास कार्यों पर उठे गंभीर सवाल
- शिकायत के बाद पीली ईंट लेकर पहुंचे ग्रामीण, जांच की मांग






समृद्धि न्यूज, बहराइच।

ग्राम पंचायत लालपुर चंदाझार में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के कथित दुरुपयोग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। खड़ंजा मरम्मत के नाम पर अभिलेखों में 1,56,722 रुपये खर्च होने का दावा है, जबकि ग्रामीणों के मुताबिक संबंधित मार्ग पर आज भी कीचड़ और बदहाली का बोलबाला है।

जमीन पर काम के निशान न मिलने से भुगतान और निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मामले की स्वतंत्र तकनीकी जांच और मौके का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि करीब तीन वर्ष पहले इसी मार्ग पर खड़ंजा मरम्मत के नाम पर धन खर्च किया गया था। अब दोबारा इसी रास्ते को लेकर धन निकासी के आरोप सामने आने से पंचायत के विकास कार्यों की निगरानी और तकनीकी सत्यापन व्यवस्था कठघरे में है।

ग्रामीणों के मुताबिक शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद बीडीओ और सचिव सक्रिय हुए और मार्ग पर पीली ईंट लगाकर काम शुरू कराया जाने लगा। जानकारी मिलते ही राजू, राम गोपाल, सत्येंद्र, राजकुमार, राकेश समेत कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ईंट की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके पहुंचने के बाद बीडीओ विजय कुमार मौके से चले गए। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

### सड़क पर कीचड़, विकास का दावा बेनकाब

ग्रामीणों का कहना है कि यदि वास्तव में खड़ंजा मरम्मत हुई है तो उसका असर मौके पर दिखाई देना चाहिए। लेकिन मार्ग की बदहाल स्थिति कथित विकास कार्य की कहानी पर ही सवाल खड़े कर रही है। शिकायत के साथ जीपीएसयुक्त फोटो लगाए जाने का भी दावा किया गया है। ग्रामीणों का सीधा सवाल है कि सरकारी अभिलेखों में काम पूरा है तो सड़क पर उसका परिणाम क्यों नहीं दिख रहा?

### दो किस्तों में निकली रकम, काम पर सवाल

शिकायत के अनुसार 25 मई 2026 को 15वें राज्य वित्त आयोग के तहत 78,361–78,361 रुपये की दो प्रविष्टियों में कुल 1,56,722 रुपये की धनराशि निकाले जाने का आरोप है। अभिलेखों में यह रकम रत्न के घर से गुरुदीन के घर तक खड़ंजा मरम्मत कार्य, कार्य कोड 52101764, के नाम पर दर्शाए जाने की बात कही गई है। शिकायतकर्ता ने भुगतान प्रक्रिया में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और संबंधित तकनीकी कर्मियों की भूमिका की भी जांच की मांग की है।

### अब कागज बनाम जमीन की होगी असली परीक्षा

ग्रामीणों ने मांग की है कि स्थानीय स्तर पर खानापूर्ति के बजाय स्वतंत्र तकनीकी टीम गठित कर अभिलेखों, भुगतान, एमबी, कार्यस्थल और निर्माण सामग्री का मिलान कराया जाए। आरोप सही पाए जाने पर सरकारी धन की वसूली और जिम्मेदारों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। अब सबसे बड़ा सवाल यही है—जिस सड़क पर ग्रामीण आज भी कीचड़ से जूझ रहे हैं, वहां 1.56 लाख रुपये की खड़ंजा मरम्मत आखिर किस आधार पर दर्ज और भुगतान हुई? जांच होने पर ही सामने आएगा कि विकास कागजों तक सीमित रहा या वास्तव में जमीन पर भी उतरा।

# न्यूरो सर्जरी में डॉ. अनुरोध पटेल ने बनाई पहचान

समृद्धि न्यूज, बहराइच।




तराई क्षेत्र के बहराइच जिले में चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में न्यूरो सर्जन डॉ. अनुरोध पटेल अपनी विशेषज्ञ सेवाओं के कारण अलग पहचान बना रहे हैं। पीजीआई चंडीगढ़ जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से न्यूरोसर्जरी का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने बड़े महानगरों के बजाय बहराइच को अपनी कर्मभूमि बनाया।

न्यूरो सर्जरी चिकित्सा विज्ञान की जटिल विधाओं में शामिल है। विशेष रूप से मरीज की जागृत अवस्था में की जाने वाली सर्जरी बेहद संवेदनशील मानी जाती है। हाल ही में बिटाना अस्पताल में डॉ. अनुरोध पटेल द्वारा जागृत अवस्था में जटिल न्यूरो सर्जरी किए जाने की जानकारी सामने आई है। इस दौरान मरीज की न्यूरोलॉजिकल स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए ऑपरेशन किया जाता है, जिसके लिए विशेषज्ञता और सटीक चिकित्सकीय निर्णय की आवश्यकता होती है।

- न्यूरो सर्जन ने बहराइच को बनाया अपनी कर्मभूमि
- जागृत अवस्था में जटिल सर्जरी कर पेश किया उदाहरण

डॉ. पटेल की इस पहल से बहराइच सहित आसपास के तराई क्षेत्र के मरीजों को स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ न्यूरो सर्जरी की सुविधा मिलने की उम्मीद बढ़ी है। गंभीर न्यूरो संबंधी मामलों में मरीजों और उनके परिजनों को लखनऊ अथवा अन्य बड़े शहरों की ओर जाने में होने वाली अतिरिक्त भागदौड़ और खर्च से भी राहत मिल सकती है।

बताया जाता है कि डॉ. अनुरोध पटेल विभिन्न न्यूरो संबंधी शोध कार्यों और शोधपत्रों से भी जुड़े रहे हैं। क्लीनिकल अनुभव के साथ शोध क्षेत्र में उनकी भागीदारी जटिल मामलों के उपचार में उपयोगी मानी जाती है।

चिकित्सकीय विशेषज्ञता के अलावा उनके सहज व्यवहार और मरीजों व परिजनों से सरल भाषा में संवाद करने की शैली की भी चर्चा होती है। बहराइच जैसे जिले में उच्चस्तरीय न्यूरो सर्जरी सेवाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने का उनका प्रयास चिकित्सा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर घायल

**विशेश्वरगंज-बहराइच।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत गोण्डा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग के पुरैना मोड़ पर बुधवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से 16 वर्षीय किशोर घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंचहर विशेश्वरगंज निवासी हर्षित पुत्र संजय पाण्डेय किसी काम से गोण्डा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पुरैना मोड़ पर गया था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) विशेश्वरगंज पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया जहाँ से रेफर होकर लखनऊ इलाज जारी है। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

### अध्यक्ष पद पर चयन

**बहराइच।** गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया के प्रबंध समिति के अध्यक्ष रहे डॉ सोहन लाल श्रीवास्तव के निधन हो जाने के उपरांत प्रबंध समिति ने अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ विश्वनाथ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद अग्रवाल, सुधीश अग्रवाल, सरदार नरेन्द्र कुमार सिंह, अशोक कुमार गुप्ता सहित सभी सदस्यों ने बधाई दिया। इसी क्रम में गायत्री विद्यापीठ इंटर कॉलेज रिसिया के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ सोहन लाल श्रीवास्तव के निधन के उपरांत प्रबंध समिति द्वारा अशोक कुमार गुप्ता को अध्यक्ष पद हेतु सर्वसम्मति से चुना गया एवं समिति द्वारा बधाई दिया। इसके पश्चात स्वर्गीय डॉ सोहन लाल श्रीवास्तव के निधन पर समिति द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव एवं सचिव उज्जवल उपाध्याय के दिशा-निर्देशन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी के तत्वावधान में थाना बदोसराय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर के माध्यम से आम जनमानस को बाल अधिकारों एवं यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट) के बारे में विस्तृत विधिक जानकारी दी गई। शिविर का आयोजन अधिकार मित्र अजीत सिंह द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राम अवतार सरोज उपस्थित रहे।उन्होंने आमजन से अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निशुल्क कानूनी सहायता लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है और पॉक्सो एक्ट जैसे कानूनों की जानकारी हर नागरिक को होनी चाहिए।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने निःशुल्क कानूनी सहायता और बाल संरक्षण कानूनों पर आयोजित इस शिविर को आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### छप्पर रख रही महिला पर जानलेवा हमला

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के ओल्हेपुर गाँव मे कॉलोनी की छत पर छप्पर रख रही पीड़िता पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। बचाने आए पुत्र मनीष की भी पिटाई कर दी। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। जनपद के थाना सतरिख अंतर्गत उधवापुर गांव निवासी उर्मिला पत्नी सर्वजीत रावत ने बताया कि वह वर्तमान समय में ओल्हेपुर गांव स्थित अपनी ननिहाल में रह रही है। बताया कि बुधवार की दोपहर 1:30 बजे वह कॉलोनी पर छप्पर रख रही थी कि तभी मौके पर अपनी पत्नी प्रभुदेई व पुत्र अर्पित के साथ आये दुखीराम पुत्र सुखलाल रावत ने जबरिया कार्य रुकवा दिया। यही नहीं भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लात घूंसों और धारदार हथियार से हमला कर दिया एवं जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं बीच बचाव करने आए पुत्र मनीष को भी मारा पिता एवं जान से मारने की धमकी दी।

### बाइक सवार बदमाशों ने महिला की छीनी चैन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** असंदरा थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने दंपती को पीछे से ओवरटेक कर महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। वारदात के बाद दोनों बदमाश तेज रफ्तार में बाइक लेकर फरार हो गए। पीड़ित दंपती ने थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। लकड़िया गांव निवासी राधेश्याम सिंह पुत्र स्व. भैकूलस ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपनी पत्नी किरन सिंह के साथ घरेलू सामान खरीदने देवीगंज गया था। सामान खरीदने के बाद दोनों मोटरसाइकिल से वापस गांव लौट रहे थे। करीब दो बजे रास्ते में पीछे से बाइक सवार दो युवक उनकी मोटरसाइकिल के पास पहुंचे। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठी किरन सिंह के गले से बदमाशों ने सोने की चेन झपट ली। अचानक हुई वारदात से दंपती कुछ समझ पाता, इससे पहले ही दोनों बदमाश बाइक की रफ्तार बढ़ाकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने असंदरा थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर बदमाशों की पहचान और तलाश के प्रयास शुरू कर दिए हैं।



# सीएचसी विशेश्वरगंज का एडी स्वास्थ्य ने किया निरीक्षण, कई मिले नदारद

समृद्धि न्यूज
विशेश्वरगंज, बहराइच।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज में बुधवार सुबह करीब 9:40 बजे देवीपाटन मंडल के अपर निदेशक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के चार्ज पर चल रहे डॉ. संतलाल पटेल ने औचक निरीक्षण किया।

एडी के अचानक पहुंचने पर अस्पताल में हलचल मच गई। उपस्थिति की जांच में डॉ. नेहा सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौके पर नदारद मिले।

निरीक्षण के दौरान एडी ने अनुपस्थित मिले कर्मचारियों की स्थिति की जानकारी ली। कुछ कर्मचारियों की ओर से ऑनलाइन अवकाश के लिए आवेदन किए जाने तथा कुछ की ड्यूटी सुबह 10 बजे से होने की बात सामने आई। अस्पताल की अन्य व्यवस्थाएं निरीक्षण के दौरान सामान्य रूप से ठीक-ठाक मिलीं।

एडी के अचानक निरीक्षण से कर्मचारियों में कुछ देर तक खलबली का माहौल रहा।

# एफएलएन से निखरेंगे बच्चों के भाषा-गणित कौशल

समृद्धि न्यूज, बहराइच।



ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बुधवार को बुनियादी भाषा एवं गणित कौशल विकास (एफएलएन) आधारित पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के चौथे बैच का समापन हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को ऐसी शिक्षण विधियों से परिचित कराना है, जिनसे प्राथमिक स्तर के बच्चों में भाषा और गणित की बुनियादी समझ बेहतर ढंग से विकसित हो सके। नोडल एआरपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि चतुर्थ बैच में 50-50 शिक्षकों के दो प्रशिक्षण कक्षों में कुल 100 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों की समझ के अनुरूप भाषा और गणित के कौशल विकसित करने के तरीकों की जानकारी दी गयी। शिक्षकों को गतिविधि आधारित एवं प्रभावी शिक्षण विधियों से परिचित कराया गया, ताकि बच्चे विषयों को आसानी से समझ सकें और उनकी सीखने की क्षमता मजबूत हो।

खंड शिक्षा अधिकारी जरवल अरविंद बहादुर सिंह ने कहा कि प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों की बुनियादी भाषा और गणितीय दक्षताओं को मजबूत करने के लिए शिक्षकों को एआरपी सन्दर्भदाताओ द्वारा कक्षा में बच्चों की सहभागिता बढ़ाने, उनकी समझ के स्तर के अनुसार शिक्षण कराने तथा सरल गतिविधियों के माध्यम से विषयों को समझाने के तरीके बताए गए। एसआरजी सुधीर मेहरोत्रा व लर्निंग एंड लैंग्वेज फाउंडेशन के डीसी राहुल सिंह ने शिक्षकों को दृश्य, श्रव्य और स्पर्श आधारित शिक्षण सामग्री के उपयोग के बारे में बताया साथ ही विषय में कमजोर छात्रों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की वार्षिक, मासिक और साप्ताहिक योजनाएं तैयार किये जाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर एआरपी विनय शुक्ल, विनय सिंह, सनत तिवारी, विनय श्रीवास्तव व प्रतिभागी शिक्षक मौजूद रहे।

# कारखाने में लगी भीषण आग से लाखों का सामान जलकर राख




**समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़ बाराबंकी।** सोनिकपुर गांव में बुधवार की देर रात करीब 1:15 बजे श्री शिवकुमार पाठक पुत्र गनेश पाठक के पलेशर व स्पेलर चकिया मशीन कारखाने में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते कारखाने में रखा खली, कड़वा तेल, चावल, गेहूं का आटा, धान, सरसों, भूसी सहित अन्य सामान आग की चपेट में आ गया और बुरी तरह जलकर राख हो गया।

आग इतनी विकराल थी कि कारखाने में खड़ी बाइक, बिजली मीटर तथा अन्य उपकरण भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग की चपेट में आने से पड़ोसी भाई भुक्खन पाठक और भोला पाठक को भी भारी नुकसान हुआ है।

घटना में कारखाना संचालक सहित पड़ोसियों का काफी सामान जलने से आर्थिक क्षति हुई है। आग लगने के कारणों और नुकसान का आकलन अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

# बच्चों को बताया ओजोन परत का महत्व

समृद्धि न्यूज
सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।




कंपोजिट विद्यालय सिरौलीगौसपुर में मंगलवार को विश्व ओजोन दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इको क्लब फार मिशन लाइफ अभियान के तहत हुए इस कार्यक्रम का मकसद बच्चों को ओजोन परत का महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था।

शिक्षक रुद्र प्रताप पाण्डेय ने बच्चों को बताया कि ओजोन परत पृथ्वी के समताप मंडल में है। यह सूर्य से निकलने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों से सभी जीव-जंतुओं की रक्षा करती है। जैसे ऑक्सीजन को प्राणवायु कहते हैं, वैसे ही ओजोन पूरी पृथ्वी का रक्षा कवच है। वायुमंडल में इसकी मात्रा कम है, लेकिन इसका महत्व बहुत ज्यादा है।शिक्षकों ने बच्चों को ओजोन परत के खराब होने के कारण और उसके बुरे नतीजों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्हें ओजोन के लिए अच्छे उत्पाद, जैसे सीएफसी मुक्त उपकरण और पर्यावरण को फायदा पहुंचाने वाली चीजें अपनाने के लिए कहा गया।

इस मौके पर विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण पर नारा लेखन और पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा मिट्टी बचाने, मिट्टी की जांच और पानी बचाने जैसे जरूरी विषयों पर भी बात हुई। बच्चों को बताया गया कि पानी और मिट्टी बचाना भी ओजोन परत को बचाने जितना ही जरूरी है। कार्यक्रम के आखिर में सभी बच्चों ने पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# आशा बहुओं ने मांगों को लेकर भरी हुंकार, किया धरना-प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज
हैदरगढ़ बाराबंकी।



अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आशा व आशा संगिनी द्वारा बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया और मांगे न माने जाने पर दिल्ली तक धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई।

आशा बहू स्वास्थ्य समिति हैदरगढ़ की ब्लाक अध्यक्ष हिमांशी वर्मा व उपाध्यक्ष मीना सिंह के नेतृत्व में आशाओं ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई।

ब्लॉक अध्यक्ष हिमांशी वर्मा ने बताया कि हम यह धरना प्रदर्शन आशाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा व सम्मानजनक वेतन देने की मांग को लेकर कर रहे हैं क्योंकि महिलाओं की स्वास्थ्य सेवा के लिए हम दिन रात काम करते है। यही नहीं सरकार भी हमे स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ की हड्डी मानती है,फिर भी सरकार हमारी सुनवाई नहीं कर रही हैं।

बताया कि आज का हमारा धरना प्रदर्शन सांकेतिक है, यदि हमारी मांगे न मानी गई तो आगामी21 सितम्बर से अनवरत धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। धरना प्रदर्शन में नीलम कुमारी, बबिता सिंह, अंबा देवी, बिंदु सिंह सहित बड़ी संख्या में आशाएं मौजूद रहीं।

# यूपीआई टैक्स से किसान-व्यापारी पर बढ़ेगा बोझ : तनुज पुनिया

समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।



बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित टैक्स को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने का प्रावधान किसान, छोटे व्यापारियों और आम जनता के हित में नहीं है। इससे लोगों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ेगा।

सांसद ने कहा कि खाद, बीज और कृषि से जुड़े सामानों की खरीद में दो हजार रुपये से अधिक के लेनदेन पर शुल्क लगाए जाने की बात कही जा रही है। इससे किसान और व्यापारी असमंजस में हैं। छोटे दुकानदारों और कारोबारियों को आयकर विभाग की ओर से नोटिस आने की भी चिंता रहती है। ऐसे में यूपीआई पर अतिरिक्त शुल्क उनकी परेशानी बढ़ा सकता है।

उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर 2026 से इस व्यवस्था को लागू करने का प्रस्ताव अनुचित है। दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर शुल्क से छोटे व्यापारियों और किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने सरकार से इस पर पुनर्विचार करने की मांग की।

कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि सरकार ने लोकसभा में कई कानून और नियम जल्दबाजी में पारित कराए हैं। उन्होंने यूपीआई टैक्स को ऐसी व्यवस्था बताया, जिससे आने वाले समय में हर वर्ग प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यूपीआई रोजमर्रा के लेनदेन का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है, इसलिए इस पर अतिरिक्त शुल्क का असर व्यापक हो सकता है।

तनुज पुनिया ने कहा कि यूपीआई टैक्स संबंधी प्रावधान समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी लोकसभा में इसका विरोध करेगी और व्यवस्था समाप्त होने तक विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि छोटे दुकानदारों और कारोबारियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ की आशंका को देखते हुए एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) व्यवस्था पर पुनर्विचार किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित हो कि शुल्क का बोझ अप्रत्यक्ष रूप से ग्राहकों पर न पड़े। उन्होंने यूपीआई भुगतान पर आर्थिक भार कम करने, छोटे व्यापारियों को राहत देने और एमडीआर व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग की।

# आसपा ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज, बहराइच।

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिलाध्यक्ष सुहेल के नेतृत्व में बुधवार दोपहर करीब 11 बजे प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सामाजिक न्याय, कानून-व्यवस्था और संवैधानिक अधिकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान की मांग की गई।

पार्टी ने गोंडा और अयोध्या की घटनाओं के साथ बाराबंकी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हुए कथित हमले का मुद्दा उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि एक सितंबर को बाराबंकी के रामनगर क्षेत्र के बुढ़वल में चंद्रशेखर आजाद के काफिले को रोका गया था। इस दौरान पथराव और हिंसक हमले की शिकायत का उल्लेख करते हुए मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई। पार्टी ने सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा को लेकर तत्काल खतरे का आकलन कर आवश्यक सुरक्षा बढ़ाने की मांग रखी। ज्ञापन में लखनऊ के ईको गार्डन में धरना दे रहे पंचायत सहायकों की समस्याओं का जल्द समाधान कराने की मांग भी की गई। इसके अलावा 68,500 शिक्षक भर्ती में पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेश का पालन कर प्रभावित अभ्यर्थियों को नियमानुसार न्याय देने की मांग की गई। सहारनपुर समेत अन्य स्थानों पर धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच और कानूनी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई।

# ससुराल में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

समृद्धि न्यूज, बहराइच।



खैरीघाट थाना क्षेत्र में एक 24 साल की विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह घटना बुधवार सुबह करीब 9 बजे ग्राम परागी बेली चौकसाहार में हुई। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। ग्राम डब्लुपरवा निवासी कृष्ण कुमार यादव ने खैरीघाट थाने में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनकी भतीजी संजू देवी (पुत्री मंसाराम यादव) की ससुराल में संदिग्ध हालात में मौत हुई है। संजू देवी की शादी करीब तीन साल पहले अजय यादव (पुत्र माता प्रसाद, निवासी ग्राम परागी बेली चौकसाहार) से हुई थी। कृष्ण कुमार यादव को बुधवार को संजू की मौत की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रदीप सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। इसके बाद पोस्टमार्टम और दूसरी कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस के मुताबिक, मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और मायके पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# पात्रों तक पारदर्शी ढंग से पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ

- सांसद लालजी वर्मा ने विकास योजनाओं की पकड़ी नब्ज

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।




सांसद लालजी वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक हुई। सांसद ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने, विद्युत एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचाने के निर्देश दिए।

सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विकास कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की गति बढ़ाई जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी तरह की लापरवाही न हो। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों से प्राप्त समस्याओं और सुझावों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में नहरों एवं माइनरों की सफाई के बाद निकली सिल्ट से प्रभावित मार्गों का मुद्दा भी उठा। सांसद ने संबंधित अधिकारियों को मार्गों से सिल्ट हटाकर आवागमन सुचारु कराने के निर्देश दिए। अंबेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण के संबंध में जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। काशीराम कॉलोनी के आवंटन की होगी जांच, जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी अकबरपुर की अध्यक्षता में गठित टीम के माध्यम से आवंटनों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

बैठक की शुरुआत में परियोजना अधिकारी डीआरडीए ने पिछली दिशा बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की। इसके बाद सांसद लालजी वर्मा ने ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, कृषि, राजस्व, पंचायती राज, नगर विकास, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, खनन, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की।

इस दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, ग्रामीण पेयजल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, उज्ज्वला योजना, एकीकृत बाल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान एवं मध्याह्न भोजन योजना समेत कई योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई।

# प्रेमिका को कार से टक्कर मार भागा प्रेमी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



गोमतीनगर विस्तार स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर चार के पास बुधवार सुबह एक युवती को कर सवार में बोनट पर कई मीटर घसीटा उसके बाद कार से टक्कर मारकर भाग गया।

युवती ने पुलिस को दी जानकारी में अपने परिचित युवक पर कार से टक्कर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं वहीं दूसरी तरफ कर चालक को पुलिस ने कुछ ही देर बाद गिरफ्तार कर लिया।


- राजधानी में हिट एंड रन मामला
- यश ठाकुर बन गुराह कराता था शाहनवाज
- लव जेहाद एंगल से भी जांच शुरू

पुलिस के मुताबिक, युवती ने बताया कि वह शहनवाज अली के साथ रिलेशनशिप में थी। बुधवार सुबह वह जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर चार के पास चाय पीने गई थी। इसी दौरान शहनवाज अली अपने दोस्त दानिश और दो अन्य युवतियों के साथ कार से वहां पहुंचा।

युवती का आरोप है कि अन्य युवतियों के साथ संबंध को लेकर विरोध करने पर शहनवाज और दानिश ने उससे विवाद और गाली-गलौज की। इसके बाद दोनों कार लेकर जाने लगे। युवती ने कार रोकने का प्रयास किया तो आरोप है कि शहनवाज ने उसे कार से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया था।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर शहनवाज अली को पकड़ लिया। दानिश की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### शाहनवाज पर हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज



दोपहर में पुलिस की टीमों ने यश ठाकुर उर्फ शाहनवाज को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद उसको गिरफ्तार किया गया। गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने युवती पर कार चढ़ाने वाले युवक शाहनवाज को पकड़ने के साथ उसकी कार भी बरामद कर ली है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवती की ओर से शाहनवाज पर लव जिहाद का आरोप लगाया गया है। आरोप की पुलिस जांच में पुष्टि होना अभी बाकी है।

### घायल युवती का अस्पताल में इलाज जारी

घायल युवती का अस्पताल में इलाज चल रहा है। युवती को आरोपी की गर्लफ्रेंड बताया जा रहा है। युवती के नई गर्लफ्रेंड के साथ युवक के पकड़ने पर विवाद का मामला बताया जा रहा है। युवती का आरोप है कि शाहनवाज ने यश ठाकुर नाम बताकर उसको दोस्ती के जाल में फंसाया। बताया जा रहा है कि युवती और शाहनवाज एक-दूसरे के परिचित हैं। पुलिस के मुताबिक, शाहनवाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# डॉ. दिनेश शर्मा के उपराज्यपाल बनने पर हर्ष

- श्री श्याम परिवार ने दी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल पद पर डॉ. दिनेश शर्मा के शपथ ग्रहण पर श्री श्याम परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को पोर्ट ब्लेयर स्थित लोक निवास, विजयपुरम में आयोजित समारोह में कोलकाता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवींद्र विट्ठल राव घुगे ने डॉ. शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

श्री श्याम परिवार के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने कहा कि डॉ. दिनेश शर्मा का उपराज्यपाल पद पर नियुक्त होना परिवार एवं समाज के लिए गौरव का विषय है। परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, कुशल नेतृत्व एवं जनसेवा की भावना से अंडमान-निकोबार के विकास को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर श्याम परिवार की ओर से अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महामंत्री रूपेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सुधीर गर्ग, निलेश टाटा, पंकज मिश्रा, सुधीश गर्ग, विमर्श रस्तोगी एवं प्रदीप बंसल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### विवादित बयान पर छात्रों ने सौंपा ज्ञापन



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में विगत दिनों आयोजित युवा संसद/युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान डॉ. आमेंद्र रल्लू द्वारा कथित रूप से ऐसा बयान दिया गया, जिसमें कहा गया—अगर अगले 10 वर्षों में हमने स्थितियां नहीं बदलीं तो गर्दनें कटेंगी सबकी। जिसको मत दे नजर रखते हुए एनएसयूआई छात्र सभा एवं बापसा द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त बयान का वीडियो काफी वायरल है जिससे लखनऊ विश्वविद्यालय की क्षवि धूमिल हुयी और विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक एवं लोकतांत्रिक परिसर में अत्यंत गंभीर विषय है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए संवाद, तर्क, असहमति और संवैधानिक मूल्यों का स्थान है। किसी भी मंच से हिंसा अथवा धमकी का संकेत देने वाली भाषा विद्यार्थियों के बीच भय एवं तनाव का वातावरण उत्पन्न कर सकती है।

### जैन धर्म महापर्व दशलक्षण में उमड़े भक्त



**लखनऊ।** जैन धर्म के पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ बुधवार को उत्तम क्षमा धर्म के साथ हुआ। इंदिरा नगर स्थित जैन मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रथम अभिषेक का सौभाग्य पुष्पेंद्र जैन को प्राप्त हुआ, जबकि विश्व शांति की कामना से शांतिधारा करने का सौभाग्य रोहित जैन को मिला। महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि दशलक्षण विधान का भी शुभारंभ किया गया। मंडल जी पर मुख्य कलश स्थापना सुनीता जैन पत्नी प्रदीप जैन ने की। सागर, मध्य प्रदेश से पधारे राजेश शास्त्री के निर्देशन एवं परम पूज्य आचार्य 108 सुबल सागर महाराज के आशीर्वाद से समस्त पूजन क्रियाएं संपन्न हुईं। गायिका शिक्षा जैन ने अपनी सुर लहरी से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। केसरिया-केसरिया आज हमारो रंग केसरिया भजन पर भक्तों ने भक्ति में लीन होकर नृत्य किया। महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि 10 दिवसीय महापर्व में कई भक्त 10 दिनों तक उपवास कर कर्मों की निर्जरा और आत्मसाधना करेंगे। इस अवसर पर सुदीप जैन, अनुराग जैन, अरविंद जैन, आयुष, ऋषभ, भरत, संचित, ऊषा सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

### लकड़ी के बक्शे में मिली युवक की लाश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार को झाड़ियों के किनारे एक लकड़ी के बक्शे में युवक की लाश मिली है। सूचना पर मोहनलालगंज और निगोहां थाना की पुलिस पहुंची और सीमा विवाद में उलझ गई। घटना मोहनलालगंज थाना की निकली। इसके बाद थाना प्रभारी रामबाबू ने बक्सा खुलवाकर शव बाहर निकलवाया और कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। लखनऊ में बुधवार को निगोहां से पहले भावखेड़ा गांव के पास हाईवे किनारे माइनर में लकड़ी के बक्से के अंदर एक अज्ञात युवक का खून से लथपथ शव मिला। ग्रामीणों ने पहले बक्शे को देखा तो उसके पास पहुंच गये, लेकिन जब बक्शे के अंदर युवक का शव पड़ा देखा तो होश उड़ गये। सूचना पाकर निगोहां और मोहनलालगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। लेकिन सीमा विवाद में मामला काफी देर फंसा रहा। इसके बाद लेखपाल को बुलाया गया। लेखपाल ने नपाई कर दोनों थानों की सीमा स्पष्ट की, जिसके बाद मोहनलालगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी रामबाबू ने बताया कि शव करीब दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक की उम्र करीब 32 से 34 वर्ष के बीच है। आसपास के गांवों में लोगों से पूछताछ और मृतक के हुलिए और अन्य विवरण के आधार पर पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुस्ताक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव की शिनाख्त व घटना के सफल अनावरण के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

### 'भारत टैक्सी' को मिलेगा 75 जिलों तक विस्तार

**लखनऊ।** प्रदेश के लोगों की यात्रा सुविधा में अब बड़ी क्रांति आने वाली है। इसके तहत डबल इंजन सरकार प्रदेशवासियों को बड़ी सुविधा देने जा रही है। लखनऊ-कानपुर में सक्रिय 'भारत टैक्सी' मॉडल जल्द ही अन्य जिलों में पहुंचने की तैयारी है। आने वाले समय में इस सुविधा को सभी 75 जिलों तक पहुंचाया जाएगा। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के जरिये इस सुविधा को शहर से गांवों तक पहुंचाने की योजना है। योगी सरकार जल्द ही प्रदेश वासियों को इस सुविधा की सौगात देगी। खास बात ये है कि इसमें बाइक, ऑटो और कैब तीनों तरह की सुविधाएं मिलेंगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस सहकारी टैक्सी मॉडल को प्रदेशव्यापी स्वरूप देने की तैयारी है। खास बात यह होगी कि यात्रियों के लिए जीरो कमीशन और नो-सर्ज प्राइसिंग वाला विकल्प होगा, जबकि चालकों को कारोबार में हिस्सेदार बनाने की अवधारणा है। शहरों के साथ इस मॉडल को गांवों तक पहुंचाया जाएगा।

## राज्यपाल ने विश्वकर्मा पूजा पर प्रदेशवासियों को दी हार्दिक शुभकामनाएं



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को विश्वकर्मा पूजा के पावन पर्व पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, शिल्प, निर्माण और तकनीकी कौशल के प्रतीक हैं। यह पर्व हमें परिश्रम, कर्मनिष्ठा, कुशलता और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कामना की कि भगवान विश्वकर्मा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए तथा प्रदेश विकास और प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़े।

# प्रधानमंत्री सेवा संकल्प अभियान की तैयारियां पूरी

- 17 सितंबर को लखनऊ में शुरू होगा सेवा का विविध अभियान
- अस्पतालों में फल वितरण व रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले 'सेवा और समर्पण के 25 वर्ष–सेवा संकल्प अभियान' को लेकर भाजपा लखनऊ महानगर की तैयारियां पूरी हो गई हैं।

कैसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित तैयारी बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के साथ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

17 सितंबर को प्रातः विभिन्न अस्पतालों में फल वितरण एवं रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। सिविल अस्पताल में प्रातः उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मरीजों एवं तीमारदारों को फल वितरित करेंगे। इसके अलावा महानगर के विभिन्न अस्पतालों में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे।

अभियान के तहत लखनऊ महानगर के सभी बूथों पर दो सौ लाभार्थियों के घर पर आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके साथ ही 10 प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित होगा। राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर (संभावित) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा झूलेलाल वाटिका में संगठन महामंत्री धर्मपाल एवं सेंट्रल पार्क समर विहार पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम होगा।

वहीं विश्वविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी उपस्थित रहेंगे। महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा, रक्तदान, फल वितरण और दीप प्रज्ज्वलन सहित अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से अभियान को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा।

मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि बैठक में महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सत्येंद्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, दीपू शुक्ला, सौरभ वाल्मीकि, योगेंद्र पटेल, कुमकुम चौधरी, सीता नेगी, मंत्री अर्चना साहू, चंद्र प्रकाश अवस्थी एवं राजेश चौधरी सहित महानगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## युवा सांसद मामले में पांच छात्र निलंबित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** एलयू प्रशासन ने नौ सितंबर को युवा संसद कार्यक्रम के दौरान छात्राओं से अभद्रता और छेड़खानी के मामले में पांच छात्रों को जांच पूरी होने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके आवंटित कमरों का आवंटन निरस्त कर विश्वविद्यालय की सभी सुविधाओं से वंचित कर दिया गया है। निलंबित छात्रों के उमंग परिसर में प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई है। कुलानुशासक कार्यालय की ओर से 16 सितंबर को जारी आदेश के अनुसार, मुख्य परिसर स्थित एपी सेन सभागार में युवा संसद के दौरान छात्रोचित मर्यादाओं के विपरीत आचरण का मामला सामने आया था। चेयरपर्सन, आंतरिक शिकायत समिति की अंतरिम रिपोर्ट की संस्तुति के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। निलंबित छात्रों में बीए (एनईपी) तृतीय वर्ष के दिव्यांश अवस्थी, अनुराग कुमार यादव (अनुराग चौधरी), नितिन पांडेय और अखिलेश प्रताप यादव तथा पीएचडी (राजनीतिशास्त्र) के शरद मिश्रा शामिल हैं। सभी को तीन कार्य दिवस में कुलानुशासक कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

## पीएम मोदी के जन्मदिन से पहले भाजपा पदाधिकारियों ने देखी 'हनुमान अंश'



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से एक दिन पहले बुधवार को लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों ने प्रोमिनेंट मॉल में 'हनुमान अंश' फिल्म देखी। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक विशाल श्रीवास्तव, देवा, रवि भारती, अनिल, सत्येंद्र, धनंजय, प्रेम और दिनेश समेत कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भारतीय केसरिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी मनोज श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। भारतीय केसरिया वाहिनी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं प्रचार प्रमुख डॉ. सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि 'हनुमान अंश' केवल फिल्म देखने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना से जुड़ने का अवसर रहा।

उन्होंने कहा कि हनुमान जी शक्ति, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं। उनके जीवन से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति केवल बैठकों और कार्यक्रमों में नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच आपसी विश्वास और आत्मीयता से मजबूत होती है।

डॉ. श्रीवास्तव ने आयोजन के लिए मनोज श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता और कार्यक्रम संयोजक विशाल श्रीवास्तव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दायित्वों से अलग कार्यकर्ताओं ने एक साथ समय बिताया, जिससे संगठनात्मक आत्मीयता और मजबूत हुई।

# अलकायदा से जुड़ा आतंकी तमिलनाडु से गिरफ्तार

- यूपी एटीएस ने पाकिस्तान कनेक्शन का किया खुलासा
- पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में था मकसूद अली

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने आतंकी संगठन अलकायदा इन इंडियन सब कॉटीनेंट (एक्यूस) की विचारधारा से जुड़े एक संदिग्ध मकसूद अली को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है। इस मॉड्युल से जुड़े होने के आरोप में अब तक दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बुधवार को बताया कि कुछ लोग सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर ग्रुप बनाकर, देश विरोधी गतिविधियों की षडयंत्र रच रहे हैं। एटीएस ने कार्रवाई करते हुए आजमगढ़ से एक अभियुक्त मोहम्मद नबील को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने कई बातें सुरक्षा जांच एजेंसियों को बतायी, जिसके बाद कार्रवाई की जा रही थी। इसी क्रम में अभियुक्त का एक साथी मूलरूप से सिद्धार्थनगर निवासी मकसूद अली को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है।



आतंकी मकसूद अली

पूछताछ में पता चला है कि मकसूद पूर्व में गिरफ्तार हुए नबील और अन्य लोगों के साथ मिलकर भारत के विरुद्ध हिंसात्मक जेहादी घटनाओं को अंजाम देने के लिए साजिश रच रहा था। इसके लिए मकसूद पाकिस्तान के हैकरों के संपर्क में रहते हैकिंग टूल बनाने का प्रयास कर रहा था।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसने पायथन, जावा, कोडिंग एवं हैकिंग का ज्ञान आनलाइन संसाधनों इंस्टाग्राम, यूट्यूब, टेलीग्राम व विभिन्न व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से सीखा है। मकसूद ने इस मकसद को पूरा करने के लिए कैप्टल एम नेटवर्क नाम का एक सेक्योर एप्लीकेशन भी बनाया था। इसी एप के जरिए नबील, मकसूद और अन्य लोग जुड़े थे।

मकसूद दो व्हाटसअप एकाउंट चला रहा था, जिसमें कई ग्रुप हैं, जिनमें पाकिस्तानी हैकर समेत कई अन्य पाकिस्तान नंबर जुड़े हुए हैं। इन्हीं ग्रुप के जरिए जेहादी व कट्टरपंथी विचारधारा को प्रसारित किया जा रहा था। एक ग्रुप में प्रतिबंधित आतंकी संगठन एक्यूस से संबंधित साहित्य व बम बनाने के वीडियो साझा किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त को ट्रांजिड रिमांड पर लाकर लखनऊ न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्यवाही की जा रही है।

## मोदी के जन्मदिन से पहले महंगाई का तोहफा : अजय

- यूपीआई पर शुल्क को लेकर अजय राय का केंद्र पर हमला

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाए जाने के दावे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से पहले जनता के लिए महंगा तोहफा बताते हुए प्रस्तावित व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की मांग की।

बुधवार को जारी बयान में अजय राय ने कहा कि केंद्र सरकार ने



2,000 रुपये से अधिक के कुछ व्यापारिक यूपीआई लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाए जाने का फैसला किया है। कांग्रेस नेता के मुताबिक यह शुल्क 15 अक्टूबर से प्रभावी होने का दावा किया जा रहा है।

राय ने कहा कि सरकार भले ही शुल्क का सीधा भार ग्राहकों पर नहीं डालने की बात कहे, लेकिन व्यापारियों पर पड़ने वाला अतिरिक्त खर्च अंततः वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी के रूप में उपभोक्ताओं तक पहुंच सकता है। इससे छोटे दुकानदारों, मजदूरों, छात्रों और आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। उन्होंने दावा किया कि यह कदम अमेरिकी कंपनियों के हितों को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र से यूपीआई पर किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लगाने और प्रस्तावित व्यवस्था वापस लेने की मांग की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाकर शुल्क के खिलाफ आवाज उठाएगी।

## गन्ना किसानों को 102 चीनी मिलों ने किया शत-प्रतिशत भुगतान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पेराई सत्र 2025-26 में 102 चीनी मिलों ने गन्ना किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया। वहीं 23 सहकारी चीनी मिलों ने 2820 करोड़ का भुगतान किया है। प्रदेश में संचालित राज्य चीनी निगम की तीन मिलों ने पेराई सत्र 2025-26 में 543.51 करोड़ का भुगतान किया है। निजी चीनी मिलों की ओर से भी किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश निरंतर सर्वाधिक गन्ना मूल्य भुगतान करने वाला राज्य बना हुआ है। योगी सरकार ने अब तक गन्ना किसानों को 3.25 लाख करोड़ का भुगतान किया। उत्तर प्रदेश गन्ना उत्पादन, शीरा उत्पादन और एथेनॉल उत्पादन में देश में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।

## पुस्तक महोत्सव

### 'लेखक से मिलिए' में डॉ. हरिओम ने साझा किए साहित्यिक अनुभव

# साहित्य, बाल गतिविधियों व रचनात्मकता का दिखा संगम

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ग्राउंड में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव के पांचवें संस्करण (12-20 सितंबर 2026) के पांचवें दिन साहित्य, कहानी, रंगमंच, विज्ञान और कविता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। चिल्ड्रन्स कॉर्नर में करीब 1,100 विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया, जबकि 'लेखक से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसिद्ध लेखक एवं आईएएस अधिकारी डॉ. हरिओम ने साहित्य और अपने लेखन अनुभवों पर पाठकों से संवाद किया।

इसके बाद रंजीता और राहुल ने 'रंगमंच-कल्पना और अभिनय' सत्र के माध्यम से बच्चों को अभिनय की बारीकियों से परिचित कराया। बच्चों ने अभिनय, आवाज के उतार-चढ़ाव, भाव-भंगिमा और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रंगमंच को समझा और उसका अभ्यास किया।



इसके बाद विज्ञान से जुड़े सत्र में प्रयोगों और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को वैज्ञानिक सोच और विज्ञान की अवधारणाओं को सरल एवं रोचक तरीके से समझाया गया।

सत्र का समापन 'राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय एवं कविता पाठ' सत्र से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने नागार्जुन, कबीर और रवींद्रनाथ टैगोर सहित विभिन्न कवियों की रचनाओं का भावपूर्ण पाठ किया। सभी प्रतिभागियों को एनबीटी की पुस्तकें, राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय की ओर से उपहार और उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

महोत्सव के अंतर्गत दोपहर 2:30 से 3:15 बजे तक 'लेखक से मिलिए' कार्यक्रम के तहत 'सृजन, साहित्य और संवेदना का संवाद' विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। प्रसिद्ध लेखक एवं आईएएस अधिकारी डॉ. हरिओम ने पाठकों और साहित्यप्रेमियों के साथ अपने लेखन, साहित्यिक अनुभवों और रचनात्मक यात्रा पर संवाद किया। कार्यक्रम का समन्वय राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के हिंदी संपादक डॉ. ललित किशोर मंडोरा ने किया।

डॉ. हरिओम ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए साहित्य के लिए समय निकालना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन समाज और लोगों से जुड़ाव उनके लेखन को निरंतर अनुभव और विषय देता रहा है। उन्होंने कहा कि उनके लेखन में उनके जीवन और समाज से जुड़े अनुभवों की झलक दिखाई देती है।

अपने साहित्यिक सफर के बारे में उन्होंने बताया कि उनकी कई पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और उनकी तीन पुस्तकों का अनुवाद भी हुआ है। उन्होंने कहानी, उपन्यास और किस्सागोई सहित विभिन्न विधाओं में आगे भी लिखने की इच्छा व्यक्त की। साहित्य के साथ अपने संगीत प्रेम का उल्लेख करते हुए डॉ. हरिओम ने अपनी मधुर आवाज में कई गीत भी प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

'लेखक से मिलिए' सत्र ने पाठकों और साहित्यप्रेमियों को लेखक के विचारों, अनुभवों और रचनात्मक प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर दिया।

# गो सम्मान अभियान की संगोष्ठी आयोजित

समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद



श्री गोपेश्वर गौशाला, मलिहाबाद में 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत एक भव्य सुगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृष्णायन गौधाम (उत्तराखंड) के परम पूज्य अच्युतानंद जी महाराज, परम तपस्वी समग्र देव महाराज, सनातन केसरी, साध्वी राधिका दीदी और अभियान के राष्ट्रीय प्रचारक आदेश सोनी सहित कई प्रमुख संत व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।अभियान का लक्ष्य और आगामी चरण सुगोष्ठी के दौरान पूज्य अच्युतानंद महाराज ने बताया कि अभियान के पहले चरण में 27 अप्रैल को 5 करोड़ और दूसरे चरण में 27 जुलाई को 20 करोड़ से अधिक हस्ताक्षर प्रधानमंत्री को सौंपे गए थे। अब अभियान का तीसरा चरण देशभर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें उत्तर प्रदेश के लिए 14 दिसंबर तथा पूरे भारत के लिए 17 दिसंबर की तिथि तय की गई है। इस चरण का मुख्य लक्ष्य 51 करोड़ हस्ताक्षरों के साथ शासन को विनती-पत्र सौंपना और गौमाता राष्ट्रमाता के भाव को स्थापित करना है।

- 51 करोड़ हस्ताक्षर व गौराष्ट्र की मांग के साथ तीसरे चरण की तैयारी

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 14 दिसंबर को 3 लाख से अधिक गौभक्तों के जुटने का आह्वान किया गया है। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह कोई प्रदर्शन, आंदोलन या विरोध नहीं होगा। गौभक्त राम संकीर्तन करते हुए पूर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से मुख्य सचिव के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को विनती-पत्र सौंपेंगे। देश के अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों में भी ऐसे ही आयोजन प्रस्तावित हैं। संतों ने कहा कि गावो विश्वस्य मातरः का संदेश केवल किसी एक धर्म या समुदाय तक सीमित नहीं है। गौ संरक्षण और गौ सम्मान मानवता तथा सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा विषय है, जिसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी समुदायों की सहभागिता आवश्यक है।

# कृषि योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाएं: जिलाधिकारी

**विकास भवन सभागार में किसान दिवस आयोजित**

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

विकास भवन सभागार में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी सहित कृषि एवं कृषि से संबंधित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों, कृषक प्रतिनिधियों एवं 33 प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनका प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु बीमा योजना के अंतर्गत दी जाने वाली धनराशि में वृद्धि किए जाने के संबंध में शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। कार्बन क्रेडिट के संबंध में प्रेजेंटेशन उपलब्ध न कराने पर जिलाधिकारी ने डीएफओ का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर द्वारा विगत किसान दिवस में किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं उनके निस्तारण की स्थिति से अवगत कराते हुए की गई। उन्होंने किसानों को रबी सत्र 2026-27 के लिए अनुदान पर बीज एवं निःशुल्क बीज मिनी किट प्राप्त करने हेतु बुकिंग प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग की वेबसाइट के माध्यम से कोई भी भू-धारक कृषक बीज प्राप्त करने के लिए स्वयं ऑनलाइन बुकिंग कर सकता है। इसके अलावा किसान अपने नजदीकी कृषि विभाग कार्यालय अथवा राजकीय कृषि बीज भंडार पर कार्यालय समय में पहुंचकर भी बुकिंग करा सकते हैं। ई-



लॉटरी के माध्यम से चयनित किसानों के मोबाइल फोन पर शीघ्र ही संदेश प्राप्त होगा, जिसके आधार पर वे अपने विकासखंड के राजकीय कृषि बीज भंडार से तोरिया मिनीकिट बीज प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने किसानों से समय से बुकिंग कराकर योजना का लाभ उठाने की अपील की। जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि किसानों को एट-सोर्स पर अनुदान की कार्यवाही कृषि विभाग द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत किसान अपने विकासखंड की कृषि रक्षा इकाई से रसायन खरीदने के बाद केवल कृषक अंश का भुगतान करेंगे। कृषि वैज्ञानिक डॉ. महेश कुमार ने हाल में हुई बारिश के बाद फसलों के बचाव एवं प्रबंधन के संबंध में किसानों को आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धान की फसल की अंतिम अवस्था में बालियां सूखने पर प्रोफेनोफॉस साइपरमेथ्रिन (40:40:) का 250 मिलीलीटर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव किया जा सकता है। गोभ दुग्ध अवस्था में टेबूकोनाजोल, प्रोपीकोनाजोल अथवा हेक्साकोनाजोल 400 मिलीलीटर प्रति एकड़ की दर से प्रिकॉशनरी छिड़काव करने की सलाह दी गई। रोग का प्रकोप होने पर क्लोरोथैलोनिल का छिड़काव करने की जानकारी दी गई। उन्होंने किसानों को बताया कि तिलहनी फसलों की बुआई के लिए 15 सितंबर से उपयुक्त समय प्रारंभ हो जाता है। उन्होंने 8 से 10 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर बीज दर रखने तथा लाइन-टू-लाइन 30 सेंटीमीटर एवं प्लांट-टू-प्लांट 15 सेंटीमीटर की दूरी बनाए रखने की सलाह दी। तिलहनी फसलों में डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट के प्रयोग की सलाह देते हुए बताया कि इसमें फास्फोरस के साथ सल्फर एवं कैल्शियम भी पाया जाता है, जिससे तेल की मात्रा एवं गुणवत्ता में वृद्धि होती है। किसानों को बीजोपचार अवश्य करने की सलाह दी गई। पत्तियों पर धब्बे दिखाई देने पर मैंकोजेब/ कार्बेंडाजिम तथा माहू/छेपा कीट के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड के छिड़काव की जानकारी दी गई। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने किसानों को पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराएं, जिसके बाद विभाग द्वारा आवेदन को ऋण के लिए बैंक को अग्रसारित किया जाता है। उन्होंने बताया कि छोटे एवं सीमांत किसानों को मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के अंतर्गत 6 लाख रुपये तक का दीर्घकालीन ऋण 6 प्रतिशत की रियायती वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त खाद्य प्रसंस्करण उद्योग अथवा मूल्य संवर्धन इकाइयों के लिए परियोजना लागत पर 35 से 50 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है, जो डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भेजा जाता है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को लंपी स्किन रोग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि टीकाकरण अभियान प्रारंभ हो चुका है तथा पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अभियान का लाभ उठाने की अपील की। बैठक में उप कृषि निदेशक पुरुषोत्तम कुमार मिश्र, जिला गन्ना अधिकारी अनिल कुमार भारती, भूमि संरक्षण अधिकारी (गोमती) रामप्रकाश राणा, सहायक अभियंता नलकूप नरोत्तम लाल दिवाकर, जिला प्रबंधक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शमी आलम सहित संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कृषक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने सभी प्रतिभागी अधिकारियों एवं कृषकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसान दिवस कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## हत्या मामले में फरार प्रधानपति समेत दो आरोपियों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

तिलहर थाना क्षेत्र के शहबेगपुर गांव में हुई हत्या के मामले में करीब एक माह से फरार चल रहे दो आरोपियों पर एसपी ने 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इनमें ग्राम प्रधानपति सुरेंद्र और वीपी पुत्र नन्दराम शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, 13 अगस्त को शहबेगपुर गांव में सुरेंद्र कुमार की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों ने आरोप लगाया था कि गांव में कथित शराब बिक्री का विरोध करने को लेकर सुरेंद्र कुमार और उसके परिवार से प्रधानपति नाराज चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते सुरेंद्र कुमार को घर बुलाकर प्रधानपति ने साथियों के साथ लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मामले में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि प्रधानपति सुरेंद्र और वीपी पुत्र नन्दराम फरार हो गए। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने न्यायालय से 10 सितंबर को वारंट भी प्राप्त किया और संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। इसके बावजूद दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने दोनों की गिरफ्तारी के लिए 10-10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि आरोपियों के संबंध में कोई विश्वसनीय जानकारी मिलने पर तत्काल नजदीकी थाने या पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले को नियमानुसार घोषित पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता सदस्यता अभियान चला



**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के निर्देश पर छात्र–नौजवान पीडीए जागरूकता सदस्यता अभियान के अंतर्गत समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया के नेतृत्व में गाँधी फैज–ए–आम महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र–छात्राओं को स्वाभिमान पीडीए पोर्टल के माध्यम से समाजवादी पार्टी की ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कराई। यह सदस्यता अभियान 15 सितम्बर से 22 सितम्बर 2026 तक चलेगा। इस अवसर पर प्रसून कुमार कनौजिया, विपेन्द्र यादव, चैधरी सौमित्र यादव, सुबहान खान, समाजवादी छात्र सभा कॉलेज के इकाई अध्यक्ष सैय्यद अमान,मोहम्मद शाहनवाज, रेहान खान, अमन गुर्जर, अंश गुप्ता, आर्यन, मोहम्मद फराज, अनस, सुशांत मिश्रा, अमन शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### 14 वर्षीय किशोर रामगंगा में डूबा, दूसरे दिन मिला शव

**गढ़िया रंगीन, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव रपड़िया नवादा में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे शौच के लिए गया 14 वर्षीय किशोर नदी में डूब गया। मृतक की पहचान विकास पुत्र ओमपाल के रूप में हुई है। बताया गया कि विकास सोमवार सुबह नदी किनारे गया था, तभी पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। परिजनों और ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी ओम प्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराई, लेकिन अंधेरा होने के कारण शव नहीं मिल सका। मंगलवार को थाना प्रभारी ने एनडीआरएफ टीम बुलाकर रामगंगा नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। काफी मशक्कत के बाद किशोर का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार विकास पांच भाइयों में सबसे छोटा था।

### सांड की टक्कर से बाइकसवार युवक घायल

**तिलहर – शाहजहांपुर।** बाईक सवार के अचानक सामने अचानक सांड आ जाने से बाईक टकराने से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में सीएचसी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मंगलवार देर रात नगर के बारह पत्थर निवासी अभिषेक पुत्र नेम पाल 24 बाईक से घर जा रहे थे। मोहल्ले में ही बाईक के सामने अचानक सांड आ जाने से बाईक सांड से जा टकराई। जिससे अभिषेक गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया ! जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हाँलाकि परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए।

### पेट्रोल में मिलावट की शिकायत, सभी पंपों की जांच की मांग

**शाहजहांपुर।** पेट्रोल में मिलावट की शिकायतों को लेकर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर मिलने वाले ईंधन की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि पेट्रोल में मिलावट की शिकायतों के कारण वाहन स्वामियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मिलावटी ईंधन से वाहनों के इंजन को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। उन्होंने पेट्रोल पंपों पर ईंधन की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने और मानक के विपरीत ईंधन मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही व्यापारियों ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई की मांग उठाई। उनका कहना था कि मिलावटी खाद्य पदार्थ लोगों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। इसलिए संबंधित विभागों को नियमित अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने लेने और जांच कराने की जरूरत है। व्यापारियों ने कहा कि पेट्रोल पंपों और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को केवल विशेष अभियानों तक सीमित न रखकर नियमित प्रक्रिया बनाया जाए। ज्ञापन देने के दौरान उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

### नाबालिग किशोरी से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार



**तिलहर – शाहजहांपुर।** दस दिन पूर्व घर में घुसकर नाबालिग लड़की से बलात्कार किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बतादें कि क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 14 सितंबर को दर्ज करायी रिपोर्ट में कहा था कि बीती पांच सितम्बर को उसकी पत्नी मायके गयी थी! घर में उसकी नाबालिग बेटी अकेली थी। आरोप है कि गांव खानपुर निवासी आकाश पुत्र झड़ी सिंह ने घर में घुसकर बेटी के साथ बलात्कार किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। वह बाहर रहकर मजदूरी करता है। उक्त मामले में बलात्कार व पॉस्को एक्ट के आरोपी आकाश सिंह को पुलिस ने बुधवार सुबह करीब सात बजे गुरुनानक सेवा अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## हिन्दी का विकास-संवर्धन हमारी साझा जिम्मेदारी



**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित 'हिंदी सप्ताह' के तीसरे दिन सुलेख एवं हिंदी भाषा एवं साहित्य प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।सुलेख प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर की ईशा आरजू को प्रथम,बीए प्रथम सेमेस्टर के मो. जुबैर को द्वितीय तथा बीए प्रथम सेमेस्टर के गौरव को तृतीय एवं बीए पंचम सेमेस्टर के फरमान खान को सांत्वना पुरस्कार मिला।हिंदी भाषा एवं साहित्य प्रश्नोत्तरी में एमए हिंदी की प्रियतमा बौद्ध को प्रथम, एमएड द्वितीय वर्ष के नीलेश कुमार चैबे तथा बीए प्रथम सेमेस्टर के संदीप को द्वितीय एवं बीए पंचम सेमेस्टर के फरमान खान को तृतीय स्थान और बीए प्रथम सेमेस्टर के गौरव को सांत्वना पुरस्कार मिला।विजेता प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान ने कहा कि हिन्दी हमारी आत्मीय अभिव्यक्ति, साहित्यिक समृद्धि और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। हिन्दी देश के विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों को आपसी प्रेम, संवाद एवं एकता के सूत्र में जोड़ती है। हिन्दी का विकास और संवर्धन हमारी साझा जिम्मेदारी है। हिंदी विभाग के प्रो मो. साजिद खान, प्रो मो. अरशद खान, डॉ दरख्शाँ बी, डॉ शमशाद अली, डॉ मो. काशिफ नईम तथा डॉ परवेज मुहम्मद तथा डॉ शीनुल इस्लाम मलिक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम संचालन डॉ निजामुद्दीन खान ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ मौजूद रहे।

## जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति व जिला मिशन समिति की बैठक आयोजित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति एवं जिला मिशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक पुवायां चेतराम भी उपस्थिति रहे। बैठक में पंडित दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में चयनित क्षेत्रों में भूमि एवं जल संरक्षण से संबंधित कार्य कराए जाने पर चर्चा की गई। योजना के अंतर्गत समोच्च रेखीय बाँध, मार्जिनल बाँध, पेरीफेरल बाँध एवं समतलीकरण के कार्यों हेतु 225.70



हेक्टेयर के भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष 57.81716 लाख की धनराशि का अनुमोदन समिति द्वारा प्रदान किया गया। इसी प्रकार, मनरेगा के अंतर्गत जल भराव क्षेत्र उपचार हेतु 100 हेक्टेयर के भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष 12.43 लाख तथा मनरेगा के अंतर्गत 150 लाख की धनराशि के अनुमोदन पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, सहायक प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक, जिला उद्यान अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

## इंजेक्शन लगने के बाद छह वर्षीय बालक की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**पुलिस पर भी उत्पीड़न का आरोप, अस्पताल सील, मुकदमा दर्ज**

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।





थाना क्षेत्र के मियापुर पैगापुर में इलाज के दौरान छह वर्षीय बालक की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर शिवसरन लाल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। घटना के बाद बुधवार को परिजनों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह यातायात व्यवस्था सामान्य कराई। परिजनों ने पुलिस पर भी उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पीलीभीत जनपद थाना करेली के गांव पसियापुर निवासी राजीव कुमार ने बताया कि वह अपने छह वर्षीय बेटे आरब को इलाज के लिए मियापुर पैगापुर स्थित एक अस्पताल ले गए थे। आरोप है कि वहां डॉक्टर ने बच्चे को इंजेक्शन लगाने के साथ बोतल चढ़ाई। इसके बाद बच्चे के मुंह से झाग आने लगा और कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार बच्चे का शरीर ठंडा पड़ गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद परिजनों ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। राजीव कुमार की तहरीर पर पुलिस ने डॉक्टर शिवसरन लाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुवायां एसडीएम ने बताया कि अब यातायात सामान्य है। संबंधित अस्पताल को सील कर दिया गया है तथा आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजी जा रही है। क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक ने बताया कि बच्चे की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अस्पताल को भी सील कर दिया गया है।

## सालों बाद दिव्यांग आफिस में स्थायी अधिकारी की तैनाती



**शाहजहांपुर।** सालों बाद आखिरकार जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय में शासन से स्थायी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी की स्थायी तैनाती कर दी गई है। जिससे विभागीय योजनाओं को रफ्तार और आने वाली जनता, दिव्यांगों को मिलेगी। नवागत जिला दिव्यांगजन अधिकारी सृष्टि जायसवाल ने विकास भवन स्थित दिव्यांगजन आफिस में आकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के बाद बताया कि उनकी प्राथमिकता रहेगी कि शासन की योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुंचे। दिव्यांगों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसको विशेष ध्यान रखा जाएगा। नवागत दिव्यांगजन अधिकारी सृष्टि ने बताया कि सुबह 10–12 बजे तक जनता दरबार में हर आने वाली शिकायत का निस्तारण ससमय होगा। 3–7 साल के दिव्यांग बच्चों के लिए रेती में बचपन डे केयर की स्थापना की जा रही है। जल्द वहां पर स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। कटरा विधानसभा से दिव्यांग उपकरण के आवेदन कम आए हैं, पात्र आवदेकों से जल्द जल्द आवेदन आनलाइन कराकर विभाग द्वारा मिलने उपकरण मिल सकें। सृष्टि ने बताया कि उनका गृह जनपद अयोध्या है, और शाहजहांपुर में उनकी यह पहली पोस्टिंग है।

## ओटीएस में अब 18 लाख रुपए टैक्स की वसूली, नगरायुक्त की अपील



**नगरायुक्त बोलीं- ओटीएम स्कीम लाभ उठाने को 14 नवम्बर तक करें आवेदन**

**शाहजहांपुर।** नगर निगम द्वारा महानगरवासियों को टैक्स में राहत देने के उद्देश्य से एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस स्कीम) चलाई जा रही है। जिसके क्रम में निगम द्वारा अभियान चलाकर नागरिकों से टैक्स वसूली कराई जा रही है। ओटीएस की जानकारी देते हुए नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी ने बताया कि अब तक 2257 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 698 आवदेनों को स्वीकार किया गया है। ओटीएस में अब तक 18 लाख वूसली की गई है, जिसमें से 11 लाख रुपए माफ किया गया है। जिन लोगो ने आवेदन ओटीएस के अंतर्गत किया था, उनको लाभ दिया गया है। ओटीएस के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति जिसने टैक्स जमा किया उसके 1600 रुपये माफ हुए है। नगरायुक्त ने नगरवासियों से अपील की है कि योजना का लाभ 14 नवम्बर तक आवदेन कर सकते हैं, इसके लिए आनलाईन आवदेन वेबसाइट पर हो रहे हैं। किसी तरह की दिक्कत आने पर सीधे नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही टैक्स संबंधित अन्य समस्याओं को लेकर किसी भी कार्यदिवस में आकर नागरिक हमसे सपर्क कर सकते हैं।

## नेत्रहीन चंदन की मदद को एक्सईएन ने दिया हरसंभव मदद का भरोसा

**बच्चे की पीड़ा सुन हुए भावुक, बोले- बच्चे के इलाज का भी करेंगे प्रयास**

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



ओसीएफ मंदिर के सामने जमीन में पन्नी डालकर रह रहे नौ वर्षीय जन्म से नेत्रहीन चंदन सिंह और उसके बुजुर्ग पिता रक्षपाल की स्थिति जानकर पीडब्ल्यूडी एक्सईएन रथिन सिन्हा मदद के लिए पहुंचे। वह चंदन के लिए कपड़े, मिठाई और फल-फ्रूट समेत जरूरत का सामान लेकर पहुंचे। मासूम की हालत देखकर एक्सईएन भावुक हो गए और उन्होंने बच्चे व उसके पिता से बातचीत कर उनकी परेशानी जानी। चंदन जन्म से नेत्रहीन है और करीब आठ वर्ष पहले उसकी मां का निधन हो चुका है। अब बुजुर्ग पिता ही उसका सहारा हैं। परिवार के पास रहने के लिए अपना घर नहीं है। दोनों काफी समय से मंदिर के सामने पन्नी डालकर जीवन गुजार रहे हैं। पिता बेटे के लिए सुरक्षित छत और बेहतर जीवन की गुहार लगा रहे हैं। एक्सईएन रथिन सिन्हा ने कहा कि चंदन का इलाज कराने का प्रयास किया जाएगा। उसकी आंखों की जांच और उपचार की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चे के लिए आगे भी जिस तरह की जरूरत होगी, उसमें हरसंभव सहयोग किया जाएगा। एक्सईएन की पहल से मासूम और उसके पिता को राहत मिली है। बता दें कि पीड़ित पिता इससे पहले डीएम दरबार व ददरौल विधायक से मिलकर मदद की दरकार की है। हालांकि डीएम द्वारा बुजुर्ग पिता व बच्चे के रहने के लिए गांव में ही जमीन की उपलब्धता कराने का आश्वासन दिया है। इसको लेकर प्रधान द्वारा भी लिखित में लेटर दिया गया है।

## चिकित्सक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के जपनापुर गाँव निवासी संतोष के बेटे की अमन की मौत के मामले में रोजा पुलिस ने चार दिन बाद पिता की तहरीर के आधार पर चिकित्सक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं।बता दें वायरल फीवर से पीड़ित अमन का इलाज क्षेत्र के मुकरमपुर में झोलाछाप चिकित्सक रविंद्र के अस्पताल में चल था। वही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतक अमन के पिता संतोष कुमार ने दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को उनके नाबालिग बेटे अमन को बुखार आने पर वह मुकरमपुर में रवींद्र के असताल लेकर गए। डॉक्टर ने दवा

**पिता की तहरीर पर चार दिन बाद रिपोर्ट दर्ज, पिता बोला- न्याय चाहिए**

और इंजेक्शन लगाकर रात लगभग बारह बजे घर भेज दिया। तबियत में सुधार न होने पर शनिवार की सुबह डॉक्टर ने अस्पताल बुलाया। वहां पर फिर से दवा देकर इंजेक्शन लगाया। जिसके एक घंटे बाद बेटे अमन की मौत हो गई थी। जिसके बाद डॉक्टर अस्पताल छोड़कर भाग गया। घटना के स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सक के अस्पताल में नोटिस देकर अस्पताल बंद कर दिया था। इसके बाद चिकित्सक बचाव के लिये राजनेताओं की शरण में चला गया, लेकिन वहां से आश्वासन नहीं मिला। इसके बाद रोजा पुलिस ने मंगलवार को पिता संतोष के तहरीर के आधार पर डॉक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि चिकित्सक के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई हैं।

## बिजली की मार से ग्रामीण उपभोक्ता परेशान बिल वसूली तेज लेकिन आपूर्ति व्यवस्था बदहाल

- **रात में फॉल्ट होने पर शिकायत नंबर नहीं उठने का आरोप**
- **मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतों के बावजूद नहीं सुधरी व्यवस्था**

समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।

> एसएसओ का कार्य उप केंद्र पर कॉल को अटेंड करने का है ब 8 घंटे विद्युत सप्लाई को लगाने का है अपनी बिना सोए हुए ड्यूटी को करेगा यदि उसके द्वारा कोई अनियमितता की गई है तो जांच कर उसकी सेवा समाप्त की जाएगी।
> –पुनीत निगम, अधिशासी अभियंता

ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता इन दिनों दोहरी परेशानी से जूझ रहे हैं। एक ओर बिजली के बिलों के नाम पर लगातार कनेक्शन काटे जाने की कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। इससे ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विद्युत उपकेंद्र खुटार पर तैनात कर्मचारियों की ड्यूटी 24 घंटे रहती है, लेकिन रात्रि के समय कर्मचारी कथित रूप से लापरवाही बरतते हैं। रात में विद्युत फॉल्ट होने पर उपकेंद्र के शिकायत नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया जाता है, तो कई बार फोन उठाने तक की जहमत नहीं उठाई जाती। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली बिल जमा न होने पर कनेक्शन काटने में विभाग तत्परता दिखाता है, लेकिन आपूर्ति व्यवस्था सुधारने और शिकायतों के त्वरित निस्तारण में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बावजूद विद्युत उपकेंद्र खुटार की व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से रात्रिकालीन ड्यूटी व्यवस्था की जांच कराकर लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## विद्यार्थी पर्यावरण के प्रति रहें संवेदनशील: प्रो. चारग

**अभिनव, अथर्व व आदित्य रहे प्रतियोगिताओं में अव्वल**

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के द्वारा विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर एक लघु संगोष्ठी एवं इसके साथ ही पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रोफेसर अजीत सिंह चारग ने कहा कि जो वक्त अभी है, वह दोबारा लौटकर नहीं आएगा। इसलिए विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पर्यावरणीय चुनौतियों को गंभीरता से समझते हुए उनके निदान के लिए सकारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ओजोन क्षरण, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा एवं प्रत्येक उस ज्वलंत मुद्दे के प्रति संवेदनशील होना चाहिए जोकि उनके जीवन को प्रभावित करता है। ऐसा करने पर ही उनकी कैम्पस लाइफ सार्थक हो सकेगी। विज्ञान संकाय के प्रभारी डॉ आलोक कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को ओजोन परत के महत्व एवं इसे क्षति पहुंचाने वाले कारकों के विषय में विस्तार से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जीवनशैली को इस तरह से व्यवस्थित करना चाहिए कि हमारी कोई भी गतिविधि पर्यावरण के नुकसान का कारण न बने। वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ आदर्श पाण्डेय एवं जंतु विज्ञान के डॉ रमेश चंद्रा ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। रसायन विभाग के सहायक प्राध्यापक चंदन गोस्वामी के संयोजन में आयोजित हुए कार्यक्रम का संचालन भौतिकी विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला ने किया। इस मौके पर डॉ संदीप दीक्षित, अमित कुमार, राजनंदन सिंह राजपूत, डॉ केशव शुक्ला, सत्येन्द्र कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, डॉ शशांक गुप्ता, अमितराज चैहान सहित भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शिक्षक-मेधावी सम्मान काकुत्स्थ समाज की अच्छी पहलः वित्त मंत्री

- काकुत्स्थ जन कल्याण समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



काकुत्स्थ विजय दिवस के अवसर पर शहर के गांधी भवन सभागार में श्री काकुत्स्थ जन कल्याण समिति के तत्वावधान में काकुत्स्थ शिक्षक, मेधावी छात्र-छात्राओं एवं कलमकार सम्मान आयोजित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करने वालों में प्रदीप सक्सेना, संजीव सक्सेना, सतीश, भगवान दास, विक्रांत बखिया, सत्यपाल एडवोकेट, रामऔतार आदि वक्ताओं ने समाज के उत्थान, कल्याण पर विचार रखें। वही शिक्षक सम्मान पर प्रेम शंकर, राजेश बाबू व छात्र सम्मान पर पुष्पेंद्र, मनोज ने बातें रखी। सम्मान समारोह में काकुत्स्थ भूषण सम्मान से रंगकर्मी रोहित सक्सेना, काव्य एवं रंगकर्मी महेश सक्सेना, रंगकर्मी सतीश सक्सेना, समाजसेवा में कुंवर सिंह, चंद्रेश बाबू, विधि क्षेत्र में विशन पाल सक्सेना, खेल से पृथक सक्सेना, शिक्षा से मास्टर प्यारेलाल, राजनीतिक से संजीव, पुजारी, प्रदीप, अवधेश, रमाशंकर, डा.अभिनव, मुकेश सक्सेना, सत्यपाल, मायारानी, नरेश सभासद, बिल्लू ,ऋषिपाल सक्सेना, शिवओम, कुसुमलता, मीरा, चित्रा सक्सेना, दीपक एडवोकेट आदि सम्मानित हुए। समारोह में डा. राकेश अकैडमी, नामदेव विद्यालय व भारत विकास के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। समारोह में आए हुए लोगों को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक हमारे लिए राष्ट्र निर्माता है, बल्कि वो हमारे पक्ष प्रदर्शक है। शिक्षक का सम्मान, गुरुओं का सम्मान ईश्वर से ज्यादा मान्यता देना है, हमारे प्रधानमंत्री द्वारा नयी शिक्षा नीति लागू की गई है। बच्चों का सम्मान करना समाज के हित में एक अच्छा कार्य काकुत्स्थ समाज कर रहा है। मंच संचालन नरेंद्र सक्सेना द्वारा किया गया। काकुत्स्थ समाज के वरिष्ठ वक्ता रामकुमार बखिया ने कहा कि काकुत्स्थ समाज ने हमेशा समाज के लिए कार्य किया है। हिन्दुस्तान में सबसे बड़ा समाज शाहजहांपुर में है, बहुत बड़ा समाज है और हम लोग बिखरे हुए हैं। यह इसलिए कि पहले शिक्षा की कमी थी, अब बदलाव आ रहा है। हम सब लोग मिलकर समाज को एक पहचान दे। राजनीति में भी हम बहुत पिछड़े हुए हैं। इसके लिए अब जागरूक होने की जरूरत है।महेश सक्सेना, घासीराम स डा.राकेश सक्सेना, बनवारी सक्सेना, कामता प्रसाद, मास्टर प्यारे लाल, राम नारायण सक्सेना, रामकुमार सक्सेना, सतीश, डा.जितेंद्र सक्सेना, आनंद सक्सेना, सुरेंद्र पाल सक्सेना, कुंवर सिंह, सुशील सक्सेना, मुकेश सक्सेना, अनुज सक्सेना, अमर सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, रिंकू सक्सेना, पुष्पेन्द्र सक्सेना, अजय सक्सेना आदि मौजूद रहे। डा.राकेश अकैडमी के बच्चों ने स्वागत गीत गाकर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। अंत में समिति के अध्यक्ष विक्रांत बखिया ने आए हुए सभी लोगों का आभार जताया।

## कार से अपहरण कर ले गए युवक की पिटाई कर छोड़ा

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**

- दो नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- पुलिस ने देर रात दो कारों को किया बरामद, आरोपी फरार

ढाबा पर खाना खाने गए तीन युवकों में से मारपीट कर एक युवक को गाड़ी में डाल लेजाकर पिटाई कर दूर सड़क पर छोड़ जाने के मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। देर रात पुलिस ने दो कारों को बरामद कर लिया। जबकि आरोपी गिरफ्त में नहीं आ सके। नगर के मोहल्ला बनबारीपुर निवासी पार्थ शर्मा पुत्र शशिकान्त शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 15 सितंबर को गुरगवां कॉलोनी निवासी मंथन गुप्ता पुत्र अमरनाथ गुप्ता व सिंह कॉलोनी निवासी अभिराज ठाकुर पुत्र स्व यशराज सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी । इसी रंजिश में वह उसे फोन पर गाली व धमकिया दे रहे थे। शाम करीब पांच बजे उसे साथी संदीप कुशवाह पुत्र रविन्द्र विक्रम सिंह कुशवाह व बाबूदीन पुत्र पच्च बाईपास के पास मिले थे । वह लोग बातचीत कर मंगलम ढाबा पर खाना खाने के लिए निकले थे। आरोप है कि वह तीनों जैसे ही सरऊ पुलिया के आगे पहुँचे, इसी दौरान एक चार पहिया गाडी उसकी बाइक के सामने लगा दी गयी। खतरा देख वह वहां से भाग गया। उसके दोस्त संदीप कुशवाहा व बाबूदीन वही रह गये। संदीप कुशवाह को उसके पूर्व मे हुए विवाद की जानकारी थी। उक्त लोग संदीप कुशवाहा को पकड ले गये। मारपीट के दौरान संदीप कुशवाहा वहां से भाग निकला। जबकि बाबूदीन को मामले की जानकारी नही थी। सो वहीं खड़ा रहा। बाबूदीन को अभिराज व मंथन गुप्ता अपनी गाडी मे अपहरण करके फरीदपुर की तरफ ले गये। उसकी सूचना पर उसके परिवार ने पुलिस को सूचना दी। कि अभिराज ठाकुर व मंथन गुप्ता व कुछ अज्ञात व्यक्तियो द्वारा फरीदपुर मे उसके दोस्त बाबूदीन के साथ मारपीट करके उसे वही रोड पर कटरा फरीदपुर के बीच मे छोड दिया। जैसे तैसे बाबूदीन घर पहुंचा । बाबूदीन ने बताया कि जिस गाड़ी में उसे ले जाया गया उसका नंबर यूपी 27 एस 6182 था। आरोप है कि अभिराज ठाकुर , मंथन गुप्ता व इनके अन्य साथी जो एक संगठीत गिरोह है संगठित होकर अपराध करते हैं। उधर पुलिस ने घटना क्रम से सम्बन्धित दो कारों को बरामद कर लिया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## खबरें एक नजर में

### गाय खेत में जाने को लेकर विवाद, फायरिंग का आरोप

**कांट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम नौगवां खुलौली में पालतू गाय के दूसरे के खेत में चले जाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि शिकायत करने पहुंचे युवक के साथ गाली–गलौज के बाद फायरिंग कर दी गई। युवक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी आशुतोष मिश्रा के अनुसार उनकी पालतू गाय गांव के ही संतोष मिश्रा के खेत में चली गई थी। इसकी शिकायत करने जब वह संतोष के पास पहुंचे तो आरोप है कि उनके साथ गाली–गलौज की गई। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और संतोष पक्ष की ओर से फायरिंग कर दी गई। आशुतोष ने बताया कि वह बाल–बाल बच गए।मामले में आशुतोष की ओर से संतोष, अनूप, अमित, उपदेश समेत पांच लोगों के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है और प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। पुलिस जांच कर रही है। जांच के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

### भूसा निकालने गई महिला की सर्प दंश से मौत



**तिलहर - शाहजहांपुर।** जानवरों के लिए भूसा निकालने के दौरान महिला को सांप ने डस लिया। तमाम प्रयासों के बाद भी उसकी जान नहीं बच सकी। उसकी मौत से घर में कोहराम मच गया। तीन मासूम बच्चो को विलखता देख पिता भी बदहवास हो गया। जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र के गांव इटौआ में मंगलवार सुबह बादशाह मौर्य की पत्नी पूजा 30 जानवरों के लिए भूसा निकालने गयी थी। इसी दौरान भुसौरी में सांप ने पूजा को डस लिया। पूजा की चीख सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और आनन–फानन में उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पूजा की मौत की बात सुनकर परिवार का दिल मानने को तैयार नहीं था। परिजनों और रिश्तेदारों की सलाह पर बादशाह पूजा को लेकर इधर–उधर देसी इलाज और झाड़–फूंक, तंत्र–मंत्र के प्रयासों में भी लगे रहे। लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। मृतका अपने पीछे तीन मासूम बच्चों में आठ वर्षीय बेटा कार्तिक , छह वर्षीय बेटी प्रार्थना तथा दो वर्षीय बेटी वान्या व पति बादशाह समेत परिजनों को बिलखता छोड़ गयी है।

### ऑपरेशन मुस्कानः बालक को सकुशल परिजनों से मिलाया




**लखीमपुर खीरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी, डॉ. ख्याति गर्ग द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा व अपहृत बालक बालिकाओं की शीघ्र व सकुशल बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया है। प्राप्त निर्देशों एवं ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के कुशल निर्देशन, क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष भीरा के नेतृत्व में थाना भीरा पुलिस द्वारा तत्परता एवं मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए 4 घंटे से भी कम समय में लावारिस हालत में मिले एक 14 वर्षीय बालक के परिजनों की खोज कर उसे सकुशल सुपुर्द किया गया। थाना भीरा क्षेत्रान्तर्गत भीरा–कुकरा मार्ग पर स्थित जंगल के किनारे एक 14 वर्षीय बालक लावारिस अवस्था में पाया गया। बालक अत्यधिक भयभीत था तथा स्पष्ट बोलने में असमर्थ होने के कारण केवल अपना नाम बता पा रहा था। भीरा पुलिस टीम ने तत्काल अथक प्रयास व स्थानीय सूचना तंत्र को सक्रिय कर महज 4 घंटे के भीतर बालक के परिजनों का पता लगाया और बच्चे को उसके परिवार के सुपुर्द कर उनके चेहरे पर भय था ढ्ढअमन सोनी पुत्र संजय सोनी उम्र लगभग 14 वर्ष पता गजेंद्रपुरी कॉलोनी, थाना गोला, जनपद खीरी को सुरक्षित भेजा गया।

### जगना में कोटे की दुकान पर छापा, 16.32 कुं. खाद्यान्न कम मिला



**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने 15 सितंबर को विकासखंड ऐलिया की ग्राम पंचायत जगना का भ्रमण किया। इस दौरान सरकारी कोटे की दुकान बंद मिली। डीएम के निर्देश पर दुकान खुलवाकर खंड विकास अधिकारी ऐलिया और पूर्ति निरीक्षक महोली ने दुकान का निरीक्षण करते हुए स्टॉक का सत्यापन किया। जांच के दौरान दुकान के स्टॉक में 16.32 कुंतल खाद्यान्न की कमी पाई गई। इसमें 2.67 कुंतल गेहूं और 13.65 कुंतल चावल शामिल है। स्टॉक में कमी मिलने के बाद संबंधित कोटेदार के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। प्रकरण में कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 316/5 एवं संबंधित धाराओं के तहत 16 सितंबर को थाना इमलिया सुल्तानपुर में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## तंबौर सीएचसी पर इलाज में लापरवाही का आरोप नवजात की मौत पर पति ने दी पुलिस को तहरीर




**सीतापुर।** तंबौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों की कथित लापरवाही से एक नवजात की मौत का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति ने थाने में शिकायती पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। कबा बेली मजरा सुमली निवासी अनुज कुमार के अनुसार, वह 15 सितंबर की सुबह करीब 10:30 बजे अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव के लिए 108 एंबुलेंस से तंबौर सीएचसी लाए थे। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात एएनएम ने 1-2 घंटे में सामान्य प्रसव की बात कही, लेकिन 14 घंटे बीत जाने के बाद भी स्थिति बिगड़ती रही। बार-बार जिला अस्पताल रेफर करने की मांग के बावजूद स्टाफ सब सामान्य है कहकर टालता रहा। अंततः महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया। पीड़ित पति अनुज ने तंबौर थाने में तहरीर देकर दोषी स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रसूता का इलाज फिलहाल जारी है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

## महिलाओं व बालिकाओं से संबंधित शिकायतों पर संवेदनशीलता व प्राथमिकता के साथ करें कार्रवाईः एसपी

- एसपी ने थाना रोजा का किया औचक निरीक्षण
- फरियादियों से सीधे संवाद कर समस्याओं को सुना

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**



थाना रोजा का बुधवार को एसपी सौरभ दीक्षित ने आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, एवं थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी सौरभ दीक्षित द्वारा सर्वप्रथम संतरी ड्यूटी का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी की सतर्कता, वर्दी एवं ड्यूटी संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। इसके उपरांत एसपी द्वारा बाल शिशु गृह एवं मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया गया। मिशन शक्ति से संबंधित गतिविधियों, महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, जागरूकता एवं सहायता के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित शिकायतों पर संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने थाना सीसीटीएनएस कार्यालय, आईजीआरएस, जनसुनवाई से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई एवं आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा थाना रोजा पर आए फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए किए गए। एसपी ने कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण तथा थाना क्षेत्र में निरंतर प्रभावी पुलिस गश्त एवं निगरानी सुनिश्चित करने हेतु भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## महान दिवस पर रंगारंग कार्यक्रमों के साथ जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह का हुआ समापन

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**



जेसीआई लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह का सप्तम दिवस का समापन कार्यक्रम महान दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में जेसीआई परिवार के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। महान दिवस जेसीरेट चेयरपर्सन शोभना गुप्ता व समीक्षा टण्डन के कुशल निर्देशन और योगेश जोशी व मीता गर्ग के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जेसी सदस्यों, बच्चों व मातृशक्ति ने खूब उत्साह के साथ अपनी प्रतिभाओं को उजागर किया। नृत्य, गायन, हास परिहास से परिपूर्ण भाव प्रदर्शन से माहौल खुशनुमा बना रहा। इस अवसर पर संस्था के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस वर्ष का जेसी प्रतिभा सम्मान पूर्वाध्यक्ष कनिष्क बरनवाल को दिया गया। उक्त सम्मान प्राप्त करते समय उनके पूज्य पिता संस्था के पूर्वाध्यक्ष स्वर्गीय मुकेश बरनवाल की स्मृतियों में माहौल भावुकता से भर गया। इस अवसर पर कनिष्क बरनवाल की माता श्रीमती मंजू बरनवाल व बहन अपूर्वा भी मौजूद रहीं। इस गौरवशाली सम्मान को कनिष्क ने अपनी अमूल्य धरोहर बताया। कार्यक्रम में लकी ड्रा, तम्बोला, आन दि स्पाट जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी हुये। सप्ताह संयोजक विश्वास सेठ ने सप्ताह पर्यन्त अतुलनीय योगदान देने वाले संस्था सदस्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने इस वर्ष के जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह को अपने कार्यकाल की सर्वोच्च उपलब्धि बताया और सभी सहयोगियों के प्रति आभार प्रदर्शित किया। महान दिवस की समापन बेला पर अध्यक्ष सचिव अग्रवाल, सप्ताह संयोजक विश्वास सेठ, प्रभारी राजेश पटेल व सौरभ वर्मा, समन्वयक कनिष्क बरनवाल, मीडिया प्रभारी आर्येन्द्र पाल सिंह, विकास सेठ, राममोहन गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, तुषार गर्ग, योगेश जोशी, कुमार उत्कर्ष, शुभम टण्डन, अर्जित अग्रवाल, विकास टण्डन, दिनेश कुमार गुप्ता आदि सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और कार्यक्रम का आनन्द लेते दिखे।


## कार हादसे में मैकेनिक की मौत परिजनों ने सड़क पर शव रखकर लगाया जाम

**समृद्धि न्यूज, पलिया कलां, लखीमपुर खीरी।**



सम्पूर्णानगर थाना क्षेत्र के बमनगर गांव निवासी सुनील (बाइक मैकेनिक) की सोमवार रात महंगापुर में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौत हो गई। मंगलवार को जब सुनील का शव गांव पहुंचा, तो परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। मृतक की पत्नी पूनम का रो-रोकर बुरा हाल है। पूनम ने बताया कि उनके दो छोटे बच्चे हैं–एक 5 साल की बेटी और महज 15 दिन का मासूम बेटा। सुनील ही परिवार के अकेले कमाने वाले सदस्य थे। उनके पास न तो कोई खेती की जमीन है और न ही कोई पक्की नौकरी। वह बाइक रिपेयरिंग का काम करके परिवार का पेट पालते थे। अचानक हुई इस घटना से परिवार के सामने जीवनयापन का गहरा संकट खड़ा हो गया है। मृतक की पत्नी ने मांग कि हत्या का मुक़दमा दर्ज कर जेल भेजे,बच्चे परिवार की परवरिश के लिए 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता एक एकड़ खेती दी जाए । पूनम की मांग है कि आरोपी कार चालक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जाए। अगर ऐसा नहीं किया जाता है, तो परिवार के जीवनयापन के लिए 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और एक एकड़ खेती की जमीन मुआवजे के तौर पर दी जाए। परिजनों ने साफ किया कि मांग पूरी होने के बाद ही शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम और भारी आक्रोश का माहौल बना रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ जितेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि आरोपी चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मंगलवार को ही गिरफ्तार कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## मोतियाबिंद से जूझ रहे दो मासूमों के आंखों की लौटी रोशनी



**पीलीभीत।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम ने स्वास्थ्य जांच के दौरान दो मासूम बच्चों में मोतियाबिंद की पहचान कर उन्हें नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया। अमरिया के मुंडलिया गौसू निवासी तीन वर्षीय अयान पुत्र रियाज खान की दोनों आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। टीम ने बच्चे को सीतापुर आई हॉस्पिटल भेजकर आवश्यक उपचार एवं सर्जरी कराई। इसी तरह पूरनपुर विकासखंड के दिलाबरपुर निवासी दो वर्षीय आरव पुत्र धर्मेन्द्र कुमार की बाईं आंख में मोतियाबिंद की पहचान हुई। उसे भी विशेषज्ञ उपचार के लिए सीतापुर आई हॉस्पिटल भेजा गया। दोनों मामलों में आरबीएसके टीम की समय पर सक्रियता से बीमारी की पहचान संभव हो सकी। अमरिया की आरबीएसके टीम–ए में डॉ. सामान इसरार, अरुण कुमार ऑप्टोमेटरिस्ट और गायत्री देवी एएनएम, जबकि पूरनपुर टीम–बी में डॉ. प्रियंका चतुर्वेदी, विष्णु कुमार फार्मासिस्ट और आर्ती देवी स्टाफ नर्स शामिल रहे। सीएमओ डॉ. बीसी पंथ के मार्गदर्शन एवं डीईआईसी प्रबंधक मोहम्मद मो जुबैर के समन्वय से उपचार की सुविधा मिली। जन्मजात बीमारी से ग्रसित बच्चों के नि:शुल्क उपचार के लिए 7536844761 पर संपर्क किया जा सकता है।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने जनसुनवाई में सुनीं नगरवासियों की समस्याएं

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर-खीरी।**



नगर पालिका परिषद, लखीमपुर-खीरी में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने नगरवासियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जलकल विभाग से संबंधित 4 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें श्री राकेश मिश्रा (सिकटिहा), श्री अनिल कुमार (पटेल नगर), श्री वेद प्रकाश वर्मा (पटेल नगर) तथा पुनः श्री अनिल कुमार (पटेल नगर) द्वारा पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत से संबंधित समस्याएं रखी गईं। निर्माण विभाग से संबंधित 8 शिकायतों में श्री राकेश मिश्रा (सिकटिहा) द्वारा इंद्रपाल गुप्ता के मकान के निकट नाली मरम्मत, काशी नगर में नाली क्रॉस, उमाशंकर वर्मा के मकान के निकट नाली मरम्मत तथा वैभव मेडिकल के निकट क्रॉस बनवाने से संबंधित समस्याएं रखी गईं। श्री अनिल कुमार (पटेल नगर) ने सड़क ऊंची कराने, अटल पार्क के निकट सड़क मरम्मत तथा क्रॉस बनवाने की मांग रखी। श्रीमती पूजा सिंह (शिव कॉलोनी) ने सड़क निर्माण से संबंधित समस्या प्रस्तुत की। साफ-सफाई विभाग से संबंधित शिकायतों में श्री कमाल अहमद (बेगम बाग शिवपुरी) एवं श्री अनिल कुमार (पटेल नगर) द्वारा सफाई व्यवस्था से संबंधित समस्याएं रखी गईं। लाइट विभाग में श्री सूरज वर्मा (बरखेरवा) एवं श्री अनिल कुमार (पटेल नगर) द्वारा लाइट मरम्मत से संबंधित समस्याएं प्रस्तुत की गईं। अध्यक्ष ने अधिकारियों को आवश्यकतानुसार स्थलीय निरीक्षण कर प्रकरणों की जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर लेखाकार देवशीष मुखर्जी, जेई (सिविल) समरा सईद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मुरारी लाल, निर्माण लिपिक यतेंद्र बहादुर, जलकल लिपिक अभय सक्सेना तथा सर्वेयर अमित सोनी सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल ने कस ली संगठन की कमान, शेरपुर-घुंघचिहाई में नई टीम तैयार

- पूरनपुर कमेटी का भी हुआ विस्तार
- जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**




अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने जिले में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल के नेतृत्व में शेरपुर, घुंघचिहाई और पूरनपुर में नई कमेटियों का गठन एवं विस्तार किया गया। नई जिम्मेदारियां मिलने के बाद पदाधिकारियों से व्यापारी हितों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

**शेरपुर में जफर, घुंघचिहाई में हरदीप के हाथ कमानः** शेरपुर नगर कमेटी में जफर खान को अध्यक्ष तथा फरहत खान को महामंत्री नियुक्त किया गया। इसी क्रम में घुंघचिहाई मंडल कमेटी में हरदीप सिंह को अध्यक्ष और ठाकुर अमित सिंह को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

**पूरनपुर में महेंद्र मिश्रा संरक्षक, निमिष अध्यक्ष और विकास महामंत्रीः** पूरनपुर नगर कमेटी का विस्तार करते हुए महेंद्र मिश्रा को संरक्षक, निमिष अग्रवाल को अध्यक्ष तथा विकास गुप्ता को महामंत्री बनाया गया। इसके अलावा डॉ. प्रशांत गुप्ता एवं रमेश वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जबकि अरविंद कुमार वर्मा, विनीत खंडेलवाल एवं दानिश खान उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए। शिवम गुप्ता, फिरोज अख्तर एवं चंद्रेश गुप्ता को नगर मंत्री की जिम्मेदारी दी गई।

**व्यापारी हितों की आवाज को संगठनात्मक ताकत देने पर जोरः** जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, जिला युवा अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, पीलीभीत नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल व अंकुर अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष करणदीप सिंह, राशिद नूर व अजीम भाई तथा नगर युवा महामंत्री निमित अग्रवाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती तभी सार्थक होगी, जब प्रत्येक पदाधिकारी व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से उठाकर उनके समाधान के लिए सक्रियता से प्रयास करेगा। नई कमेटियों के गठन से स्थानीय स्तर पर व्यापारियों को एकजुट करने और संगठन की गतिविधियों को गति देने की उम्मीद जताई गई।

## महिला थाना स्टाफ को दिया अग्नि सुरक्षा एवं अग्निशमन का प्रशिक्षण



**पीलीभीत।** अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश, लखनऊ के अपर महानिदेशक के आदेश तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी पीलीभीत के निर्देशन में महिला थाना परिसर में अग्नि सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी महिला थाना निरीक्षक रीता कुमारी के पर्यवेक्षण में अग्निशमन केंद्र पुलिस लाइन पीलीभीत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महिला थाना स्टाफ को आग लगने की स्थिति में बचाव और अग्निशमन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान आग लगने के प्रमुख कारणों, आग पर काबू पाने के तरीकों तथा अग्निशमन उपकरणों के सही इस्तेमाल के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति का व्यावहारिक प्रदर्शन कराकर उसे अग्निशामक यंत्र की सहायता से बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। फायर कर्मियों ने मौके पर डेमो देकर बताया कि आपात स्थिति में घबराने के बजाय किस तरह सुरक्षित तरीके से आग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। प्रशिक्षण में निरीक्षक रीता कुमारी, उपनिरीक्षक राजपाल सिंह यादव, एएसआई तीरथ सिंह सहित महिला थाना का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप–मुख्य अभियन्ता/नि०–अयोध्या/उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई–निविदा **दो पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के ZBD-AYC खंड में समपार संख्या 49 SPL(MIH-KS), 52-C (MIH-KS), 53-C (MIH-KS),69-C (SHG-BWI) और 71-C (BWI-TLGR)) के स्थान पर आर० यू० बी० का प्रावधान |
| 2 | निविदा फॉर्म मूल्य | शून्य |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 15 (पंद्रह) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | रू. 3674.07 लाख |
| 5 | धरोहर राशि | रू. 73,48,200.00 (रुपये तिहत्तर लाख अड़तालीस हज़ार दो सौ मात्र) |
| 6 | ई–टेंडर जमा करने और टेंडर खोलने की तिथि | टेंडर को 08.10.2026 को दोपहर 15:00 बजे (03:00 PM) तक IREPS की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता है। बोलीदाता (bidders) इस ई–टेंडर में भाग ले सकते हैं, और टेंडर 08.10.2026 को दोपहर 15:00 बजे (03:00 PM) खोला जाएगा। |
| 7 | विस्तृत टेंडर नोटिस और टेंडर दस्तावेज | विस्तृत ई–टेंडर नोटिस और टेंडर दस्तावेज़ 17.09.2026 से www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त टेंडर दस्तावेज़ IREPS की वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर प्रस्ताव/बोली (offer) जमा करने के लिए 24.09.2026 से 08.10.2026 तक उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त टेंडर के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें टेंडर दस्तावेज़ (Tender Document) में दी गई हैं। विस्तृत टेंडर नोटिस को संबंधित कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

संख्या 262–टेण्डर/उप–मुख्य अभियन्ता/नि0–अयोध्या/लखनऊ दिनॉकः 16.09.2026 3195/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अपना एजेंडा थोपने वाला इकोसिस्टम

किसी मुद्दे को जरूरत से ज्यादा तूल देना या जानबूझकर उसकी अनदेखी करना—दोनों ही तरीके समाज की सोच और जनमत को प्रभावित कर सकते हैं। लोकतंत्र में सवाल यह है कि क्या मीडिया, राजनीति और प्रभावशाली संस्थाएं सभी घटनाओं को एक समान कसौटी पर परखती हैं? लोकतंत्र में जनमत केवल घटनाओं से नहीं बनता, बल्कि इस बात से भी बनता है कि उन घटनाओं को कितनी जगह और कितनी गंभीरता से सार्वजनिक विमर्श में रखा जाता है। किसी घटना को लगातार सुर्खियों में बनाए रखना, उसके अलग–अलग पहलुओं पर बहस कराना और राजनीतिक प्रतिक्रिया हासिल करना एक तरह का नैरेटिव तैयार करता है। इसके विपरीत किसी महत्वपूर्ण घटना को लगभग नजरअंदाज कर देना भी अपने आप में एक तरह का नैरेटिव पैदा करता है। यही कारण है कि आज 'इकोसिस्टम' और 'एजेंडा' जैसे शब्द सार्वजनिक बहस का हिस्सा बन चुके हैं।

हाल में केरल में महिलाओं की सार्वजनिक भूमिका को लेकर मौलाना शेख अबूबकर अहमद के कथित बयान और उसके बाद पैदा हुए विवाद ने इस प्रश्न को फिर सामने ला दिया। रिपोर्टों के अनुसार, उनके बयान पर एक टेलीविजन चैनल में बहस हुई थी। बाद में चैनल की ओर से माफी मांगने और बहस का वीडियो हटाए जाने की बात सामने आई। बहस से जुड़ी पत्रकार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने की खबर भी आई। इन घटनाओं ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और महिलाओं के अधिकारों को लेकर सवाल खड़े किए।

महिलाओं की स्वतंत्रता और सार्वजनिक जीवन में उनकी भागीदारी भारतीय संविधान के समानता के सिद्धांत से जुड़ी हुई है। इसलिए किसी भी धार्मिक, सामाजिक या राजनीतिक प्रभावशाली व्यक्ति की ओर से महिलाओं को सार्वजनिक जीवन से दूर रखने संबंधी विचार सामने आते हैं तो उन पर तर्कपूर्ण और तथ्याधारित बहस होनी चाहिए। यह कसौटी व्यक्ति की पहचान या राजनीतिक निकटता के आधार पर नहीं बदलनी चाहिए।

यही बात राजनीतिक दलों पर भी लागू होती है। यदि कोई दल किसी दूसरे विचार या संगठन से जुड़े व्यक्ति के महिला विरोधी बयान पर मुखर प्रतिक्रिया देता है, तो समान प्रकृति के दूसरे मामले में उसकी चुप्पी पर सवाल उठना स्वाभाविक है। हालांकि किसी नेता की चुप्पी को सीधे किसी छिपे राजनीतिक समझौते का प्रमाण मान लेना भी उचित नहीं होगा। राजनीतिक प्रतिक्रिया के पीछे अनेक कारण हो सकते हैं। इसलिए आलोचना तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए, अनुमान पर नहीं। दूसरा महत्वपूर्ण मामला जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से जुड़ा बताया जा रहा है, जहां एक प्रोफेसर पर छात्राओं की ओर से यौन शोषण के आरोप लगाए गए हैं। ऐसे आरोप अत्यंत गंभीर होते हैं। लेकिन आरोप और अपराध सिद्ध होना दो अलग–अलग बातें हैं। किसी व्यक्ति को केवल आरोप के आधार पर दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा। साथ ही शिकायतों को लंबित रखना भी उचित नहीं है। विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति और संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत शिकायतों की जांच करें और समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ें। इस मामले में यदि वास्तव में शिकायतों पर कार्रवाई में देरी हुई है तो विश्वविद्यालय को इसका स्पष्ट कारण बताना चाहिए। शिकायतकर्ताओं के अधिकारों की रक्षा के साथ आरोपित व्यक्ति को भी निष्पक्ष प्रक्रिया का अधिकार है। यही संस्थागत न्याय का मूल आधार है।

इन दोनों घटनाओं को एक साथ देखने पर एक व्यापक सवाल सामने आता है—क्या हमारे सार्वजनिक विमर्श में समान मानदंड कायम हैं? यदि किसी एक मामले में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, महिला अधिकार या संस्थागत जवाबदेही का प्रश्न उठता है, तो समान प्रकृति के दूसरे मामले में भी वही प्रश्न उठना चाहिए। मीडिया की भूमिका यहां सबसे महत्वपूर्ण है। मीडिया का काम केवल घटनाओं की संख्या गिनना नहीं, बल्कि उनके सार्वजनिक महत्व को सामने लाना भी है। संपादकीय प्राथमिकताएं हर संस्थान की अपनी हो सकती हैं, लेकिन समाचार चयन में पारदर्शिता और तथ्यपरकता जरूरी है। किसी मुद्दे को लगातार प्रमुखता देना और दूसरे महत्वपूर्ण विषय को पूरी तरह छोड़ देना पाठकों के सामने अधूरी तस्वीर पेश कर सकता है। सोशल मीडिया के दौर में यह समस्या और जटिल हो गई है। अब नैरेटिव केवल समाचार संस्थानों से नहीं बनते। राजनीतिक दल, समर्थक समूह, प्रभावशाली व्यक्ति, डिजिटल मंच और आम उपयोगकर्ता भी किसी घटना की व्याख्या को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। एक ही घटना को अलग–अलग समूह अपने–अपने नजरिये से प्रस्तुत करते हैं। परिणाम यह होता है कि लोग अक्सर मूल घटना से ज्यादा उसकी बनाई गई व्याख्या पर प्रतिक्रिया देने लगते हैं। इसलिए किसी भी मामले को समझने का सबसे सुरक्षित रास्ता तथ्य, मूल बयान, आधिकारिक दस्तावेज, प्राथमिकी, न्यायिक आदेश और संबंधित पक्षों के जवाब तक पहुंचना है। इससे यह अंतर स्पष्ट होता है कि क्या तथ्य है, क्या आरोप है और क्या राजनीतिक या वैचारिक व्याख्या। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है। विचारधाराओं के बीच संघर्ष भी स्वाभाविक है। समस्या तब पैदा होती है जब विचारधारा तथ्यों की जगह लेने लगे। किसी व्यक्ति का राजनीतिक झुकाव, धार्मिक परिचय या सामाजिक प्रभाव यह तय करने का आधार नहीं होना चाहिए कि उसके बयान या आचरण की जांच किस कठोरता से होगी।

### दो टूक




# समान नागरिक संहिता पर तेज हुई सियासी हलचल


डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल में घोषणा की है कि वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित सभी 21 राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू की जायेगी। इस घोषणा के बाद बिहार में एनडीए के घटक दलों के बीच इस मुद्दे पर अलग-अलग दृष्टिकोण सामने आए हैं। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने विधेयक के प्रावधानों और विभिन्न वर्गों से व्यापक चर्चा की आवश्यकता बताई है, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने भी अंतिम निर्णय से पहले संबंधित पक्षों की राय लेने पर जोर दिया है।



इसी बीच राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता भाई वीरेंद्र ने जेडीयू को भाजपा का साथ छोड़कर आरजेडी के साथ बिहार में सरकार बनाने का प्रस्ताव दिया है। उनके बयान को बिहार में विपक्ष की ओर से एनडीए के भीतर संभावित मतभेदों को राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। हालांकि, किसी गठबंधन के भविष्य का निर्धारण केवल किसी एक नेता के बयान से नहीं बल्कि दलों के आधिकारिक निर्णय, नेतृत्व की रणनीति और राजनीतिक परिस्थितियों से होता है।

समान नागरिक संहिता का उद्देश्य देश के सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और परिवार से जुड़े कुछ अन्य निजी मामलों में समान कानूनी व्यवस्था स्थापित करना है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में राज्य को पूरे भारत में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि, यह प्रावधान नीति-निर्देशक तत्वों में आता है और स्वयं किसी तत्काल लागू होने वाले कानून का रूप नहीं है। समान नागरिक संहिता समर्थकों का तर्क है कि नागरिकों के निजी अधिकारों में धर्म के आधार पर अंतर नहीं होना चाहिए। उनके अनुसार, महिला अधिकारों की रक्षा, लैंगिक समानता और न्यायिक स्पष्टता के लिए एक समान कानूनी ढांचा उपयोगी हो सकता है। दूसरी ओर, इसके आलोचक आशंका जताते हैं कि यदि कानून तैयार करते समय धार्मिक, सांस्कृतिक और जनजातीय विविधताओं का पर्याप्त ध्यान नहीं रखा गया तो इससे सामाजिक असहमति पैदा हो सकती है इसलिए यूसीसी की वास्तविक प्रकृति उसके घोषित उद्देश्य से अधिक उसके ठोस प्रावधानों पर निर्भर करेगी।

अमित शाह की घोषणा ने एनडीए के सामने एक महत्वपूर्ण राजनीतिक और नीतिगत प्रश्न खड़ा किया है। भाजपा समान नागरिक संहिता को अपने प्रमुख नीतिगत उद्देश्यों में गिनाती रही है लेकिन एनडीए एक बहुदलीय गठबंधन है, जिसमें अलग-अलग राज्यों की सामाजिक संरचना, राजनीतिक प्राथमिकताएं और मतदाता समूहों को ध्यान में रखने वाले दल शामिल हैं। जेडीयू का कहना है कि यूसीसी के प्रावधान सामने आने के बाद ही पार्टी अपना अंतिम रुख तय करेगी। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने इस विषय पर केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत की आवश्यकता जताई है, इसी तरह लोजपा (रामविलास) ने भी विभिन्न वर्गों और संबंधित पक्षों से विमर्श के बाद निर्णय लेने की बात कही है।

जेडीयू की यह सावधानी केवल राजनीतिक रणनीति नहीं बल्कि संघीय ढांचे और सामाजिक विविधता से जुड़े प्रश्नों को भी सामने लाती है। किसी राज्य में निजी कानूनों में व्यापक बदलाव का असर परिवार, संपत्ति, विवाह और सामाजिक परंपराओं पर पड़ सकता है, ऐसे में राज्य सरकारों, विधि विशेषज्ञों, महिला संगठनों, धार्मिक समुदायों और नागरिक समाज से संवाद करना नीति निर्माण की स्वाभाविक प्रक्रिया हो सकती है।

बिहार के संदर्भ में यह बहस इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि राज्य की राजनीति में सामाजिक न्याय, पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के प्रश्न लंबे समय से प्रभावशाली रहे हैं। जेडीयू का अपना राजनीतिक आधार और सामाजिक समीकरण है। इसलिए पार्टी के लिए राष्ट्रीय गठबंधन की नीति और राज्य की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाना एक चुनौती हो सकती है। समान नागरिक संहिता पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पहले का रुख भी मौजूदा बहस में चर्चा का विषय है। जेडीयू नेताओं ने कहा है कि बिहार में यूसीसी लागू नहीं करने के संबंध में नीतीश कुमार पहले अपनी स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। दूसरी ओर, पार्टी के वर्तमान नेताओं ने प्रावधानों के अध्ययन और विमर्श की बात कही है। इन दोनों बयानों को साथ रखकर देखने पर यह स्पष्ट होता है कि जेडीयू के लिए राष्ट्रीय स्तर पर यूसीसी पर चर्चा और बिहार में उसके क्रियान्वयन का प्रश्न अलग-अलग राजनीतिक तथा प्रशासनिक संदर्भों से जुड़ा है। यहां एक बुनियादी प्रश्न उठता है- यदि केंद्र और किसी सहयोगी दल की राज्य इकाई के बीच किसी कानून को लेकर मतभेद हो तो उसका समाधान किस प्रकार होगा? इसका उत्तर संविधान, विधायी प्रक्रिया, केंद्र-राज्य संबंधों और गठबंधन की आंतरिक सहमति में तलाशना होगा।

आरजेडी नेता भाई वीरेंद्र का जेडीयू को एनडीए छोड़कर आरजेडी के साथ आने का प्रस्ताव बिहार की राजनीति में स्वाभाविक रूप से चर्चा का विषय बना है। विपक्षी दल प्रायः सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर मतभेदों को उजागर कर अपना राजनीतिक आधार मजबूत करने का प्रयास करते हैं। यूसीसी के मुद्दे पर जेडीयू की सावधानी आरजेडी को भाजपा और उसके सहयोगी दलों के बीच वैचारिक अंतर रेखांकित करने का अवसर देती है लेकिन इस प्रस्ताव को तत्काल किसी राजनीतिक बदलाव का संकेत मानना उचित नहीं होगा। सत्ता समीकरण केवल एक नीति के प्रश्न पर निर्भर नहीं करते। नेतृत्व, चुनावी समझौते, विकास के मुद्दे, सामाजिक गठजोड़ और दलों के संगठनात्मक हित भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जेडीयू का आरजेडी के साथ जाना या एनडीए में बने रहना एक अलग राजनीतिक निर्णय है, जिसे केवल यूसीसी पर दल के रुख से तय नहीं किया जा सकता। समान नागरिक संहिता पर बहस में धर्मनिरपेक्षता का प्रश्न भी प्रमुखता से उठ रहा है। कांग्रेस और आरजेडी जैसे विपक्षी दल इस विषय पर भाजपा की पहल की आलोचना करते रहे हैं। दूसरी ओर, भाजपा और उसके समर्थक इसे समानता, महिला अधिकारों और राष्ट्रीय एकरूपता से जोड़ते हैं। इन राजनीतिक दावों का मूल्यांकन ठोस नीतिगत प्रावधानों और उनके संभावित प्रभावों के आधार पर किया जाना चाहिए।

एनडीए के सामने अब केवल समान नागरिक संहिता लागू करने का लक्ष्य नहीं बल्कि उसके लिए व्यापक राजनीतिक और सामाजिक सहमति तैयार करने की चुनौती भी है। यदि सहयोगी दलों को लगता है कि कानून के प्रावधानों पर स्पष्टीकरण आवश्यक है तो केंद्र सरकार के लिए संवाद का रास्ता खुला रखना उपयोगी होगा।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# बेहतर स्वास्थ्य का आधार आयुर्वेद

प्रतापराव जाधव

दुनिया अब सेहतमंद होने के मायने पर नए सिरे से सोच रही है। आज स्वास्थ्य-देखभाल का मतलब सिर्फ़ बीमारी का इलाज करना नहीं है; बल्कि इसका मकसद बीमारियों को रोकना, तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना और ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना है, जो बदलती जीवनशैली, पर्यावरण के दबाव और नई स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर सके। इस बदलते परिदृश्य में, आयुर्वेद भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण दृष्टि की पेशकश करता है।

11वें आयुर्वेद दिवस की थीम, स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद और एक स्वास्थ्य, एक भविष्य का विज़न इस विचार को बहुत खूबसूरती से पेश करता है। यह हमें याद दिलाता है कि मानव स्वास्थ्य का कोई अलग-थलग अस्तित्व नहीं होता। लोगों, समुदायों, पशुओं और पर्यावरण का स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़े होते हैं।

आयुर्वेद ने हमेशा बीमारी से बचाव, संतुलित जीवन, सही खान-पान, दैनिक दिनचर्या और प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने पर बहुत ज़ोर दिया है। ऐसे समय में जब जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ, उपापचय विकार, तनाव और दूसरी गैर-संक्रामक बीमारियाँ समाज पर बोझ बढ़ा रही हैं, ये सिद्धांत और भी ज़्यादा प्रासंगिक हो गए हैं। आयुर्वेद को आगे ले जाने का मतलब सिर्फ़ पीछे मुड़कर देखना नहीं हो सकता। इसके भविष्य को शोध, साक्ष्यों, नवाचार और गुणवता के जरिए आकार दिया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना हमारी ज़म्मिदारी है कि आयुर्वेद से जुड़े ज्ञान का अध्ययन आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों से हो और उसे ऐसे समाधानों में बदला जाए, जो आज की स्वास्थ्य ज़रूरतों को पूरा करते हों। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने इस यात्रा को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। साल 2014 में आयुष मंत्रालय की स्थापना; आयुर्वेद और अन्य आयुष प्रणालियों को एक मज़बूत संस्थागत आधार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। तब से इसका दायरा संरक्षण और प्रचार-प्रसार से बढ़कर शोध, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल सुविधा, गुणवत्ता आश्वासन, नवाचार और वैश्विक सहयोग तक विस्तृत हो गया है। स्वास्थ्य देखभाल को असल में मरीज़ की ज़रूरतों पर केंद्रित होना चाहिए। जहां उपचार उपयुक्त और साक्ष्य समर्थित हो, वहाँ विभिन्न स्वास्थ्य प्रणालियाँ एक-दूसरे की पूरक बन सकती हैं और स्वास्थ्य के प्रति व्यापक दृष्टिकोण में योगदान दे सकती हैं। जन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में आयुष सेवाओं का एकीकरण और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विस्तार, रोकथाम और समग्र स्वास्थ्य सेवा को ज़्यादा सुलभ बनाने के हमारे संकल्प को प्रतिबिंबित करते हैं। भारत आयुर्वेद को दुनिया तक भी पहुँचा रहा है। आयुर्वेद दिवस के पिछले आयोजनों ने दिखाया है कि स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति भारत के नज़रिए को दुनिया भर में कैसा समर्थन मिल सकता है। आयुर्वेद दिवस ने भारत की स्वास्थ्य परंपराओं के लिए एक वैश्विक अवसर का निर्माण किया है और आयुर्वेद तेज़ी से कल्याण, रोकथाम और सतत स्वास्थ्य सेवा पर होने वाली अंतरराष्ट्रीय बातचीत का हिस्सा बन रहा है।

इस बढ़ती वैश्विक रुचि के साथ एक उतनी ही महत्वपूर्ण ज़म्मिदारी भी आती है। आयुर्वेद को विश्वसनीय शोध, नैदानिक सबूतों, मजबूत गुणवत्ता मानकों और ज़म्मिदार संचार का समर्थन मिलना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सहयोग, आयुष शैक्षिक विभाग, नैदानिक शोध और विनियामक तालमेल की दिशा में किए जा रहे प्रयास भारत से बाहर आयुर्वेद के लिए एक मज़बूत इकोसिस्टम बनाने में मदद कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ़ इसकी वैश्विक पहुँच का विस्तार करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि इस विकास के साथ भरोसा और वैज्ञानिक विश्वसनीयता भी जुड़ी हो। एक स्वास्थ्य, एक भविष्य का विज़न हमें अस्पतालों और दवाओं से आगे ले जाता है। एक स्वस्थ भविष्य हमारे पर्यावरण, हमारे खान-पान और उन प्राकृतिक संसाधनों के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है, जिन पर स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां निर्भर करती हैं। उदाहरण के लिए, औषधीय पौधे स्वास्थ्य सेवा को कृषि, आजीविका और जैव विविधता से जोड़ते हैं। उनकी स्थायी खेती से किसानों के लिए आर्थिक अवसर पैदा हो सकते हैं और साथ ही कीमती प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी योगदान मिल सकता है। प्रौद्योगिकी भी एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकती है। आज भारत के पास अपने व्यापक आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक शोध क्षमताओं, डिजिटल तकनीक, डेटा विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते उपायों के साथ जोड़ने का मौका है। यह संयोजन शोधकर्ताओं को पारंपरिक तरीकों का ज़्यादा सटीकता से अध्ययन करने और नवाचार के नए अवसरों को सामने लाने में मदद कर सकता है। फिर भी, सबसे महत्वपूर्ण बदलाव लोगों के जीवन में आना चाहिए।

आयुर्वेद दिवस को केवल साल में एक बार मनाया जाने वाला आयोजन बनकर नहीं रहना चाहिए। इसे हमारे घरों, स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में स्वस्थ जीवन शैली आधारित एक व्यापक अभियान को बढ़ावा देना चाहिए। हम क्या खाते हैं, हम कितने सक्रिय रहते हैं, हम तनाव का प्रबंधन कैसे करते हैं और हम अपने पर्यावरण के साथ कितनी ज़म्मिदारी से व्यवहार करते हैं, ये सभी हमारे समाज के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। इस यात्रा में युवा पीढ़ी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। आयुर्वेद को सिर्फ़ भारत की विरासत के तौर पर ही नहीं बल्कि शोध, नवाचार, उद्यमिता और स्वास्थ्य सेवा के ऐसे क्षेत्र के तौर पर पेश किया जाना चाहिए, जो भविष्य की चुनौतियों को हल करने में योगदान दे सकता हो। आज भारत ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के एक अनोखे संगम पर खड़ा है। हमारे पास इन ताकतों को एक साथ लाने का अवसर है, ताकि स्वास्थ्य सेवा का ऐसा तरीका विकसित किया जा सके, जो इलाज के साथ-साथ बीमारी से बचाव, बीमारी के प्रबंधन के साथ-साथ आरोग्यता और विकास के साथ-साथ स्थायित्व को भी महत्व देता हो। आयुर्वेद का भविष्य अंततः इस बात से निर्धारित होगा कि हम इस पर कितना अच्छा शोध करते हैं, सबूतों के आधार पर इसे कितना मजबूत बनाते हैं, इसकी गुणवता को कैसे सुनिश्चित करते हैं और इसके फायदों को लोगों तक कैसे पहुँचाते हैं। इसलिए, स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद सिर्फ़ एक थीम नहीं है। यह सेहत की संस्कृति बनाने का एक आह्वान है- ऐसी संस्कृति, जो लोगों को सशक्त बनाती हो, समुदायों को मजबूत करती हो और उस पर्यावरण का सम्मान करती हो, जिसे हम सभी साझा करते हैं। जब हम 11वाँ आयुर्वेद दिवस मना रहे हैं तो आइए एक स्वास्थ्य, एक भविष्य के विज़न को आगे बढ़ाएँ और एक स्वस्थ भारत और स्वस्थ दुनिया की दिशा में मिलकर काम करें।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## चेक बाउंस का आखिरी मौका

चेक बाउंस की कहानी ने, नया मोड़ लिया है,
राजपाल के हिस्से में, सुको ने मौका दिया है।
दो हफ्तों में भरो, वरना मुश्किल बढ़ जाएगी,
कानून की चौखट पे, हर चाल नज़र आएगी।

कभी फिल्मों में हँसाते थे, किरदार कमाल थे,
असली जिंदगी के सीन में, हिसाब न पाते थे।
करोड़ों का चेक था, मामला छोटा कैसे होता?
कागज़ पर लिखी रकम, एक तकाज़ा होता।

कोर्ट ने कहा–मौका है, बात अब बन सकती है,
जो रकम बाकी है, वह अब जमा हो सकती है।
फिल्मी पर्दे पर जब चाहे, हँसी के फव्वारे छूटें,
कानून की पटकथा में, तारीख व रकम न रूठें।

ये कहानी बताती है, हँसी–मजाक अपनी जगह,
चेक पे दस्तखत करने से पूर्व, सोचना बेहतर है।
क्योंकि पर्दे पे कट कहने से, दृश्य रुकता है,
कोर्ट की पटकथा में, हिसाब पूरे करने पड़ते है।

*(संदर्भ – राजपाल यादव, सुप्रीम कोर्ट ने दिया आखिरी मौका)*



# हर मरीज की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुरक्षा तक हो पहुंच

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

अभी हाल ही में समाचारपत्रों में एक खबर पढ़ी थी, कोटा राजस्थान की 15 वर्षीय तन्वी परियानी नामक लड़की गंभीर हृदय रोग से पीड़ित थी, वर्ष 2014 से 13 साल तक एम्स दिल्ली में ऑपरेशन की राह देखते-देखते 1 सितंबर को उसका देहांत हो गया, इन 13 सालों में तन्वी के परिवार के लाखों रूपये खर्च हुए, ऑपरेशन की नई तारीखे मिलती रही, लेकिन ऑपरेशन नहीं हुआ। तन्वी के पिता ने अस्पताल पर दोष लगाया और कहा कि, गरीब हूँ, लेकिन बेटी के मौत के बाद भी न्याय के लिए लड़ता रहूँगा। तन्वी के मौत के बाद एम्स ने इलाज और मौत के मामले की समीक्षा के लिए जाँच समिति गठित की हैं। भारत देश गांवों में बसता है, क्योंकि बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्र में रहती है, लेकिन रोजाना ग्रामीण क्षेत्र में होनेवाली अनेक हृदय विदारक घटनायें इंसानियत को शर्मसार कर देते हैं। मध्यप्रदेश के बालाघाट के आदिवासी क्षेत्र के 30 से ज्यादा बच्चों के मौत की खबरों ने विचलित कर दिया, ऐसी दुखद घटनायें स्वास्थ्य सुविधा सुरक्षा पर सीधे सवाल खड़े करती हैं। अभी हाल ही में तेलंगाना के कोलमगुडा ग्रामीण भाग में सात महीने की गर्भवती महिला गंभीर रूप से बीमार पड़ गई, खराब सड़क और कोई सुविधा न होने के कारण गांव के लोगों ने उफनती हुयी नदी पार करके कामचलाऊ स्ट्रेचर बनाकर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया। यह केवल एक घटना नहीं है, रोजाना ऐसी अनेक घटनाएं गांवों में घटित होती है, बहुत से भागों में सड़कें तक नहीं होती, कि स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच सकें। वक्त पर उपचार न मिलने के कारण हर साल बड़ी संख्या में लोग जान गवाते हैं। ग्रामीण भागों के स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी तो अक्सर बनी ही रहती है, अत्याधुनिक सेवा-सुविधा तो जैसे सपना ही हैं।

हर साल 17 सितंबर को दुनियाभर में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षा मिलें, इसलिए विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया जाता हैं। इस साल 2026 की थीम गैर-संचारी रोगों के लिए सुरक्षित देखभाल है एवं इसका आधिकारिक नारा जीवन के लिए सुरक्षित देखभाल यह हैं। भारत देश में मरीज सुरक्षा के सामने स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक बोझ, कर्मचारियों की भारी कमी, अत्याधुनिक संसाधनों की कमी और रोगी-सेवा प्रदाता के बीच उच्च अनुपात जैसी बड़ी चुनौतियां हैं। हमारे देश में जनसंख्या के मुकाबले स्वास्थ्य चिकित्सकों की भारी कमी है, भले ही महानगरों और शहरों में पांच सितारा होटल जैसे नवनवीन निजी अस्पताओं का शुभारंभ हो रहा है, सरकार की ओर से भी चिकित्सा सेवा को मजबूत बनाने में जोर दिया जा रहा है, फिर भी अत्यधिक बढ़ती बीमारियां देश की आबादी पर तेजी से शिकंजा कस रही है, इसमें गरीब और मध्यम वर्ग विशेषत ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को संघर्ष करना पड़ता हैं। एम्बुलेंस के लिए पैसे न होने के कारण अपनों के लाशों को कंधे पर ढोते परिजन को हमने बहुत बार देखा हैं।

सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम स्टैटिस्टिकल रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में हुई कुल मौतों में से लगभग आधी मौतें किसी प्रशिक्षित व्यावसायिक की मेडिकल देखरेख के बिना हुईं। 2024 में ऐसी मौतों का हिस्सा 45.5 प्रतिशत था, जो 2020 में दर्ज 18 फीसदी से दोगुने से भी ज़्यादा है और 2021 से यह कुल मौतों के लगभग आधे के बराबर बना हुआ हैं। इस श्रेणी में वे लोग शामिल हैं जिन्हें मृत्यु के समय कोई चिकित्सा सहायता नहीं मिली, या जिनकी देखभाल केवल एक अप्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा की गई थी। 2024 में, प्रशिक्षित चिकित्सा देखभाल के बिना होने वाली मौतों का अनुपात ग्रामीण क्षेत्रों में काफी अधिक, 48.9 प्रतिशत, शहरी क्षेत्रों में, 36.1 फीसदी था।

**विश्व रोगी सुरक्षा दिवस पर विशेष**

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, स्वास्थ्य देखभाल के दौरान हर 10 में से लगभग 1 मरीज़ को नुकसान पहुँचता है और असुरक्षित देखभाल के कारण हर साल 30 लाख से ज़्यादा मौतें होती हैं। कम और मध्यम आय वाले देशों में, असुरक्षित देखभाल के कारण हर 100 में से 4 लोगों की मौत हो जाती हैं। 50 फीसदी से ज़्यादा नुकसान को रोका जा सकता है, इस नुकसान का आधा हिस्सा दवाओं से जुड़ी समस्याओं के कारण होता हैं। कुछ अनुमानों के अनुसार, प्राइमरी और एम्बुलेटरी सेटिंग्स में हर 10 में से 4 मरीज़ों को नुकसान पहुँचता है, जबकि




इस नुकसान में से 80 फीसदी तक को रोका जा सकता हैं। जैसे – दवा से जुड़ी गलतियाँ, असुरक्षित सर्जिकल प्रक्रियाएँ, हेल्थ केयर से जुड़े संक्रमण, जाँच या डायग्नोसिस में गलतियाँ, मरीज़ का गिरना, प्रेशर अल्सर, मरीज़ की गलत पहचान, असुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन और वीनस थ्रोम्बोएम्बोलिज्म। मरीज़ को होने वाले नुकसान से ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ में कमी आ सकती हैं। ग्लोबल स्तर पर, इस नुकसान की अप्रत्यक्ष लागत हर साल खरबों अमेरिकी डॉलर होती हैं।

हेल्थवॉइस - मेडिसर्कल मीडिया वेंचर जर्नल में प्रकाशित रिसर्च कहती है कि, दुनिया के सबसे बड़े और सबसे जटिल स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में से एक होने के नाते, भारत पर इस बोझ का एक बड़ा हिस्सा हैं। 18वीं सालाना मेडलीगल रिव्यू के अनुसार, अकेले 2025 में भारत में मेडिकल लापरवाही के 65,000 मामले दर्ज किए गए। ऐसे मामलों से सामने आए जोखिम एक बड़ी वैश्विक समस्या को दर्शाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि, असुरक्षित मेडिकल देखभाल के कारण हर साल अनुमानित 138 मिलियन मरीज़ों को नुकसान पहुँचता हैं। आजकल हर क्षेत्र में नकली उत्पाद की भरमार है, दवा बाजार भी इससे अछूता नहीं। नकली दवाओं का साम्राज्य तेजी से फलफूल रहा हैं। नकली दवाओं के नेटवर्क और उत्पादन में तेज़ी से हो रही बढ़ोतरी के कारण, नकली दवाओं को रोकने वाली पैकेजिंग का ग्लोबल मार्केट 2026 में 129 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया। महाराष्ट्र के सरकारी अस्पतालों में नकली दवाओं का जखीरा मिलने की वारदातें भी हो चुकी हैं। कुछ समय पहले ही सरकारी नागपुर मेडिकल महाविद्यालय व अस्पताल में यह पुष्टि हुई थी।

एक दौर था, जब चिकित्सक हाथों की नब्ज, आंखे, जबान देखकर ही बीमारियों का पता लगाते थे, शायद ही कभी टेस्ट करते थे। लेकिन आज चिकित्सालय में जाने पर अधिकतर बार पहले टेस्ट लिखकर दिया जाता है, फिर रिपोर्ट आने पर इलाज होता हैं। बहुत बार तो टेस्ट कहा करना और दवा कहा से लेना है यह भी तय होता हैं। चिकित्सक सरकारी अस्पतालों में सेवा देने के बजाय निजी अस्पतालों में कार्य को प्राथमिकता देते हैं। अधिकतर पाश्चिमात्य और विकसित देशों में चिकित्सक को कड़े कानून के तहत पूरी ईमानदारी और कौशल से स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने पड़ते है, मरीज के इलाज के दौरान थोडीसी भी गलती या लापरवाही पर चिकित्सक को जिम्मेदार ठहराते हुए उनका लाइसेंस जप्त किया जाता है और सजा दी जाती हैं। लेकिन हमारे देश में इलाज के दौरान होनेवाली लापरवाही पर ऐसी जवाबदेही तय नहीं है जो पारदर्शकता दर्शाये।

बाकी क्षेत्रों की तरह ही स्वास्थ्य क्षेत्र में भी धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार, जालसाजी और अनैतिकता की घटनाओं के बारे में खबरें देखने-सुनने को मिलती हैं। सोशल मीडिया के दौर में तो आये दिन इस क्षेत्र के वीडियो वायरल होते हैं। लेकिन दुनिया में केवल यही एक ऐसा क्षेत्र है, जहां चिकित्सक को अमूल्य जान बचानेवाले भगवान का दर्जा दिया जाता हैं। हर मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बेहद सहज ढंग से मिलनी चाहिए। केवल पैसों की कमी की वजह से किसी भी मासूम को जान गवाना ना पड़े। ग्रामीण, दूर-दराज, पिछड़े इलाकों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं की पकड़ मजबूत होनी चाहिए। सबको स्वास्थ्य सुविधा का अधिकार है, तो हर एक तक उसकी पहुंच भी होनी चाहिए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पुरानी खुन्नस में घर में घुसकर मारपीट, आठ घायल



**बिवार।** थाना क्षेत्र के भुगैचा गांव में मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। घटना में बच्चों और आठ माह की गर्भवती महिला समेत आठ लोग घायल हो गए। रामखिलावन ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि पड़ोसी अवधेश, प्रहलाद, सोनू, कामता, अंशु, मोनू और राजेश कुल्हाड़ी, डंडे व तमंचा लेकर घर में घुसे और परिवार के सदस्यों से मारपीट की। घायलों में अशोक, बीरा, टिल्लू, गणेश, रीता, नीतू, मयंक और उर्मिला शामिल हैं। पीड़ित के मुताबिक करीब एक वर्ष पहले दुकान पर कोल्ड ड्रिंक की बोतल को लेकर विवाद हुआ था, जिसकी खुन्नस में घटना हुई। थाना प्रभारी योगेंद्र प्रताप ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### धुएं से लगी आग में तीन मवेशी मरे गृहस्थी खाक

**सुमेरपुर।** पलरा गांव में मंगलवार रात मच्छर भगाने के लिए जलाए गए धुएं से छप्पर में आग लग गई। हादसे में तीन मवेशियों की जलकर मौत हो गई और गृहस्थी का सामान राख हो गया। पीड़ित बलराम प्रजापति के अनुसार रात करीब 12 बजे आग लगी। हादसे में दो बकरियां समेत तीन मवेशी जलकर मर गए। चार कुंतल गेहूं और गृहस्थी का सामान भी जल गया। पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर मदद की गुहार लगाई है।

### टप्पर में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**सुमेरपुर।** कस्बे में पशु बाजार के पास हाईवे किनारे टप्पर में बुधवार सुबह युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान बड़ा कछार निवासी गरीबा वर्मा (45) के रूप में हुई है। वह इमिलिया बाड़ा मोहल्ले में रहकर मजदूरी करता था। मृतक के भतीजे आनंद कुमार ने शव की शिनाख्त की। सूचना पर थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल और एसएसआई दुर्गेश राय मौके पर पहुंचे और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शराब पीने के बाद विवाद में हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रही है। परिजनों के अनुसार गरीबा बीमार रहता था और अविवाहित था।

### अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म में चार को उम्रकैद

**हमीरपुर।** मुस्करा थाना क्षेत्र में युवती को बहला-फुसलाकर अपहरण करने और मारपीट के बाद सामूहिक दुष्कर्म के मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने प्रत्येक पर अर्थदंड भी लगाया, कुल अर्थदंड 82 हजार रुपये है। पुलिस के अनुसार गहरौली गांव निवासी जितेंद्र उर्फ कल्लू, अनिल, पुत्र उर्फ धर्मेंद्र लोधी और कैलाश के खिलाफ 26 अक्टूबर 2022 को मुकदमा दर्ज हुआ था। मामला धारा 363, 376डीए, 324, 450 भादसं व पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस ने अभियोजन विभाग से समन्वय कर समयबद्ध ढंग से साक्ष्य कराए और प्रभावी पैरवी की। 16 सितंबर 2026 को न्यायालय ने चारों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विवेचक निरीक्षक विनोद कुमार, अभियोजक एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह और पैरोकार कांस्टेबल श्यामनारायण रहे।

### साइबर अपराध से बचाव को लेकर छात्रों को किया जागरूक



**समथर (झांसी)।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को छात्रों को साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक गंभीर सिंह ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, पासवर्ड, बैंक खाते से जुड़ी जानकारी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। संदिग्ध लिंक, मैसेज और फोन कॉल से भी सतर्क रहने की सलाह दी विद्यार्थियों को साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत करने और आवश्यक कदम उठाने की जानकारी दी गई। साथ ही सुरक्षित तरीके से इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम में साइबर सेल के कांस्टेबल प्रभात कुमार और महिला कांस्टेबल बिजमा यादव मौजूद रहीं।

### डोल ग्यारस पर परिषदीय विद्यालयों में अवकाश की मांग



**झांसी।** जनपद में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक एवं धार्मिक जलविहार महोत्सव (डोल ग्यारस) के अवसर पर समस्त परिषदीय विद्यालयों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग को लेकर यूटा जिलाध्यक्ष अंकित बाबू राय के नेतृत्व में जिलाधिकारी के नाम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि डोल ग्यारस जनपद की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक आयोजन, शोभायात्राएं एवं मेले आयोजित होते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन शामिल होते हैं। ऐसे में मार्गों पर भीड़ एवं आवागमन बढ़ने से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को विद्यालय आने-जाने में असुविधा तथा सुरक्षा संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। यूटा ने जनहित, विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा पर्व के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में डोल ग्यारस के अवसर पर एक दिवसीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में यूटा जिलाध्यक्ष अंकित बाबू राय एवं जिलामंत्री प्रशांत दीप बाजपेई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष मोहनलाल सुमन, जिला प्रवक्ता गौरव तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार सहित संगठन के पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में पंचायत मित्र की मौत

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के खम्हौरा गांव के मजरा शिवदयाल सिंह का पुरवा निवासी अनूप सिंह (40) पुत्र हरि सिंह मंगलवार की देर शाम महुआ ब्लॉक से काम निपटा कर बाइक से घर लौट रहा था। झांसी-मिर्जापुर नेशनल हाईवे पर गांव के लिए मुड़ते समय दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। घायल को सीएचसी अतर्रा से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे कानपुर लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भतीजे ने बताया कि अनूप सिंह गांव में पंचायत मित्र के पद में कार्यरत था।

# कूड़ा कलेक्शन में लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही, डीएम ने दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों की स्वच्छता व्यवस्था एवं विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और गीले-सूखे कचरे का स्रोत पर ही शत-प्रतिशत पृथक्कीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वयं अपने घरों से कचरा अलग करने की शुरुआत कर लोगों को जागरूक करने को कहा। डीएम ने एमआरएफ केंद्रों और कचरा प्रसंस्करण इकाइयों का क्षमता के अनुरूप प्रभावी संचालन कराने तथा आवश्यकतानुसार शिफ्टों में कार्य कराकर लिगेसी वेस्ट के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाएं कागजों तक सीमित न रहें, उनका असर जमीन पर दिखाई देना चाहिए। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। वेंडिंग जोन विकसित करने और सड़कों-फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने के लिए संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। तालाबों में उचित इनलेट-आउटलेट, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और पीएम स्वनिधि की भी समीक्षा हुई। जन शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर भी जोर दिया गया।

## सौंखर मोड़ पर घायल आल्हा गायक की मौत



**सुमेरपुर।** हाईवे के सौंखर मोड़ पर 14 सितंबर की रात घायल मिले आल्हा गायक चंद्रपाल सिंह (60) की मंगलवार शाम सदर अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बुधवार को उनके पुत्र धीरेंद्र सिंह ने मोर्चरी पहुंचकर शव की शिनाख्त की। महोबा जिले के खन्ना थाना क्षेत्र के मवई खुर्द निवासी चंद्रपाल सिंह सुमेरपुर के तीजा महोत्सव में आल्हा गायन के लिए आए थे। रात करीब एक बजे वह सौंखर मोड़ पर बेहोशी की हालत में मिले थे। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू की सूचना पर एंबुलेंस से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया था। उनके पास मिले मोबाइल से पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। हादसा कैसे हुआ और वह सौंखर मोड़ तक कैसे पहुंचे, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

# मौदहा में व्यापारियों को जीएसटी नियमों की दी जानकारी



**हमीरपुर।** मौदहा में पुराने बस स्टैंड के पास बुधवार को व्यापारियों के लिए पंजीयन जागरूकता कैम्प आयोजित किया गया। राज्य कर अधिकारी दुर्गा प्रसाद और घनश्याम सिंह पटेल ने व्यापारियों एवं व्यापार मंडल पदाधिकारियों को जीएसटी के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। अपंजीकृत व्यापारियों को जीएसटी में पंजीयन कराने के लिए प्रेरित करते हुए आवश्यक दस्तावेज और प्रक्रिया समझाई गई। कैम्प में रिटर्न फाइलिंग, ई-इनवायसिंग, ई-वे बिल, ई-मेल व मोबाइल नंबर अपडेट तथा जीएसटी 2.0 के बदलावों की जानकारी दी गई। नियम 14ए के तहत पंजीयन में सही दस्तावेज अपलोड करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने प्रत्येक आपूर्ति पर शत-प्रतिशत इनवायस जारी करने और जीएसटी नियमों का पालन करने का आह्वान किया। व्यापारियों ने विभाग के साथ संवाद कर नियमों के सरलीकरण पर भी चर्चा की।

## ऑपरेशन जागृति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**गुरसराय।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से श्री महावीर वाल शिक्षा संस्कार केंद्र में गुरसराय थाना पुलिस ने ऑपरेशन जागृति के तहत जागरूकता अभियान चलाया। क्षेत्राधिकारी पीयूष पांडेय ने छात्राओं से संवाद कर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, महिला हेल्पलाइन, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा और महिला संबंधी कानूनों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि किसी भी परेशानी की स्थिति में महिलाएं और बालिकाएं बिना झिझक पुलिस की मदद लें। उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करने और अनजान लोगों से ऑनलाइन संपर्क के दौरान व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह दी।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऑपरेशन जागृति का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के साथ उन्हें जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है। ग्रामीणों से भी महिला सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राम कुमार सिंह परिहार, शीतल शर्मा, रजनी चौहान, आशुतोष शर्मा, निर्मल शर्मा, कल्पना पटेरिया, हेमलता पटेरिया, अशोक अग्रवाल, रविंद्र गुप्ता, रामजी सोनी और संदीप श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## राठ किसान दिवस में योजनाओं की जानकारी, समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

**हमीरपुर।** राठ तहसील सभागार में किसान दिवस आयोजित कर किसानों की समस्याएं सुनी गईं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए। उप कृषि निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार ने पीएम किसान सम्मान निधि की लंबित किस्त के लिए ई-केवाईसी, आधार लिंकिंग, लैंड सीडिंग और फार्मर रजिस्ट्री पूरी कराने की जानकारी दी। किसानों से पराली न जलाने तथा उसके उचित प्रबंधन की अपील की गई। बुंदेलखंड एकीकृत विकास योजना में सोलर फेंसिंग से फसलों को जंगली व आवारा पशुओं से बचाने की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एनके यादव ने तोरिया की खेती के बारे में बताया। किसानों को पीएम फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, बागवानी, पैक हाउस, पीएम-एफएमई सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग ने पशुओं के टीकाकरण और चारा विकास

# जनगणना की तैयारियों को लेकर अफसरों को प्रशिक्षण



**हमीरपुर।** जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर बुधवार को विकास भवन के कल्पवृक्ष सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक और अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध और त्रुटिरहित ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में लखनऊ से आए जिला प्रभारी मेवा लाल ने डिजिटल डाटा संकलन, प्रपत्र भरने और स्व-गणना की प्रक्रिया समझाई। बताया गया कि नागरिक 16 से 30 नवंबर तक ऑनलाइन स्व-गणना कर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना करेंगे। इस दौरान 40 प्रश्नों के माध्यम से सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और व्यक्तिगत विवरण जुटाया जाएगा। अधिकारियों ने कार्मिकों के प्रशिक्षण और विभागीय समन्वय पर भी चर्चा की।

## ऑटो और लोडर की टक्कर में ऑटो चालक की मौत

**सुमेरपुर।** बांदा मार्ग में टेढ़ा गांव के आगे इसौली गांव से सवारियां छोड़कर गांव वापस आ रहे ऑटो में जसपुरा की ओर जा रहे लोडर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो चालक की मौके पर मौत हो गई। मृतक पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। टेढ़ा गांव निवासी रामप्रताप सिंह ने बताया कि उसका बेटा दीनू सिंह (27) किराए पर ऑटो लेकर चलाता था। बुधवार शाम करीब 5:30 बजे वह इसौली गांव में सवारियां छोड़कर ऑटो लेकर घर आ रहा था। तभी टेढ़ा इसौली के मध्य गुप्ता पेट्रोल पंप के पास जसपुरा की ओर जा रहे तेज रफ्तार लोडर ने ऑटो में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और चालक ऑटो में ही बुरी तरह फंस गया।आसपास खेतों में कार्य कर रहे किसानों ने ऑटो को तोड़कर फंसे चालक को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। यहां से चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर लोडर चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। अचानक हुई इस घटना से ऑटो चालक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक पांच भाइयों में चौथे नंबर का और अविवाहित था।

# फसल क्षति का ड्रोन के माध्यम से सत्यापन कराएं: जिलाधिकारी

- पराली जलाने से रोकने के लिए किसान रथ रवाना होगा
- न्याय पंचायत स्तर पर बीमा कंपनी लगाएगी कैंप

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी गौरांग राठी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। उन्होंने अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों की क्षति के सर्वे की जानकारी लेते हुए क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से फसल क्षति का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से किसानों की शिकायतों और समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ तत्काल निस्तारण करने को कहा।किसानों ने मूंगफली और उर्द की फसल में हुए नुकसान तथा फसल बीमा से संबंधित समस्याएं उठाईं। इस पर जिलाधिकारी ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को न्याय पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित कर किसानों को बीमा पॉलिसी, फसल के अनुसार प्रीमियम और क्लेम की प्रक्रिया की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित अंश के अनुसार ही फसल बीमा प्रीमियम काटा जाए, ताकि फसल क्षति की स्थिति में किसानों को क्लेम प्राप्त करने में परेशानी न हो। किसानों से बीमा क्लेम की जानकारी कृषि विभाग को भी उपलब्ध कराने को कहा गया। फसल अवशेष प्रबंधन कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी ने किसानों से खेत में पराली और अन्य कृषि अवशेष नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण के साथ मिट्टी के पोषक तत्व और मित्र कीट भी प्रभावित होते हैं, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। किसानों को निशुल्क वेस्ट डीकंपोजर कैप्सूल उपलब्ध कराकर पराली से खाद बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मोंठ, बड़ागांव और चिरगांव के किसानों को विशेष रूप से जागरूक करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने बताया कि एनजीटी के आदेश के अनुसार फसल अवशेष जलाना दंडनीय अपराध है। दो एकड़ से कम भूमि पर 2500 रुपये, दो से पांच एकड़ पर 5000 रुपये और पांच एकड़ से अधिक भूमि पर 15 हजार रुपये तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति वसूली का प्रावधान है। बार-बार उल्लंघन पर नियमानुसार अन्य दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। धान बाहुल्य क्षेत्रों में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए ग्राम पंचायतों को कड़ाई से निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

# स्वस्थ बेटी, सुरक्षित भविष्य के लिए छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण की दी जानकारी

- सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में जागरूकता शिविर
- सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उपाय बताए



**झांसी।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्राओं को एचपीवी संक्रमण और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए एचपीवी वैक्सीन एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति मुकेश पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया।शिविर में छात्राओं को एचपीवी संक्रमण, टीकाकरण के महत्व, व्यक्तिगत स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए टीकाकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं को सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम संयोजक नेहा मिश्रा ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए समय पर सही जानकारी और स्वास्थ्य जागरूकता जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से प्राप्त जानकारी को परिवार और समाज की अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं तक पहुंचाने की अपील की।कार्यक्रम में सत्येंद्र सिंह, गौरी फाउंडेशन के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी, प्रधानाचार्य कल्पना सिंह और स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी मौजूद रहे।

## पनवाड़ी में खरीफ फसल नुकसान के सर्वे के लिए बीमा व कृषि विभाग के अधिकारियों ने देखी हकीकत



**महोबा।** जिले में हुई भारी बारिश से खरीफ की उड़द, मूंग, तेल, मूंगफली, आदि की फैसले पूरी तरह तबाही हो गई है किसान परेशान है प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के किसानों ने 55 हजार से अधिक शिकायत दर्ज कराई है  जिला अधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग व बीमा कंपनी के अधिकारी गांव गांव जाकर सर्वे का कार्य कर रहे हैं बुधवार को बीमा कंपनी व कृषि बिभाग के अधिकारियों ने पनवाडी विकासखंड के अंतर्गत कई गांव में खरीफ की फसलों को मौके पर जाकर देखा इस दौरान टीम में बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ पंकज तिवारी के साथ कृषि विभाग की  संयुक्त टीम कृषि विभाग से लक्ष्मन बीमा कंपनी से मुकेश यादव जी बीमा कंपनी के साथ पनवाड़ी लेखपाल ब्रजेन्द्र पाल की सँयुक्त टीम के द्वारा अतिवृष्टि से हुये नुकसान को खेतों पर जा कर देखा किसानों की फसलें सत प्रतिसत नस्ट हो चुकी है किसानों को फसल नस्ट का सही मुआवजा दिया जाये टीम ने माना कि 100% नुकसान उड़द मूंग तेल में है साथ ही 80त्न नुकसान मूंगफली में भी देखा जा रहा है लेकिन फिलहाल अभी मूंगफली की फसल को छति में शामिल नहीं किया गया है जैसे ही मूंगफली की फसल का सर्वे होगा जल्दी किसानों को उसके भी नुकसान का आकलन किया जाएगा किसानों ने बीमा कंपनी को खेतों में जाकर पूरी हकीकत दिखाई हकीकत देखकर बीमा कंपनी के लोगों ने भी मन की बारिश से फसली पूरी तरह नष्ट हो गई है इस दौरान कोनिया प्रधान प्रतिनिधि रोहित राजपूत आदि लोग मौजूद है।

## अभिभावक बच्चों की क्षमताओं को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करें

**कोंच(जालौन)।** दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, देखभाल, पुनर्वास व उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से अभिभावकों को जागरुक व मार्गदर्शित केलिए पेरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 57 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन बीएसए विकास चौधरी के निर्देशन व जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शिवदीन चौधरी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत ने दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र  वितरित किए। काउंसलिंग के दौरान अभिभावकों को बच्चों की क्षमताओं को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करने, घर पर सीखने का अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने तथा विद्यालय व शिक्षकों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# 24 से 48 घंटे में बदलें जाएं खराब ट्रांसफार्मर: डीएम

- जर्जर तार-पोल व खुले ट्रांसफार्मरों पर तत्काल बैरिकेडिंग के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**



जिले में निर्बाध व सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर डीएम समीर ने वर्चुअल कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विद्युत आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मरों, उपभोक्ता शिकायतों के साथ विद्युत सुरक्षा से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्युत व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में खराब ट्रांसफार्मर 24 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे के भीतर अनिवार्य रुप से बदले जाएं। कहा कि जिन क्षेत्रों में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां केवल शिकायतों का निस्तारण ही नहीं बल्कि समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाए। कहा कि शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र, विद्युत कार्य के लिए शटडाउन लिया जाता है तो इसकी सूचना संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पहले से विधिवत उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को उपभोक्ताओं के फोन समय से रिसीव करने व विनम्र व्यवहार के साथ समस्या की सही जानकारी व समाधान का स्पष्ट समय बताने के निर्देश दिए। डीएम ने 'झटपट पोर्टल' पर प्राप्त उपभोक्ता आवेदनों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक रुप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने विशेष रुप से दिव्यांग उपभोक्ताओं को प्राथमिकता से लेते हुए आवश्यकता पड़ने पर उनके घर पहुंचकर समस्या का समाधान कराएं। उपभोक्ता टोल फ्री नंबर 1912 के साथ मोबाइल नंबर 7318124866 व 8004912655 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित विद्युत शिकायत कंट्रोल रुप के नंबर 05163-257090 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए।

# मां की आंखों के सामने चंद्रावल नदी में डूबकर लापता हुआ मासूम

- बच्चे की तलाश में जुटी एनडीआरएफ टीम और गोताखोर
- बुखार ग्रस्त पुत्र का इलाज कराने नांदादेव जा रही थी मां

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**

मां की आंखों के सामने ही पांच साल का मासूम बेटा अचानक चंद्रावल नदी के पानी में डूबकर लापता हो गया। मासूम पुत्र को बचाने को मां की चीख सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण नदी में कूद गए। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। सूचना पर पुलिस के साथ एनडीआरएफटीम और स्थानीय गोताखोरों ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पैलानी थाना क्षेत्र के पड़ोहरा गांव निवासी प्रियांशु पाल (5) पुत्र संतोष पाल को पिछले चार-पांच दिनों से बुखार आ रहा था। बुधवार को मां शशि पाल उसका इलाज करवाने नांदादेव गांव लेकर जा रही थी। मां अपने मासूम पुत्र को चंद्रावल नदी पर बने क्षतिग्रस्त रपटे की दीवार के ऊपर से निकाल रही थी। अचानक संतुलन बिगड़ जाने से मासूम रपटे से सीधे चंद्रायल नदी में गिर कर गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया। अपने मासूम पुत्र को बचाने को मां की चीख सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण नदी में कूद गए। काफी देर तलाश के बाद भी मासूम का कोई सुराग नहीं लगा। सूचना मिलते ही पैलानी एसडीएम भूपेंद्र सिंह, तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, नायब तहसीलदार वेद प्रकाश समेत जसपुरा और पैलानी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गया। एनडीआरएफटीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। गोताखोरों के साथ एनडीआरएफटीम ने खोज अभियान शुरू किया।

**जान जोखिम में डालकर टूटे रपटे से निकल रहे ग्रामीण:** ग्रामीणों का कहना है कि पड़ोहरा का रपटा करीब दो माह से क्षतिग्रस्त है। यहां से आवागमन बंद है। इसके कारण लोगों को आमारा गांव के रास्ते करीब 20 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। हालांकि कई ग्रामीण मजबूरी में टूटे रपटे से होकर ही आवागमन करते हैं। बुधवार का हादसा इसी जोखिम भरे रास्ते पर हुआ। घटना के दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के बीच थाना क्षेत्र को लेकर कहासुनी होने की बात भी सामने आई। हालांकि प्रशासन और पुलिस की प्राथमिकता बच्चे की तलाश और राहत-बचाव अभियान रही।

## जिले के तीन गांव में जल्द ही 60-60 मेगावाट के लगेंगे सोलर प्लांट

**ललितपुर।** विद्युत की समस्या को देखते हुए अब शासन की मंशा के रूप जनपद के कई गांव में सोलर प्लांट लगाए गए हैं, जिससे विकास की रफ्तार धीमी न पड़े। इसी क्रम में गोरा कला डोंगरा खुर्द और हँसार कला खुर्द में जल्द ही 60-60 मेगा वाट के कैप्टिव सोलर पावर प्रोजेक्ट की निजी कंपनी द्वारा तीन नए सोलर पावर प्लांट की स्थापना की जाएगी, इसके लिए कार्यवाही शुरू हो गई है और संबंधित उप जिला अधिकारियों को भूमि के चिंहीकरण के लिए पत्र जारी किए गए हैं।

# क्रोध के समान आत्मा का कोई दूसरा शत्रु नहीं: मुनि विशद सागर

**समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।**



क्षमा का अभाव क्रोध है, पर कहा यह जाता है कि क्रोध का अभाव क्षमा।क्रोध  आत्मा की एक ऐसी कमजोरी है जिसके कारण उसका विवेक समाप्त हो जाता है भले बुरे की पहिचान नहीं रहती। जिसपर  क्रोध आता है, क्रोधी उसे भला बुरा कहने लगता है क्रोध के समान आत्मा कोई दूसरा शत्रु नहीं है।

उक्त विचार जैन पार्श्वनाथ दि. जैन अटा मंदिर में पर्यूषण पर्व पर आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि विशद सागर महाराज ने व्यक्त करते हुए कहा जीवन में क्षमा का भाव रखो सभी के प्रति कमी कोई वैर नहीं होगा। उन्होने कहा ग्रहस्थ का धर्म स्वयं के हाथ में है वही दशलक्षण है। यह हमारी जिन्दगी है इनके साथ जो जिए वही धर्म है जो अभाव में जीते हैं वह स्वभाव में वदलें। संसार में कर्म जैसा चलाते हैं हम चलते हैं। प्रत्येक जीव अपने कर्मों के अनुसार फल भोगता है हमारे हाथ में कुछ भी नहीं है कर्म जो कराएगा कर्म जैसा कराएगा वैसा ही जिएगे।क्रोध एक आग है जो सबको जलाती है चिंगारी उठाती है और दिल को ठेस पहुंचाती है। दुश्मन के सामने क्रोध कर ले और अपनों के सामने राग यह आवक की परिणति है। धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलन श्रेष्ठीजनों एवं मंगलाचरण मनोज जैन बबीना द्वारा किया गया। धर्मसमा में सुषमा जैन, मेधा जैन एवं रिचा जैन, आरूश जैन ने तत्वार्थ सूत्र का वाचन किया जबकि अर्घ समर्पण का पुन्यार्जन महेन्द्र सर्राफ परिवार द्वारा किया गया गया। धर्मसभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन ने किया।

# फसल खराब होने से परेशान किसान ने फांसी लगा जान दी

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**

फसल खराब होने से परेशान एक किसान ने फांसी के फंदे पर झूल कर मौत को गले लगा लिया है सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को फांसी के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है पुलिस का कहना है कि फिलहाल पूरे मामले में जांच की जा रही है वहीं राजस्व बिभाग के लोग भी जांच के बाद मौत के से पर्दा उठने की बात कह रहे है। जिले के  खरेला थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक 52 साल के किसान हरगोविंद प्रजापति ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरगोविंद प्रजापति पुत्र बिंदा ने अपने खेत के पास बने एक फार्म के मकान में फांसी लगाई। परिजनों और एक फार्म के मकान में फांसी लगाई। परिजनों और आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। बताया जा रहा है कि तेज बारिश के कारण हरगोविंद की खेत में खड़ी फसल खराब हो गई थी। इससे वह काफी परेशान थे। उन पर काफी कर्ज होने की बात भी सामने आ रही है, जिसके चलते वे तनाव में थे। मृतक किसान के तीन बेटे हैं, जिनके नाम बाबूराम, राजू और नवल हैं।

# श्री शिव महापुराण कथा में राजनीतिक दिग्गजों का जमावड़ा

- उपराज्यपाल , दोनों उपमुख्यमंत्रियों समेत कई मंत्री पहुंचे
- केशव बोले, अयोध्या-काशी हमारी, अब कृष्ण जन्मभूमि की बारी



**समृद्धि न्यूज,रायबरेली।**

ऊंचाहार में चल रही पूज्य पं. प्रदीप मिश्रा की श्री शिव महापुराण कथा के छठवें दिन लाखों श्रद्धालुओं के बीच राजनीतिक दिग्गजों की मौजूदगी भी चर्चा का केंद्र रही। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई मंत्री, सांसद और विधायक कथा स्थल पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते आसपास की गलियां, चौराहे और रास्ते भी लोगों से भर गए। पूरे परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कथा का श्रवण किया और भगवान शिव की आराधना से जुड़े आध्यात्मिक संदेश की सराहना की। उन्होंने आयोजन से जुड़े कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय के प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के संबोधन से धार्मिक आयोजन में राजनीतिक चर्चा भी सामने आई। उन्होंने कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय के साथ अपने आत्मीय संबंधों का उल्लेख किया और आयोजन की व्यापकता की सराहना की। मौर्य ने कहा, अयोध्या-काशी हुई हमारी, अब कृष्ण जन्मभूमि की बारी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी कथा का श्रवण कर पं. प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद लिया। कथा के दौरान व्यासपीठ से शिवभक्ति के साथ सेवा, संस्कार और सद्भाव का संदेश दिया गया। पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन उनका नहीं, बल्कि ऊंचाहार की जनता और लाखों शिवभक्तों की श्रद्धा का आयोजन है। कथा में कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी, सुरेश खन्ना, दयाशंकर सिंह, अरुण सक्सेना, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, सुरेश राही और दयाशंकर मिश्रा 'दयालु' समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सांसद नीरज शेखर, विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायक और विधान परिषद सदस्य भी कथा स्थल पहुंचे।

### पीएम के जन्मदिन पर होगा महामृत्युंजय मंत्र का जप

कथा के अंतिम दिन 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विशेष अनुष्ठान होगा। कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय के संयोजन में होने वाले कार्यक्रम में सवा करोड़ महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जप प्रस्तावित है। वेदपाठी ब्राह्मणों के साथ लाखों श्रद्धालु प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना के लिए सामूहिक जप करेंगे। पं. प्रदीप मिश्रा की मौजूदगी में होने वाले इस विशेष अनुष्ठान को कथा के समापन कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बताया गया है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा और साहित्य के अंतर्संबंध पर संगोष्ठी

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान में भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'भारतीय ज्ञान परंपरा और साहित्य का अंतर्सम्बन्ध' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रकोष्ठ की संयोजिका एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष वंदना सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में वेद, उपनिषद, दर्शन, आयुर्वेद, व्याकरण और लोक परंपराओं का समग्र ज्ञान समाहित है। अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ. रत्नेश बरनवाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और साहित्य एक ही वृक्ष की दो शाखाओं के समान हैं। ज्ञान परंपरा इसकी जड़ है तो साहित्य उसका फल है। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार रावत ने साहित्य को गूढ़ ज्ञान को सरल एवं जनसुलभ बनाने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि रामायण और महाभारत से धर्मबोध तथा कालिदास और कबीर के काव्य से दर्शन एवं विज्ञान की समझ मिलती है। उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. निकहत रफीक ने प्रकृति और मनुष्य की एकरूपता पर विचार रखे। इस मौके पर डॉ. नीतू सिंह, डॉ. अतुल कुमार मिश्रा सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

### 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत-2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान केंद्र सरकार के 12 वर्षों एवं राज्य सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से जनजीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को प्रभावशाली एवं प्रभावी ढंग से जनसामान्य के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के अंतर्गत किए गए नीतिगत सुधारों, जनहितकारी कार्यों तथा देश एवं प्रदेश में हुए महत्वपूर्ण बदलावों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

## ध्रुव चरित्र ने दिया प्रेम और भक्ति का संदेश



व्यास पीठ की आरती उतारते यजमान

**सुलतानपुर।** सिविल लाइन गोलाघाट स्थित डॉ. विनोद कुमार सिंह के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस काशी से पधारे कथावाचक डॉ. प्रभाकर पाण्डेय ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रेम, भक्ति और कर्तव्य का संदेश दिया। ध्रुव चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में प्रेम, श्रद्धा और दृढ़ संकल्प का विशेष महत्व है। उन्होंने राजा पृथु के आविर्भाव और प्रजा के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा का वर्णन किया। पुरंजन प्रसंग की व्याख्या के साथ भूगोल, खगोल और जड़भरत प्रसंग भी सुनाया। अजामिल चरित्र के माध्यम से हरिनाम की महिमा बताई, जबकि भक्त प्रह्लाद के प्रसंग में नवधा भक्ति का वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।इस अवसर पर आशा सिंह, ऊषा सिंह, वंदना आर्य, विजय कुमार सिंह, डॉ. ए.के. मिश्र, प्रो. शक्ति सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रवीण कुमार मिश्र समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा प्रतिदिन शाम चार से रात आठ बजे तक आयोजित हो रही है।

### पीजी विषम सेमेस्टर का ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरना शुरू

**सुलतानपुर।** केएनआईपीएसएस की स्वायत्तशासी व्यवस्था के तहत परास्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के सत्र 2026-27 के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया 15 सितंबर से शुरू हो गई है। विद्यार्थी 29 सितंबर तक संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि एमए हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भूगोल, समाजशास्त्र, मध्यकालीन इतिहास, राजनीति विज्ञान, एमएससी रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, गणित तथा एमकॉम के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन करें। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद उसकी प्रति के साथ शुल्क रसीद, पूर्व सेमेस्टर की अंकतालिका तथा अपार आईडी की छायाप्रति संबंधित विभाग में जमा करनी होगी। निर्धारित अवधि में फॉर्म एवं अभिलेख जमा नहीं करने पर विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधान के चाचा को दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज, कुड़वार, सुलतानपुर।**



श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय

रविवार घर से खाद लेने निकले ग्राम प्रधान के चाचा की सड़क दुर्घटना में मौत की जानकारी मिलने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधान के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दे कि रविवार को कांग्रेसी नेता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व भगवती प्रसाद यादव के पुत्र प्रेम कुमार यादव निवासी बचनपुर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।जिसकी जानकारी होने पर मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय उनके घर पहुंचे।जहां उन्होंने मृत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।इस मौके पर प्रधान राजकुमार यादव, प्रदीप यादव,जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, जिला महासचिव मनोज तिवारी,आईसीसी सदस्य फिरोज खान, कांग्रेसी नेता लालपदमाकर सिंह, प्रवक्ता राजेश तिवारी, पी सी सी सदस्य राहुल त्रिपाठी, विधानसभा पूर्व प्रत्याशी निकलेश सरोज, पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका वरूण मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष नन्दलाल मौर्य सहित कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## सीएचसी पर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

- गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए माह में चार तिथियां निर्धारित

**समृद्धि न्यूज, कुड़वार, सुलतानपुर।**



गर्भवती महिलाओं की जांच करती स्वास्थ्य कर्मी

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 60 गर्भवती महिलाओं की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाएं वितरित की गईं। स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं की लंबाई, वजन और हीमोग्लोबिन की जांच की। आवश्यकता के अनुसार अल्ट्रासाउंड भी कराया गया। कमजोरी के लक्षण मिलने पर कुछ महिलाओं को चिकित्सकीय निगरानी में भर्ती कर आयरन सुक्रोज दिया गया। इसके अलावा महिलाओं का टीकाकरण भी किया गया। एलटी शालिनी त्यागी, स्टाफ नर्स शीतल, रेशमा बानो और रेनू मिश्रा ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। सीएचसी अधीक्षक वेदांत नारायण यादव ने गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त पानी पीने, ताजा भोजन और हरी सब्जियों का सेवन करने तथा नियमित रूप से टहलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या में चिकित्सक की सलाह के बाद ही दवा लें। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए माह में चार तिथियां निर्धारित हैं।

## खबरें एक नजर में

### यक्ष के सवाल और युधिष्ठिर के जवाब की परंपरा से जुड़ा है अजगरा



**प्रतापगढ़।** महाभारत के पर्व में वर्णित यक्ष-प्रश्न प्रसंग भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रश्न, तर्क, धर्म, सत्य, कर्तव्य और जीवन-मूल्यों से जुड़े महत्वपूर्ण संवाद के रूप में वर्णित है। कथा के अनुसार वनवास के दौरान पांडव एक सरोवर के पास पहुंचे, जहां यक्ष ने युधिष्ठिर से अनेक प्रश्न किए। युधिष्ठिर ने धैर्य और विवेक के साथ उनके उत्तर दिए। उनके उत्तरों से प्रसन्न होकर यक्ष ने पांडवों को जीवनदान दिया। अजगरा को स्थानीय परंपरा और मान्यता में इसी यक्ष-युधिष्ठिर संवाद से जुड़े पौराणिक स्थल के रूप में माना जाता है। यहां स्थित प्राचीन सरोवर को इस प्रसंग से जोड़ा जाता है। वर्तमान अजगरा महोत्सव को नही पहल के रूप में जिला धिकारी अभिषेक पाण्डेय द्वारा भव्य रूप देने का प्रयास किया गया है।

### केएनआईपीएसएस में ओजोन दिवस पर छात्र संगोष्ठी

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान (केएनआईपीएसएस) के भूगोल विभाग में मंगलवार को विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर छात्र संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह ने की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य ओजोन परत के संरक्षण और पराबैंगनी किरणों के हानिकारक प्रभावों से पृथ्वी पर जीवन की रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मंच संचालक डॉ. आरपी मिश्र के आह्वान पर इरम, दीपिका, आदित्य, शिखा, राजवैभव, आंचल, राजेंद्र कुमार व अंशिका यादव सहित स्नातक एवं परास्नातक विद्यार्थियों ने विचार रखे। डॉ. आरपी मिश्र ने कहा कि ओजोन परत मानव स्वास्थ्य, फसलों, जलीय जीवों और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करती है। डॉ. नम्रता वर्मा व अतुल कुमार वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रामशब्द व प्रभात सिंह का सहयोग रहा।

### हरिकेश कनौजिया बने प्रभारी एडीओ पंचायत

**चांदा, सुलतानपुर।** विकास खंड प्रतापपुर कमैचा में लंबे समय से रिक्त चल रहे सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पद पर सचिव हरिकेश कनौजिया को प्रभारी एडीओ पंचायत नामित किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत बुधवार को उन्होंने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। पद रिक्त होने के कारण पंचायत विभाग से जुड़े कार्यों के निस्तारण में दिक्कतें आ रही थीं। कार्यवाहक के रूप में सचिव गणेश कुमार मौर्य कार्य देख रहे थे। प्रभारी एडीओ के कार्यभार संभालने से ग्राम पंचायतों के लंबित कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। डोंगल सक्रिय होने के बाद पंचायतों में भुगतान प्रक्रिया सुचारु होने के साथ पंचायत सहायकों व केयरटेकरों के लंबित मानदेय के भुगतान में भी गति आने की संभावना है।

### रामलीला महोत्सव की तैयारियों पर हुई बैठक

**सुलतानपुर।** श्रीरामलीला ट्रस्ट समिति (नगर) की साधारण सभा की बैठक मंगलवार को शाम चार बजे संत तुलसीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामलीला मैदान में आयोजित हुई। बैठक में आगामी आठ अक्टूबर से शुरू होने वाले 15 दिवसीय रामलीला महोत्सव की तैयारियों को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। समिति पदाधिकारियों ने महोत्सव को सफल एवं सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया, जिस पर सदस्यों ने सहमति जताई। समिति की ओर से आमजन से रामलीला महोत्सव में सपरिवार पहुंचकर भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित रामलीला का दर्शन करने की अपील की गई। बैठक में राम निवास अग्रवाल, सुषमा मिश्रा, शैलेंद्र शुक्ल, सियाराम गुप्ता, राम उजागिर तिवारी, सौरभ त्रिपाठी, हरिब्रत मिश्र, अजय दूबे, लक्ष्मी नारायण मिश्र, राम प्रताप यादव, अजित उपाध्याय और प्रधानाचार्य सतीश कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।

## किसान दिवस में समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

- किसानों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**



किसान दिवस पर किसानों की समस्या सुनते डीएम इंद्रजीत सिंह

विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित किया गया। बैठक में किसानों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही निस्तारण की जानकारी संबंधित किसान को उपलब्ध कराने को कहा। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र प्रताप सिंह और जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला को किसानों के साथ बैठक कर आंवला, मत्स्य पालन और डेयरी क्षेत्र की संभावनाएं चिन्हित करने तथा कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय कृषि उत्पादों एवं गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 'एक जनपद-एक उत्पाद' के तहत कार्य करने पर जोर दिया।कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों को कृषि की समसामयिक गतिविधियों की जानकारी दी। पशुपालन विभाग ने पशु बीमा व योजनाओं से अवगत कराया। बैठक में कृषि, विद्युत, सिंचाई, उद्यान, मत्स्य, बैंकिंग और पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### दो बाइको की भिड़ंत मे एक युवक की मौत, तीन गंभीर

**रानीगंज-प्रतापगढ़।** देहांत कोतवाली क्षेत्र के छैवा पुल के पास मंगलवार की देर शाम दो बाइको की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे मे चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से सभी घायलो को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सको ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दो युवक बाइक से रानीगंज की तरफ से जा रहे थे। जब कि दुसरी बाइक पर सवार युवक देहात कोतवली की तरफ से रानीगंज की ओर आ रहे थे। इसी दौरान छैवा पुल के पास दोनो बाइको मे आमने सामवे जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषड़ थी की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे मे घायल 27 वर्षीय उत्तम सिंह पुत्र नागेंद्र बहादुर सिंह निवासी सिपाह महेरी को जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान मौत हो गई। वही इजाम, सचिन उमरवैशय, सूरज सोनी को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने गंभीर हालत मे प्रयागराज रिफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उत्तम की मौत से पिता नागेंद्र बहादुर सिंह मा सुशीला सिंह और बहने प्रीति और प्रिया रो रोकर बेहाल है।

## कार डंपर में घुसी, चालक की मौत, महिला गंभीर

**समृद्धि न्यूज,सताँव-रायबरेली।**

थाना क्षेत्र में बेलगाम रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। गंभीरपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार क्विड कार अनियंत्रित होकर पहले एक साइकिल सवार से टकराई और फिर भागने के प्रयास में आगे चल रहे डंपर में जा घुसी। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ में मौजूद महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, सरेनी थाना क्षेत्र के बोडी खेड़ा (धामपुर) निवासी भरत लाल तिवारी (29) तथा सागर (सरेनी) निवासी पदमा सिंह (50) पत्नी कुंवर बहादुर सिंह क्विड कार से लालगंज से बछरावां की ओर जा रहे थे। जैसे ही कार गंभीरपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंची, अनियंत्रित होकर उसने एक साइकिल सवार को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद चालक ने मौके से भागने की कोशिश की, जिससे कार पूरी तरह अनियंत्रित होकर आगे चल रहे डंपर में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवार गंभीर रूप से घायल होकर भीतर ही फंस गए। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 पीआरवी बिना देरी किए मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जतुवा टप्पा पहुंचाया।

## वाहन की टक्कर से कार सवार युवक की मौत, दो घायल

- दुर्घटना करने वाले वाहन की हो रही तलाश

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

हलियापुर थाना क्षेत्र से गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार भोर करीब चार बजे अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कार से बलिया से लखनऊ जा रहे कमलेश राय (38) पुत्र बांके बहादुर राय निवासी पन्दह, थाना सिकंदरपुर, जनपद बलिया, हरगोविंद पुत्र जरखन निवासी सम्भौर, थाना रामपुर कलां, जनपद सीतापुर और अनुज कुमार पुत्र किशोरीलाल निवासी सम्भौर, थाना रामपुर कलां, जनपद सीतापुर घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंचे एक्सप्रेसवे सुरक्षा कर्मियों ने तीनों घायलों को एंबुलेंस से सौ शैय्या अस्पताल पिठला, कुमारगंज, अयोध्या भेजा। उपचार के दौरान कमलेश राय की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल हरगोविंद और अनुज कुमार को ट्रामा सेंटर अयोध्या रेफर किया गया।थाना प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के भतीजे अमित कुमार राय पुत्र श्रीप्रकाश राय की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खोदी गई सड़कें बारिश में धंसी, आवागमन बधित



सर्वोदय नगर में धसा पडा खड़ंजा

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

अमृत योजना के तहत सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें बारिश के बाद लोगों के लिए मुसीबत बन गई हैं। नगर पालिका क्षेत्र के सर्वोदय नगर में रेलवे लाइन के समीप सीवर पाइप डालने के बाद सड़क की इंटरलॉकिंग तो करा दी गई, लेकिन बारिश होते ही सड़क कई स्थानों पर धंस गई। सीवर के चेंबर और पाइप के दोनों तरफकरीब तीन से चार फुट तक गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे रास्ते पर आवागमन बुरी तरह प्रभावित है। आपको बता दे कि आज दिनांक 16 सितंबर 2026 दिन बुधवार को समय करीब 9 बजे स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीवर लाइन डालने के दौरान सड़क की भराई और निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई। ऊपर से सड़क को समतल कर इंटरलॉकिंग करा दी गई, लेकिन पहली ही तेज बारिश ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए। सड़क धंसने से जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें वाहन फंसने और लोगों के गिरने का खतरा बना हुआ है।

### शिकायत के बाद गड्ढा भरने के बजाय और खोद दिया

स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क धंसने की शिकायत संबंधित विभाग से की गई थी। आरोप है कि समस्या का स्थायी समाधान करने के बजाय विभागीय कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पहले से खराब सड़क को और खोद दिया और इसके बाद वहां से चले गए। इससे रास्ते की स्थिति और खराब हो गई तथा लोगों का आवागमन लगभग बंद हो गया।

### हाईवे किनारे घायल पड़ा मिला अज्ञात बुजुर्ग

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीते मंगलवार की देर रात तकरीबन 9 बजे के आसपास चुरुवा गांव के निकट घायल अवस्था में हाईवे किनारे एक बुजुर्ग के पड़े होने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा एनएचएआई को दी गई। सूचना पर पहुंची भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एंबुलेंस ने उक्त घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा घायल अवस्था में उक्त बुजुर्ग का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं पुलिस के द्वारा घायल बुजुर्ग की विभिन्न माध्यमों से शिनाख्त की जा रही है।

## कटरा मेदनीगंज में जैन महापर्व पर्यूषण शुरू



**समृद्धि न्यूज, कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।**

श्री दिगम्बर जैन मंदिर कटरा मेदनीगंज में 16 सितंबर से विश्वशांति की कामना के साथ 12 दिवसीय महापर्व पर्वराज पर्युषण का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभनाथ (ऋषभदेव) का मंगलमंत्रों, वाद्य यंत्रों और जयकारों के बीच विधि-विधान से अभिषेक एवं शांतिधारा महाभिषेक संपन्न हुआ, जिसका सौभाग्य जानकी जैन, ध्रुव कुमार जैन, सीता देवी जैन एवं सुनील जैन को मिला। अभिषेक के उपरांत मंदिर परिसर में नित्य नियम पूजन, चतुर्विंशति तीर्थंकर विधान, स्वस्ति मंगल विधान, चौसठ ऋद्धियों को अर्घ्य, तीर्थंकर पूजन और दशलक्षण विधान का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर भक्ति प्रकट की और महिलाओं ने भव्य आरती उतारी। जैन समाज के अध्यक्ष ऋषभ चंद्र जैन ने पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि पर्युषण मानव को भोग से योग की ओर ले जाने वाला संयम, साधना और उपवास का पर्व है। महामंत्री प्रदीप कुमार जैन ने कहा कि यह पर्व हमें उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य जैसे दस धर्मों को अपनाने का संदेश देता है, वहीं ध्रुव कुमार जैन ने इसे आत्मा के विकारों को दूर कर आत्मदर्शन करने का माध्यम बताया। इस दौरान भगौती प्रसाद जैन, संदीप जैन, शैलेश जैन, सुधीर जैन, राजीव जैन, अंकुर जैन, अंकित जैन, निर्मल जैन, संतोष जैन और सोहन लाल जैन सहित पूरा जैन समाज उपस्थित रहा। 12 दिनों तक चलने वाले इस पर्व का समापन 27 सितंबर 2026 को होगा।

### वायुसेना के रिटायर्ड अफसर और बेटे के साथ मारपीट

- पूर्व पार्षद समेत तीन पर मुकदमा दर्ज
- बाइक ठीक से चलाने को लेकर हुआ विवाद

**समृद्धि न्यूज़,प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र में वायुसेना के रिटायर्ड वारंट अफसर और उनके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मोटरसाइकिल ठीक से चलाने की बात कहने पर विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद पूर्व पार्षद समेत तीन लोगों ने पिता-पुत्र के साथ मारपीट की। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छोटा बघाड़ा निवासी प्रताप बहादुर सिंह वायुसेना में वारंट अफसर के पद से रिटायर्ड हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा सुधीर कुमार मोटरसाइकिल से बाल कटवाकर घर लौट रहा था। पूर्वांचल चौराहे के पास उसकी मोटरसाइकिल में एक अन्य बाइक सवार ने टक्कर मार दी। सुधीर ने मोटरसाइकिल ठीक से चलाने की बात कही तो आरोप है कि दूसरे पक्ष के युवक ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद के दौरान पूर्व पार्षद नितिन यादव उनका भतीजा और एक अन्य युवक मौके पर पहुंच गए। तीनों ने सुधीर को रॉड और पाइप से पीटा। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। बेटे के साथ मारपीट की जानकारी मिलने पर प्रताप बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बेटे को बचाने और विवाद शांत कराने की कोशिश की। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। तहरीर में फौजी होने को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी और अपशब्द कहे जाने का भी आरोप लगाया गया है। कर्नलगंज पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों और आरोपों की जांच कर रही है।

## प्रधानाचार्य की बर्बरता
## प्रार्थना सभा में छात्र को बेरहमी से पीटा

**समृद्धि न्यूज,प्रयागराज।**

प्रयागराज के थरवई थाना क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाला और विचलित करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पर स्कूल की प्रार्थना सभा में एक छात्र की बेरहमी से पिटाई करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित छात्र पहले से ही आंख की गंभीर बीमारी से जूझ रहा था और इस मारपीट के बाद उसकी आंख से धुंधला दिखाई देने लगा है। पीड़ित परिवार ने थरवई थाने में शिकायत दर्ज कराकर एफआईआर और सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता रामराज पटेल निवासी ग्राम सोपराबारी, थाना- थरवई, जिला प्रयागराज के अनुसार उनका बेटा कुलदीप पटेल पंडित जवाहर लाल इण्टर कालेज भोपतपुर सहसों प्रयागराज में कक्षा 11 का छात्र है। कुलदीप शांत स्वभाव का छात्र है। 15 सितंबर को कुलदीप हमेशा की तरह समय पर अपने घर से स्कूल के लिए निकला था। वह सुबह लगभग 8:00 बजे स्कूल की प्रार्थना सभा में शामिल हुआ। आरोप है कि प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों की लाइन को आगे-पीछे करने की बात को लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश सिंह अचानक उग्र हो गए। उन्होंने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए छात्र कुलदीप पटेल को आंख, कान और चेहरे पर ताबड़तोड़ थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। पीड़ित के पिता ने बताया कि कुलदीप की आंख में पिछले कई वर्षों से अत्यधिक परेशानी (गंभीर बीमारी) है। उसका इलाज प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और चेन्नई के प्रसिद्ध शंकर नेत्रालय जैसे अस्पतालों में चल रहा है। प्रधानाचार्य द्वारा आंख और कान पर बेरहमी से किए गए वार के कारण कुलदीप को गंभीर चोटें आई हैं। पिटाई के बाद से उसकी आंख से धुंधला दिखाई देने लगा है, जिससे परिवार बेहद सदमे और चिंता में है। घटना के बाद पीड़ित छात्र के पिता रामराज पटेल ने थरवई थाना प्रभारी को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पत्र में मांग की गई है कि बच्चों के भविष्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले तथा इस तरह की गंभीर क्रूरता करने वाले प्रधानाचार्य राजेश सिंह के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तत्काल उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस से जल्द से जल्द प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने का अनुरोध किया है।

# जीडी गोयनका स्कूल में 'कैट्स डे एडवेंचर कैंप' का रोमांच

## साहसिक गतिविधियों में बच्चों ने दिखाया उत्साह, रोमांच से खिले चेहरे

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में 'कैट्स डे एडवेंचर कैंप' का रोमांचक एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कैंप में विद्यार्थियों को विभिन्न साहसिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का अनुभव कराया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

कैंप के दौरान बच्चों ने जॉर्बिंग बॉल (गेंद के आकार के बड़े पारदर्शी गोले में रोमांचक गतिविधि), तीरंदाजी (आर्चरी), बंदूक एवं पिस्टल शूटिंग (निशानेबाजी), कैप्चरिंग कमांडो टनल (कमांडो सुरंग पार करना), टेंट पिचिंग (तंबू लगाना) जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने जिग-जैग जंपिंग (टेढ़े-मेढ़े रास्ते में छलांग लगाना), वॉल क्लाइंबिंग (दीवार पर चढ़ना), इंस्टेंट वॉल (तुरंत चढ़ाई वाली दीवार), डार्ट हिट (लक्ष्य पर निशाना लगाना) तथा डक बैलेंसिंग (संतुलन बनाए रखने की गतिविधि) में भी अपनी प्रतिभा और साहस का प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, एकाग्रता, शारीरिक संतुलन, साहस, टीम भावना और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता विकसित करने का प्रयास किया गया। रोमांच से भरपूर गतिविधियों में भाग लेकर बच्चे बेहद आनंदित नजर आए। उनके चेहरे पर उत्साह और खुशी साफ दिखाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं और उनमें आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। 'कैट्स डे एडवेंचर कैंप' विद्यार्थियों के लिए एक यादगार और रोमांचकारी अनुभव बन गया।



## लाभार्थियों को समय पर लाभ न मिला तो होगी कार्रवाई



कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता और नंदिनी कृषक नंदनी समृद्धि/मिनी नंदिनी योजना की समीक्षा में लापरवाही पर सख्ती के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं होगी। गोवंश सहभागिता योजना में प्रति गाय प्रतिमाह मिलने वाली 1500 रुपये की सहायता का सत्यापन कर वंचित लाभार्थियों का माहवार विवरण शासन को भेजने के निर्देश दिए। नंदिनी योजना के लंबित ऋण प्रकरणों का बैंकवार और कारणवार ब्योरा मांगा। अनावश्यक देरी वाले मामलों का तत्काल निस्तारण कराने को कहा। बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास समेत अधिकारी मौजूद रहे।

# 35 घंटे बाद भी नहीं हुआ युवक का अंतिम संस्कार

▸ दीवार के पिलर में लगे फंदे पर लटका मिला था युवक का शव

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के असालताबाद गांव में मंगलवार सुबह 20 वर्षीय शिवा का शव मकान की छत पर बने पिलर में रस्सी के फंदे से लटका मिला था। हत्या की आशंका के चलते परिजनों ने 35 घंटे तक अंतिम संस्कार नहीं किया।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसके बाद शव गोपाल नगर लाया गया। बुधवार को जमीन-मकान विवाद को लेकर दोनों पक्षों में सहमति बनी। परिजनों के अनुसार, शिवा की जन्म देने वाली मां के नाम जमीन-मकान किए जाने को लेकर इकरारनामा हुआ। इसके बाद अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक की मां कुशमा देवी ने बताया कि वीरपाल और सुधा की संतान नहीं थी, इसलिए उन्होंने शिवा को गोद लिया था। वीरपाल की 2021 में मौत हो गई थी। परिजनों के अनुसार जमीन-मकान में हिस्सेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। सोमवार को भी विवाद हुआ था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सुधा के अनुसार, सुबह चार बजे शिवा ऊपर गया था। 30 मिनट बाद फंदे पर मिला। पुलिस अब मामले की गंभीरता से छानबीन कर रही है।

## मेरे बन गए बिगड़े काम गजानन तेरे आने से



दूसरे दिन पंडाल में उमड़ा भक्तों का सैलाब

छिबरामऊ, कन्नौज। जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी (फर्रूखाबाद रोड) में चल रहे श्री गणेश महोत्सव में दूसरे दिन भक्तों का जन सैलाब उमड़ा पड़ा। कार्यक्रम की शुरुआत विश्व सनातन शक्ति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने भगवान श्री गणेश जी की आरती से की। मेरे बन गए बिगड़े काम गजानन तेरे आने से भक्ति गीत पर प्रतिभा तिवारी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। श्री कृष्ण के रूप में सजे देवांश चौहान ने भी खूब तालियां बटोरी। गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। कल्लू, कृष्ण सविता, आशिक, मानवी मिश्रा, लक्ष्मी, अंशिका, प्रियांशु ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर रजनी सक्सेना, मीना मिश्रा, अनामिका तिवारी, दिव्या, रंजना गुप्ता, आरती, प्रशांत त्रिपाठी एडवोकेट, आशू शाक्य, पवन गुप्ता, राजू गुप्ता, मनु गुप्ता, अंकित गुप्ता, अभय गुप्ता, दीपू, स्पर्श तिवारी, यश तिवारी आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# राजस्थानी लोक कला एवं संस्कृति से रूबरू हुए छात्र

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।





भारतीय लोक संस्कृति की विविधता, समृद्ध परंपराओं और लोक कलाओं से विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से स्पिक मैके एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थानी पारंपरिक संगीत एवं लोक नृत्य का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सुप्रभाष अकादमी के तरंग रंगमंच तथा सीबीएसई से संबद्ध जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। प्रसिद्ध राजस्थानी लोकगीत केसरिया बालम पधारो म्हारे देश की मधुर प्रस्तुति ने वातावरण को राजस्थान की लोक-सुगंध से भर दिया। खड़ताल पर उस्ताद भुंगर खान की अद्भुत जुगलबंदी ने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोलक पर भुट्टा खान व हारमोनियम पर सादिक खान ने शानदार संगत करते हुए सुर और ताल का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। वहीं निंबुड़ा-निंबुड़ा, थारी शरारत सब जानूं मैं चौधरी, म्हारो पल्लो लटके- सहित विभिन्न लोकगीतों की प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कालबेलिया नृत्य रहा। आ रा रा रा... की धुन पर कालबेलिया नृत्यांगनाओं रवीना एवं मोनिका ने अपनी लयबद्ध एवं रोमांचकारी प्रस्तुति से विद्यार्थियों को आश्चर्यचकित कर दिया। शरीर को अद्भुत लचक के साथ मोड़ते हुए आंखों की पलकों से अंगूठी उठाने जैसी कला ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। कार्यक्रम में बरसात गीत में वारी जाऊं, बलिहारी जाऊं भजन, निंबुड़ा-निंबुड़ा, लुक छुप न जाओ जी, म्हारो पल्लो लटके तथा दमादम मस्त कलंदर जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। कलाकारों ने दमादम मस्त कलंदर की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का भावपूर्ण समापन किया। ज्ञातव्य है कि संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित उस्ताद भुंगर खान अपनी विशिष्ट खड़ताल वादन शैली और राजस्थानी लोक संगीत के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध हैं तथा कोक स्टूडियो के माध्यम से भी उन्होंने व्यापक पहचान बनाई है। जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य डॉ. शैलेंद्र कुमार मिश्रा, प्रबंधक हिमांशु सक्सेना, नसीम जमा खान, एडवोकेट प्रणव सक्सेना एवं रोहित सक्सेना ने कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। वहीं सुप्रभाष अकादमी में चेयरपर्सन विभा रानी सक्सेना, प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने सुश्री रवीना एवं सुश्री मोनिका को तथा प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने उस्ताद भुंगर खान एवं उनकी टीम के कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## एफएलएन के सातवें बैच का समापन



छिबरामऊ, कन्नौज। फर्रूखाबाद रोड स्थित ग्लोबल एजुकेशन सेंटर में फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) प्रशिक्षण के सातवें बैच का समापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शिक्षकों को जनगणना प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैच के अंतिम दिन आयोजित ऑनलाइन क्विज में प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। क्विज में यज्ञदीप सैनी ने प्रथम, रवि दुबे ने द्वितीय तथा नरेंद्र कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन डेमो सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों द्वारा कुल 17 डेमो प्रस्तुत किए गए। इनमें रवि दुबे, दीपमाला, आलोक प्रताप सिंह और यज्ञदीप सहित कई शिक्षकों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। इस दौरान ईआरपी राजेश गौतम ने एचपीसी कार्ड के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। अंग्रेजी का सत्र रावेन्द्र राजपूत तथा गणित का सत्र हेमंत कुमार द्वारा संचालित किया गया। समापन समारोह में अर्चना चतुर्वेदी (एआरपी), योगेश यादव (एआरपी), दीपमाला, आलोक प्रताप सिंह, शिवेंद्र सिंह, रानू गुप्ता, विष्णु प्रकाश सिंह, सुवेश कुमार, सत्यम त्रिपाठी सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## दुकान में ताला लगाने और रास्ता रोककर धमकी देने का आरोप

छिबरामऊ, कन्नौज। मोहल्ला पीपल वाली गली निवासी अखिलेश चंद्र राठौर ने थाने में तहरीर देकर अपनी भाभी पर दुकान में ताला लगाने, गाली-गलौज करने और रास्ता रोककर मारपीट पर आमादा होने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में अखिलेश चंद्र ने बताया कि वह चार भाई हैं। 14 जून को पंचों की मध्यस्थता में घरेलू बंटवारा हुआ था। इसमें उन्हें खाली जगह मिली थी। पंचों की मौजूदगी में तय हुआ था कि वह तीन माह में ब्यूटी पार्लर की दुकान और एक वर्ष में मकान खाली कर देंगे। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने तय समय में सामान निकालना शुरू कर दिया था। आरोप है कि 13 सितंबर को वह दुकान से फर्नीचर निकाल रहे थे, तभी भाभी ज्योति राठौर पत्नी शिवेश चंद्र राठौर ने दुकान में ताला लगा दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गईं। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्रित हुए, जिसके बाद वह झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर चली गईं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि 16 सितंबर की सुबह करीब नौ बजे रास्ता रोककर फिर गाली-गलौज और धमकी दी गई। इससे परिवार भयभीत है। पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

## ग्राम पंचायत तेराजाकेट के पूर्व प्रधान राजीव दुबे का निधन



गुरसहायगंज,कन्नौज। तालग्राम ब्लाक की ग्राम पंचायत तेराजाकेट के पूर्व प्रधान राजीव दुबे का आज निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति दें। पूर्व प्रधान के निधन की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी उनके आवास पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। इससे पहले नगर निवासी शिक्षक मोहम्मद अकील अहमद की कैंसर पीड़ित पत्नी के निधन पर भी पूर्व विधायक उनके आवास पर पहुंचे थे और परिवार को सांत्वना दी थी। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि राजीव दुबे मिलनसार और सामाजिक व्यक्ति थे। ग्राम पंचायत के विकास में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें।

## बाबा अजयपाल मंदिर में होगा सुविधाओं का विस्तार



कन्नौज। शहर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान से जुड़े बाबा अजयपाल मंदिर के विकास को अब रफ्तार मिलेगी। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बुधवार को मंदिर पहुंचकर स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं से सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की। मंदिर को भव्य स्वरूप देने के लिए कई विकास कार्यों पर सहमति बनी। मंदिर के मुख्य मार्ग पर आकर्षक प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। मंदिर तक पहुंचने वाली गली के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के निर्देश भी मंत्री ने दिए। श्रद्धालुओं को धूप और बारिश से राहत देने के लिए मंदिर परिसर में शेड की व्यवस्था कराई जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों को सभी प्रस्तावित कार्यों की डीपीआर बुधवार को ही तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कन्नौज की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरोहरों का संरक्षण और विकास सरकार की प्राथमिकता है। मंदिर में सुविधाएं बढ़ने से स्थानीय नागरिकों के साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को भी राहत मिलेगी।

## चकबंदी के खिलाफ किसानों का कलेक्ट्रेट पर हल्लाबोल



▸ बरौली के सैकड़ों किसानों ने किया प्रदर्शन, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

कन्नौज। तहसील क्षेत्र के बरौली गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को लेकर किसानों का आक्रोश मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच गया। सैकड़ों किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन कर चकबंदी अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। किसानों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर प्रक्रिया की जांच और समस्याओं के समाधान की मांग की। किसानों का आरोप है कि चकबंदी विभाग से जुड़े कथित दलाल पूंजीपतियों से सांठगांठ कर रिश्वत के जरिए उनकी बेशकीमती जमीनें प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। किसानों ने कहा कि चकबंदी प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है और उनकी आपत्तियों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार चकबंदी अधिकारियों के अलावा कन्नौज सदर विधायक और प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण से भी प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई जा चुकी है। इसके बावजूद समस्या का समाधान न होने से किसानों में नाराजगी बढ़ती गई।
किसानों ने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच कर उनकी जमीनों से जुड़ी शिकायतों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

## मिस्टर इंडिया बॉडीबिल्डर प्रतियोगिता में शाहबाज अली जीते




समृद्धि न्यूज़, समधन। लखनऊ स्थित कबीर वाटिका में 13 सितंबर 2026 को आयोजित मिस्टर इंडिया बॉडीबिल्डर प्रतियोगिता में कस्बा समधन निवासी शाहबाज अली पुत्र आसिफ अली ने प्रतिभाग कर शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों एवं नगरवासियों में खुशी का माहौल है। शाहबाज की सफलता पर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शाहबाज अली ने बताया कि वह बीते करीब दो वर्षों से नियमित रूप से जिम में फिटनेस की तैयारी कर रहे हैं। इसी दौरान उनके मन में बॉडीबिल्डर के क्षेत्र में आगे बढ़कर प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने और अपने परिवार के साथ-साथ नगर एवं जनपद का नाम रोशन करने का सपना था। उन्होंने कहा कि लगातार मेहनत, अनुशासन और लगन के चलते उनका सपना अब पूरा हुआ है। मिस्टर इंडिया बॉडीबिल्डर प्रतियोगिता में जीत हासिल करना उनके लिए गर्व की बात है। शाहबाज ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, परिवार के सहयोग और अपने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। शाहबाज की इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों और नगरवासियों ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# गीता इंटर कॉलेज में शांति यज्ञ में जुटे लोग

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।



विधानसभा 196 छिबरामऊ क्षेत्र के नगर गुरसहायगंज निवासी गीता इंटर कॉलेज के प्रबंधक रामनाथ प्रजापति के शिक्षक पुत्र सचिन कुमार प्रजापति की कुछ दिन पूर्व ट्रक दुर्घटना में हुई दर्दनाक मौत के बाद बुधवार को उनके आवास पर शांति यज्ञ का आयोजन किया गया।

शांति यज्ञ में नगर के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रजापति उर्फ राजू, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरुण कुमार शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव, मुजफ्फर खान, शहनवाज सिद्दीकी, मोहित यादव, शिल्पी यादव, शाहिद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और हृदय विदारक है। सचिन प्रजापति एक होनहार, मिलनसार और शिक्षित युवक थे। उनका इस तरह असमय चले जाना पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दुख की घड़ी में समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता प्रजापति परिवार के साथ खड़ा है।

## गांवों में सपा ने तेज किया जनसंपर्क

कन्नौज। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क और संगठन विस्तार की गतिविधियां तेज कर दी हैं। बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर कन्नौज विधानसभा क्षेत्र के खिम्मापुरुवा, किल्वापुर आंटी और मलिकापुर में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का मकसद ग्रामीणों के बीच पहुंच बढ़ाने, उन्हें पार्टी की नीतियों और लक्ष्यों से जोड़ने तथा बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना रहा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सपा गांव-गांव पहुंचकर जनता की समस्याओं को समझने और उन्हें संगठन से जोड़ने का अभियान चला रही है। मुख्य आयोजक संतराम प्रजापति के साथ पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, यश दोहरे, सशिमा सिंह, देवेंद्र कुमार प्रजापति, राजेश पाल, रोहित कुशवाहा, सुधीर कश्यप, संतोष प्रजापति, मूलचंद प्रजापति, मुकेश प्रजापति समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवजन सभा के जिलाध्यक्ष का पूर्व विधायक ने किया स्वागत

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।



समाजवादी युवजन सभा के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष राजू इदरीसी का स्वागत पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने अपने आवास पर किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव, प्रोफेसर अरुण शर्मा, वसीम हसन, लल्ला दुबे, विनोद यादव, शिल्पी यादव, मोहम्मद आजाद प्रधान, अजय यादव, मुजफ्फर खां, अतीक चिश्ती, नफीस खान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने एक कर्मठ और जुझारू नौजवान को युवजन सभा की जिम्मेदारी सौंपी है। राजू इदरीसी लंबे समय से पार्टी के लिए निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व में युवा टीम गांव-गांव जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी।

आज प्रदेश में नौजवान, किसान, बेरोजगार सभी परेशान हैं, ऐसे में समाजवादी युवजन सभा की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हम सभी मिलकर पीडीए - पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक को मजबूत करेंगे और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। वहीं समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन ने राजू इदरीसी के रूप में एक ऊर्जावान नेतृत्व चुना है।

युवजन सभा समाजवादी पार्टी की रीढ़ है। हमारा लक्ष्य है कि जनपद के हर बूथ पर युवा कार्यकर्ताओं की टीम तैयार हो। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने जो पीडीए का नारा दिया है, उसे हम धरातल पर उतारेंगे। युवाओं को रोजगार, शिक्षा और सम्मान दिलाना ही समाजवादी पार्टी का मुख्य लक्ष्य है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवजन सभा पूरी ताकत से काम करेगी।

# ईवीएम-वीवीपैट एफएलसी पर कड़ा पहरा, बिना आईडी प्रवेश नहीं




समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों के तहत 17 सितंबर से ईवीएम-वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) शुरू होगी। बुधवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने एफएलसी हॉल का निरीक्षण कर सुरक्षा और पारदर्शिता के निर्देश दिए। बिना वैध आईडी प्रवेश नहीं मिलेगा। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और स्पाई पेन प्रतिबंधित रहेंगे। प्रवेश से पहले मेटल डिटेक्टर से जांच होगी। पूरी प्रक्रिया की सीसीटीवी और वेबकास्टिंग से निगरानी होगी। एफएलसी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार होगी। डीएम ने सुरक्षा बल, अग्निशमन उपकरण और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सीएम पर टिप्पणी को लेकर नेहा बोरा के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कन्नौज। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में भाजपा कन्नौज के जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो की जांच कर आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के मुताबिक, 14 सितंबर को गोरखपुर के गोकुल अतिथि भवन में आयोजित महाजुटान' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के संबंध में कथित तौर पर 'गुंडा', 'दंगाई' और 'लमफट' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया। अभिषेक पाण्डेय का कहना है कि सरकार की नीतियों और जनप्रतिनिधियों की आलोचना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक मंच से संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के प्रति अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल की जांच होनी चाहिए।

# विद्यार्थियों को विद्यालय परिषद में शामिल कर सौंपी गईं जिम्मेदारियां

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।




वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में आयोजित भव्य अलंकरण समारोह में विद्यार्थियों को विद्यालय परिषद में शामिल कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिषद के चयनित छात्र-छात्राओं को बैज एवं पद की जिम्मेदारियाँ प्रदान की गईं। विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण कर विद्यालय के नियमों का पालन करने, अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा विद्यालय की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया।प्रधानाचार्य मो. आसिम मंसूर ने कहा कि अलंकरण समारोह केवल पद और बैज प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा सच्चा नेतृत्व दूसरों पर अधिकार जमाने में नहीं, बल्कि सभी के साथ मिलकर कार्य करने और विद्यालय की प्रगति में योगदान देने में है। विद्यालय परिषद के सभी सदस्य अपने आचरण से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनें तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें। प्रबंधक विमलेश दुबे ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों को नेतृत्व की जिम्मेदारी देना उनके व्यक्तित्व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और उनमें नेतृत्व, अनुशासन, सहयोग तथा जिम्मेदारी की भावना विकसित करना विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा आप सभी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें तथा अपने विद्यालय, अभिभावकों और समाज का नाम रोशन करें। नेतृत्व का अर्थ सेवा, सहयोग और जिम्मेदारी है। अलंकरण समारोह में विद्यालय परिषद के नव-नियुक्त सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया।

**विद्यालय परिषद में शामिल छात्र छात्राएं:** अभव्या दुबे व आंशिका गुप्ता को गर्ल्स कौंसिल हेड, विशेष को स्कूल कैप्टन, अंजलि मिश्रा को स्कूल वाईस कैप्टन, कृष्णा गुप्ता को स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन, सताक्षी दुबे को स्कूल स्पोर्ट्स वाईस कैप्टन बनाया गया। इसके साथ ही नेहरू हॉउस, गाँधी हाउस, बोस हाउस और पटेल हाउस में भी कैप्टन, वाईस कैप्टन स्पोर्ट्स कैप्टन एवं स्पोर्ट्स वाईस कैप्टन बनाये गए।

## सूचना

सूचना मेरे पुत्र कासिफ का आचरण अच्छा न होने पर उनसे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। आशिफ पुत्र शरीफ मोहम्मद, निवासी मोहल्ला गांधी नगर, थाना गुरसहायगंज, तहसील छिबरामऊ (कन्नौज)।




# सीसीटीवी की मदद से दबोचे गए दो बाइक चोर

- तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद
- शौक पूरे करने के लिए करते थे चोरी

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

शमसाबाद थाना पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की कुल तीन मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 14 सितंबर को मोहल्ला मूलचंद निवासी अनुराग शुक्ला ने शमसाबाद थाने में अपनी बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति बाइक चुराते हुए दिखाई दिए। फुटेज के आधार पर और मुखबिर की सटीक सूचना पर चेकिंग के दौरान दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में लेखराज पुत्र छोटेलाल मूल निवासी अफतियापुर थाना जलालाबाद, शाहजहांपुरय हाल निवासी लौकहा, थाना पाली हरदोई व दूसरा आरोपी हरिओम पुत्र हरिपाल सिंह निवासी बेला बरई, थाना शमसाबाद है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस के सामने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए कहा हम लोग अपने खर्च और शौक को पूरा करने के लिए चोरी करते थे।


घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक

आरोपियों के पास से दो हीरो स्पलेण्डर बाइक व हीरो स्पलेण्डर प्लस इंजन हुई है। दोनों अभियुक्तों का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। दोनों के खिलाफ गौतम बुद्ध नगर नोएडा के थाना सेक्टर-63 और हरदोई के थाना पाली में भी मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सचिन सिंह चौधरी, एसओजी/सर्विलांस प्रभारी उप-निरीक्षक संत कुमार, उप-निरीक्षक हरीश कुमार, उप-निरीक्षक अनुज कुमार सिंह सहित पुलिस टीम ने इस सफलता को अंजाम दिया।

# मेडिकल कॉलेज में गणेश पूजा महोत्सव संपन्न

## कॉलेज परिसर में निकाली गई विसर्जन यात्रा, हुआ भण्डारा

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आयोजित त्रिदिवसीय गणेश पूजा महोत्सव का बुधवार 16 सितंबर को श्रद्धा एवं उल्लास के साथ समापन हुआ। महोत्सव के अंतिम चरण में कॉलेज के प्रशासनिक भवन में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएएमएस बैच-2025 के विद्यार्थियों ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। उप प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, इंटर्न एवं पीजी बैच के विद्यार्थियों की सहभागिता से हवन का अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इस दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा और सभी ने श्रद्धा के साथ भगवान गणेश की आराधना की। इसके बाद गणेश प्रतिमा की विसर्जन यात्रा निकाली गई, जिसमें कॉलेज के शिक्षक, विद्यार्थी, कर्मचारी एवं अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा के जयकारों के साथ विसर्जन यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन अवसर पर कॉलेज परिसर में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के माध्यम से सभी ने भगवान गणेश से सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की।


यात्रा में मौजूद भक्तगण

## जनगणना-2027 के द्वितीय चरण
### डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के सफल क्रियान्वयन एवं पूर्व तैयारियों के संबंध में आवश्यक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक प्रस्तावित जनगणना-2027 के द्वितीय चरण से संबंधित तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं समय-सारिणी के अनुसार पूर्ण पारदर्शिता, शुद्धता एवं गंभीरता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने कहा कि जनगणना कार्य की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने स्तर से सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराते हुए प्रगति से अवगत कराएं।

# डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने किया जय मां पूर्णागिरि फैमिली ढाबा का उद्घाटन


ढाबा का उद्घाटन करते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने उम्मेदपुर जैनापुर में नवनिर्मित जय मां पूर्णागिरि फैमिली ढाबा का फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने ढाबे के प्रोपराइटर देवेंद्र सिंह गुड्डु यादव को नए प्रतिष्ठान की शुरुआत पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह ढाबा निरंतर प्रगति करेगा और स्थानीय निवासियों तथा राहगीरों को शुद्ध, स्वादिष्ट भोजन और बेहतर सेवा के साथ अपनत्व भरा अनुभव प्रदान करेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष यादव, धर्मेंद्र यादव, शिवराम सिंह राठौर, गुलाब सिंह और नौगवां के प्रधान शिवम सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रंगेश्वर महादेव गणेश पंडाल में शिव महिमा पर मार्मिक नाटक का हुआ मंचन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रंगेश्वर महादेव राय दीपचंद स्थित गणेश पंडाल में भक्तों ने कांवड़ यात्रा पर आधारित एक भावपूर्ण नाटक का मंचन कर भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। त्रिमूर्ति आर्ट ग्रुप के कलाकारों द्वारा शिव–सती वियोग, शिव–पार्वती विवाह सहित भगवान शिव के कांवड़ियों पर आधारित मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया। कथा में दिखाया गया कि कांवड़ चढ़ाने जा रहा एक भक्त गंगा जी में डूब जाता है। इधर उसकी पत्नी विधवा विलाप करते हुए भगवान शिव को बुरा–भला कहने लगती है। तभी एक ऋषि आते हैं और कहते हैं कि भगवान से प्रार्थना करो, वे तुम्हारे सभी कष्ट दूर करेंगे। अंतिम उपाय जानकर विधवा ने वैसा ही किया। कुछ ही देर में उसका पति जीवित होकर लौट आया और वह पुनः सुहागन हो गई। तभी भगवान शंकर–पार्वती ने उसे दर्शन दिए और कांवड़ चढ़ाने का संकल्प पूरा करने की प्रेरणा दी। दोनों पति–पत्नी खुशी–खुशी हर–हर महादेव का उद्घोष करते हुए पुनः कांवड़ चढ़ाने निकल पड़े। नाटक देख दर्शक भाव–विभोर हो गए। भगवान गणेश की भव्य एवं दिव्य आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। नरेन्द्र पांडे, अनुज शुक्ला, वैभव मिश्रा, विकास अवस्थी, यश अरोरा, सौरभ शुक्ला, नमन पांडे, शांतनु भारद्वाज, रामू पांडे, रमा पांडे, मधु मिश्रा, रचना शुक्ला, शालिनी शुक्ला, बंदना, रेखा पंडाल, आचार्य शरद मिश्रा उर्फ सोनू पंडित आदि लोग मौजूद रहे।


नाटक मंचित करते कलाकार

# मंडलीय मुक्केबाजी में जिले की झोली में 8 गोल्ड

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

कानपुर स्थित डॉ. चिरंजी लाल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में आयोजित मंडलीय विद्यालयी मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जनपद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंडल में उपविजेता का खिताब हासिल किया। टीम कोच संजीव कटियार के मार्गदर्शन में उतरे खिलाड़ियों ने कुल 12 पदक (8 स्वर्ण और 4 रजत) अपने नाम किए, जबकि कानपुर नगर की टीम समग्र विजेता बनी। इस प्रतियोगिता में कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा और फर्रुखाबाद के बालक व बालिका मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। मंडलीय स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले सभी 8 खिलाड़ी 23 सितंबर से 28 सितंबर तक लखनऊ में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विद्यालयी मुक्केबाजी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। मेडल प्राप्त खिलाड़ियों में अंडर 14 आयु वर्ग में 30 किलोग्राम भार वर्ग में राजन ने गोल्ड मेडल, 32 किलोग्राम भार वर्ग अभिमान ने गोल्ड मेडल जीता। 42 किलोग्राम भार वर्ग में देव ने गोल्ड मेडल जीता। अंडर 17 आयु वर्ग के 48 किलोग्राम भार वर्ग प्रशांत ने सिल्वर मेडल, 54 किलोग्राम भार वर्ग में अर्पित सिल्वर मेडल, 50 किलोग्राम भार वर्ग में सूरज गोल्ड मेडल, 70 किलोग्राम भार वर्ग में आयुष गोल्ड मेडल, 75 किलोग्राम भार वर्ग में देवांश गोल्ड मेडल, 80 किलोग्राम भार वर्ग उज्जवल ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं अंडर-19 आयु वर्ग में 49 किलोग्राम भार वर्ग विष्णु सिल्वर मेडल, 60 किलोग्राम भार वर्ग में रघुवीर सिल्वर मेडल, 49 किलोग्राम भार वर्ग बालिका में अन्नू राजपूत ने गोल्ड मेडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया।


मेडल दिखाते विजेता खिलाड़ी

# खबरें एक नजर में

## बीडीओ ने सचिवों के साथ की समीक्षा बैठक


बैठक लेते बीडीओ

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** विकासखंड कार्यालय नवाबगंज में ब्लॉक विकास अधिकारी राधेश्याम की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों एवं अन्य कर्मचारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। क्षेत्र की गौशालाओं में गोवंश की देखरेख सुधारने और केयरटेकरों से सुचारू रूप से कार्य कराने के लिए सचिवों को कड़े दिशा–निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सर्वे व अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। ग्राम पंचायतों में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं को पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह, पंचायत सचिव बृजेश कुमार यादव, प्रमोद शुक्ला, अरविंद कुमार, आनंद गंगवार, मोतीलाल यादव, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, सुनील कुमार तथा तकनीकी सहायक मनोज कुमार, राघवेंद्र सिंह, सुशील कौशल, विनय सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## तथागत सामाजिक समिति की मासिक बैठक 20 सितम्बर को

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** तथागत सामाजिक समिति की मासिक बैठक 20 सितम्बर रविवार को ग्राम नगला करमचंदपुर ब्लॉक कमालगंज में सम्पन्न होगी। जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष विमलेश शाक्य ने बताया कि ग्राम प्रधान दफेदार सिंह शाक्य के आवास के पास हाता में बैठक होगी। जिसमें समाजहित एवं सामाजिक सुधार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।प्रमुख रूप से पंचशील सिद्धांतों का पालन एवं प्रचार–प्रसार व सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों में अनावश्यक खर्च को कम करना। तेरहवीं संस्कार जैसी परंपराओं पर सामाजिक विमर्श। विवाह समारोह दिन के समय आयोजित करने को बढ़ावा देना। शाक्य, कुशवाहा, मौर्य एवं सैनी समाज में आपसी एकता एवं वैवाहिक संबंधों को बढ़ावा देना आदि मुद्दों पर चर्चा होगी।

## यूपीआई पर प्रस्तावित एमडीआर वापस लेने की मांग

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** देश में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के बीच 2,000 से अधिक के व्यापारी यूपीआई लेन–देन पर प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट को लेकर व्यापारी संगठनों ने कड़ा विरोध जताया है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को ईमेल के जरिए पत्र भेजकर इस व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की मांग की है। 15 अक्टूबर से 2,000 से अधिक के व्यक्ति–से–व्यापारी (पी2एम)यूपीआई लेन–देन पर 04 प्रतिशत एमडीआर अधिकतम 300 प्रति लेन–देन लागू करने का प्रस्ताव है। मनोज मिश्रा के अनुसार, हालांकि यह शुल्क ग्राहकों पर नहीं लगेगा, लेकिन कम मार्जिन पर काम करने वाले छोटे और मध्यम व्यापारियों के लाभ पर इसका सीधा बुरा असर पड़ेगा। व्यापारी पहले से ही जीएसटी, ई–वे बिल, बैंकिंग शुल्क और बढ़ती महंगाई का सामना कर रहे हैं। ऐसे में डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त वित्तीय भार उनकी लागत को और बढ़ाएगा। संगठन ने केंद्र सरकार से मांग की है कि यूपीआई को व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए पूर्ववत शून्य एमडीआर (जीरो एमडीआर) व्यवस्था के तहत ही जारी रखा जाए। यूपीआई के तकनीकी और परिचालन खर्चों के लिए व्यापारियों पर बोझ डालने के बजाय सरकार को वैकल्पिक वित्तीय व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। व्यापारी मंडल ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री से अपील की है कि व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय पर शीघ्र पुनर्विचार कर इसे वापस लेने की घोषणा की जाए।

# तहसील सदर बार एसो. चुनाव में ओमप्रकाश दुबे बने सचिव

- रामेन्द्र कटियार निर्विरोध चुने गये अध्यक्ष

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

तहसील सदर बार एसोशिएशन चुनाव में सचिव पद पर ओम प्रकाश दुबे ने जीत दर्ज की है। वहीं कनिष्ठ उपाध्यक्ष होशियार सिंह राजपूत निर्वाचित हुए हैं। बुधवार को तहसील सदर वार एसोशिएशन चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हुई का शाम को परिणाम घोषित होते ही निर्वाचित अधिवक्ताओं के समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। तहसील वार एसोशिएशन चुनाव में सचिव पद पर कांटे की टक्कर रही ओम प्रकाश दुबे उर्फ ओमू ने अपने प्रतिद्वंदी रविनेश यादव को 2 वोटों से हराकर जीत दर्ज की है। ओम प्रकाश दुबे उर्फ ओमू को कुल 52 मत प्राप्त हुए हैं। वहीं रविनेश यादव को 50 मत से संतोष करना पड़ा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजीव यादव को 56 तो जगवीर कुशवाह को 43 मत मिले है। राजीव यादव ने अपनी जीत दर्ज की है। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर होशियार सिंह राजपूत को 55 विकास सक्सेना को 47 मत मिले है। संयुक्त सचिव पद पर त्रिकोणीय मुक़ाबला था, जिसमें हेमराज सिंह राजपूत को सर्वाधिक 51 मत मिले है। वहीं अतुल शाक्य को 28 व अमित यादव को 22 मत से संतोष करना पड़ा। कोषाध्यक्ष पद पर राजेश वर्मा को 59 तो सुनील सक्सेना को 43 मत मिले हैं। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष रामेन्द्र कटियार सहित अन्य पदों पर सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए है। ओम प्रकाश दुबे उर्फ ओमू को सचिव निर्वाचित होने पर अतुल मिश्रा देव प्रकाश अवस्थी, विपिन यादव, जुगुल किशोर मिश्रा, राम वीर शुक्ला, कुलदीप गंगवार आदि ने शुभकामनाएं दी हैं। चुनवा समिति अधिकारी देव प्रकाश अवस्थी, उमाशंकर कटियार, संजीव शाक्य, राहुल दीक्षित, अनीस सिंह ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। सदस्य पद पर राघव शुक्ला, अरविंद कुमार, अभिनय गुप्ता, रुकमंगल सिंह, सुधीर सक्सेना, मनोज यादव, सर्वेश कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।


ओम प्रकाश दुबे के चुनाव जीतने पर खुशी मनाते समर्थक

# 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र की मशीन खराब, 9 घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** कस्बा स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र में सुबह करीब 5 बजे अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था 9 घंटे तक पूरी तरह चरमरा गई। भीषण गर्मी और उमस के बीच घंटों बिजली आपूर्ति ठप रहने से स्थानीय लोगों और व्यापारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह 5 बजे मशीन खराब होने के बाद से ही बिजली घर में हड़कंप मच गया। उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ मुकेश दास और गौरव सिंह ने बताया कि खराबी आते ही तकनीकी इंजीनियरों की टीम को काम पर लगा दिया गया था। पुरानी मशीन समय पर ठीक न होने पाने के कारण लगभग 2:30 बजे दूसरी मशीन की व्यवस्था कर विद्युत आपूर्ति चालू की गई, तब जाकर क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र में रोजाना रात के समय भी 6 से 7 घंटे की घोषित–अघोषित कटौती की जा रही है। इसी के विरोध में बीते दिन भारतीय किसान यूनियन स्वराज के कार्यकर्ताओं ने बिजली घर पहुंचकर जोरदार घेराव किया था। एसडीओ के समझाने–बुझाने के बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर सुधार की मांग की थी। लगातार हो रही कटौती और अचानक आए इस तकनीकी संकट ने बिजली विभाग के दावों और रखरखाव व्यवस्था पर एक बार फिर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।


मशीन ठीक करता विद्युत कर्मी

# शराब पिलाकर युवक को लाठी-डंडों से पीटा

- परिजनों ने उपचार के लिए रवि को सीएचसी में कराया भर्ती

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव अताईपुर कूंचा मोहल्ला में दोस्ती को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। अताईपुर कूंचा मोहल्ला निवासी रवि माथुर पुत्र आशाराम माथुर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि रात्रि लगभग 11 बजे उसका दोस्त सचिन बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया। जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन उसे ढूंढने के लिए सचिन के घर गए तो उसके परिजनों ने कहा आप लोग घर जाओ, रवि और सचिन सुबह आ जाएंगेए कहीं गए होंगे। सुबह लगभग 10 बजे घायल अवस्था में रवि को सचिन का भाई शनि बाइक पर बैठाकर लाया और उसके दरवाजे पर छोड़कर चला गया। परिजन उपचार के लिए रवि को सीएचसी में भर्ती कराया। होश आने पर रवि ने बताया कि सचिन हमें घर से बुलाकर अपने साथ खेत पर ले गया और हमें दारू पिलाकर उसने अपने साथियों के साथ लात-घूंसे, लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

## तमंचा और दो कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**अमृतपुर।** थाना अमृतपुर पुलिस ने गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी की पहचान पंकज पुत्र रामदयाल उम्र करीब 45 वर्ष निवासी मोहल्ला हाथीखाना कोतवाली फतेहगढ़ के रूप में हुई। थानाध्यक्ष दर्शन सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना अमृतपुर में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम ने गश्त और चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार बरामद किया।

# केडी बालिका डिग्री कॉलेज में हुए विश्व ओजोन दिवस कार्यक्रम

- छात्राओं ने पोस्टर, भाषण और नारों के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

लोहिया पुरम आवास विकास स्थित कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा श्विश्व ओजोन दिवस पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ओजोन परत के वैज्ञानिक महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने ओजोन क्षरण और पर्यावरण सुरक्षा पर केंद्रित आकर्षक पोस्टर बनाए, ओजस्वी भाषण दिए और जन-जागरूकता फैलाने वाले नारे प्रस्तुत किए। कॉलेज के शिक्षकों ने ओजोन परत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह परत सूर्य की घातक पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक पहुँचने से रोकती है और समस्त जीव-जगत की सुरक्षा करती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी छात्राओं ने अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने और ओजोन परत की सुरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। पूरा आयोजन ओजोन बचाएँ, पृथ्वी बचाएँ के मुख्य संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

# टीएस केके पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

## एमएलसी मानवेन्द्र सिंह ने बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा को सराहा

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

टीएस केके पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार का परिचय देते हुए विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक मॉडल एवं प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानवेन्द्र सिंह एमएलसी तथा मुख्य परीक्षक याजवेन्द्र सिंह रहे।

मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ किया। प्रदर्शनी के दौरान एमएलसी मानवेन्द्र सिंह एवं परीक्षक याजवेन्द्र सिंह ने बच्चों द्वारा बनाए गए वर्किंग मॉडलों का गहनता से निरीक्षण किया और छात्रों से उनके प्रोजेक्ट्स के बारे में प्रश्न पूछे। बच्चों के उत्तर और उनकी समझ से प्रभावित होकर मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के ये छोटे बाल वैज्ञानिक ही कल के भारत के महान वैज्ञानिक और राष्ट्र निर्माता बनेंगे। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में व्यावहारिक ज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है। प्रबंधक डॉ0 मुकेश सिंह, अनुग्रह प्रताप सिंह तथा क्रिश्चियन कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के स्रोत, रोबोटिक्स और आधुनिक तकनीक से जुड़े कई महत्वपूर्ण मॉडल प्रदर्शित किए।


कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य

# उत्तर प्रदेश के आलू आंदोलन को देश के कई राज्यों के किसानों का समर्थन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद से किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल के नेतृत्व में शुरू किए गए प्रदेशव्यापी आलू आंदोलन को अब देश के कई राज्यों के किसानों का समर्थन मिलने लगा है। हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के किसान नेताओं ने आलू किसानों की समस्याओं और उनकी मांगों को लेकर चलाए जा रहे इस आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। इस संबंध में किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष अजय अनमोल ने दिल्ली में विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ किसान नेताओं से मुलाकात कर आलू किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान वरिष्ठ किसान नेता गुणवंत पाटिल, गुरु प्रताप सिंह मान, गुणी प्रसाद, सुब्रत मणि त्रिपाठी सहित कई किसान नेताओं से बातचीत हुई। अजय अनमोल ने कहा कि आलू किसान आज गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। लागत बढ़ने, उचित मूल्य नहीं मिलने और भंडारण तथा बाजार की समस्याओं के कारण किसानों को लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश में शुरू किया गया आलू आंदोलन केवल उत्तर प्रदेश के किसानों का आंदोलन नहीं रहेगा, बल्कि देश के आलू उत्पादक किसानों की आवाज बनेगा। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए आलू नीति बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में देश के विभिन्न राज्यों के किसान नेताओं से समन्वय कर आलू किसानों की मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 सितम्बर को कन्नौज कलक्ट्रेट पर आलू किसानों का प्रदर्शन होगा।

**फर्रुखाबाद से शुरू हुआ प्रदेशव्यापी आलू आंदोलन, अब राष्ट्रीय स्तर पर लेगा विस्तार**

# हिंदी दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

पट्टिया लेन कंपिल रोड स्थित किरण पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस विशेष सप्ताह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने अपनी भाषाई प्रतिभा व तार्किक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मैनेजर कल्पना गंगवार ने किया। प्रतियोगिता के पहले चरण में तीन स्तरों-कनिष्ठ वर्ग, वरिष्ठ वर्ग एवं बालक वर्ग में रुतलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों को मानक व वर्तनीगत कठिन शब्द बोलकर उनकी लेखन गति और वर्तनी की शुद्धता का मूल्यांकन किया गया। सदनवार हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का रोमांचक आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के प्रारंभिक दौर में मातृभाषा हिंदी बनाम अंग्रेजी भाषा विषय पर मुकाबले कराए गए। सर्वप्रथम मुकाबला सरोजिनी हाउस और कलाम हाउस के बीच हुआ। जिसमें सरोजिनी हाउस ने बाजी मारी। नेहरू हाउस और गांधी हाउस के मध्य मुकाबला हुआ। जिसमें नेहरू हाउस ने जीत दर्ज की। सरोजिनी हाउस और नेहरू हाउस ने विजय प्राप्त कर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। फाइनल मुकाबला सरोजिनी हाउस और नेहरू हाउस के बीच ऑनलाइन शिक्षा बनाम ऑफलाइन शिक्षा विषय पर आयोजित किया गया। नेहरू हाउस की ओर से अंजिता, उन्नति, नव्या, सक्षम और अनुराग ने ऑनलाइन शिक्षा के पक्ष में मजबूत तर्क रखे। वहीं सरोजिनी हाउस की ओर से गौरी, वैष्णवी, प्रतीक्षा और अवनी ने ऑफलाइन शिक्षा के समर्थन में अपनी बात रखी। फाइनल के दौरान निर्णायक मोड़ में नेहरू हाउस, सरोजिनी हाउस पर प्रभावी रहा और सटीक व त्वरित तर्कों के दम पर नेहरू हाउस विजयी रहा। हिंदी शिक्षक हरिद्वार द्विवेदी एवं शिक्षिका अंजू बाथम, विद्यालय के अकादमिक एवं शैक्षिक गतिविधि प्रभारी विक्रान्त सिंह तथा अंजना जयन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



प्रतियोगिता में मौजूद छात्र-छात्रायें

# शिक्षा परियोजना के तहत प्रतियोगिताएं संपन्न

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित
- कानोडिया बालिका इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिताएं

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



शील्ड के साथ विजेता विद्यार्थी मौजूद शिक्षक-शिक्षिकायें

मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय रोल प्ले, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर के लगभग 11 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

रोल प्ले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एवी इंटर कॉलेज शमसाबाद के छात्र व द्वितीय स्थान पर एनएकेपी इंटर कॉलेज की छात्राएं तथा तृतीय स्थान पर जीजीआईसी फतेहगढ़ की छात्राएं रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जेसिका सक्सेना मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कॉलेज, द्वितीय स्थान पर राशि बाबा राम रक्षपाल अन्नपूर्णा देवी आ.क. इंटर कॉलेज शमसाबाद व तृतीय स्थान पर पूर्वी वर्मा एनएकेपी इंटर कॉलेज रही। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्रुति राजपूत मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कॉलेज, द्वितीय स्थान पर वैष्णवी दीक्षित एनएकेपी इंटर कॉलेज व तृतीय स्थान पर एवी इंटर कॉलेज शमसाबाद की छात्रा रही। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए एक तीन सदस्यीय निर्णायक समिति का गठन किया गया था। समिति में प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार, प्रवक्ता प्रीति और सहायक अध्यापक संजीव कुमार शामिल रहे।

संचालन पूनम शुक्ला और दर्शना शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी नेहा सक्सेना की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान कुमारी आराधना सिंह, सरिता देवी, रवीन्द्र सक्सेना, अनीता, तैयब आदि उपस्थित रहे। विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर हर घर जलेंगे दीपक

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

बरतल और रायपुर शक्ति केंद्रों पर भाजपा बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। मुख्य रूप से भाजपा नेता प्रमोद अग्रहरी ने कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों को लेकर गुरुमंत्र दिया और सेवा पखवाड़ा की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर हर घर और हर बूथ पर दीपक जलाकर दिवाली मनाई जाएगी। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पीएम मोदी के सुशासन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह पखवाड़ा चलेगा। जिसने मेरा जीवन संवारा, उसे आशीर्वाद हमारा। प्रमोद अग्रहरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि 17 सितंबर को पीएम मोदी के जन्मदिवस पर क्षेत्र का कोई भी बूथ अछूता नहीं रहना चाहिए। हर बूथ और हर घर में दीपक जलाकर भव्य रूप से दिवाली मनाई जाएगी। उन्होंने बरतल और रायपुर के बूथ अध्यक्षों को आगामी एक महीने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, कमल भारद्वाज, योगेंद्र सिंह राठौड़, अवनीश गुप्ता, कुलदीप त्रिपाठी, विजय प्रताप सिंह, हेम सिंह लोधी, विनीत भारद्वाज, शिवमंगल सिंह, धर्मेंद्र राजपूत, शिव प्रताप सिंह, अनुभव दीक्षित, शीशराम राजपूत मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद भाजपा नेता

## आज विश्वकर्मा जयंती पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद।** विश्वकर्मा जयंती पर 17 सितंबर गुरुवार को कोकाश पांचाल समिति विश्वकर्मा मंदिर बढ़पुर के तत्वावधान में भगवान विश्वकर्मा जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रबुद्ध जनों का सम्मान एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। कोकाश पांचाल समिति विश्वकर्मा अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा अनन्त होटल पंडाबाग से प्रारंभ होकर रेलवे रोड, चौक, घुमना और लालगेट होते हुए विश्वकर्मा मंदिर क्रिश्चियन इंटर कॉलेज पर संपन्न होगी। बढ़पुर सिटि एक गेस्ट हाउस में वरिष्ठ व प्रबुद्ध जन सम्मान समारोह का आयोजन होगा, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा। समारोह में शाम 6 बजे अध्यक्षीय उद्बोधन होगा और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा एवं अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के मुख्य व विशिष्ट अतिथि और वरिष्ठ गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

# नशा मुक्त अभियान: आर्मी पब्लिक स्कूल में हुआ नुक्कड़ नाटक




नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते छात्र-छात्रायें

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैंट में बुधवार को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति विद्यार्थियों एवं आमजनमानस में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 10 की छात्रा अंजू द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर किया गया।

कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे के कारण होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक हानियों को जीवन्त रूप में प्रस्तुत किया तथा नशे से दूर रहने का सन्देश दिया।

नुक्कड़ नाटक में शगुन, संजीवनी, मेधा, श्रद्धा, अनुष्का, संस्कृति, सारिका, प्रगति, कांति, मृदुल, अर्पित, हार्दिक उपाध्याय, ऋषभ, यश, माज़ खान, नैतिक एवं उदय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. अञ्जना चौहान, पल्लवी अवस्थी एवं ललतेश तिवारी ने तैयार की। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, सकारात्मक एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार, मित्रों एवं समाज में भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

# गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में अंतरवर्गीय हिंदी कहानी वाचन प्रतियोगिता आयोजित

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** संस्कृति एवं हिंदी भाषा की समृद्ध परंपरा को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में अंतरवर्गीय हिंदी कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी वाचन-कला, अभिव्यक्ति एवं प्रस्तुतीकरण कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद कहानियों के माध्यम से अनेकता में एकता, समय के महत्व, बड़ों का सम्मान, नैतिक मूल्यों तथा जीवन में अच्छे संस्कारों का संदेश प्रस्तुत किया। बच्चों ने अपनी प्रभावशाली आवाज़, भाव-भंगिमाओं एवं आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में भाषा के प्रति रुचि, आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं प्रभावी अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन मिला। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

# स्वास्थ्य संकल्प शिविर में 190 लोगों को मिला उपचार

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



शिविर में स्वास्थ परीक्षण कराते ग्रामीण

ब्लॉक राजेपुर की ग्राम पंचायत सीढ़े चकरपुर में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में समाजवादी निःशुल्क स्वास्थ्य संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 190 ग्रामवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक डॉक्टरी परामर्श और सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित रहकर मरीजों की जांच की। सेवाएं देने वाले प्रमुख चिकित्सकों में मो0 अकलीम, डॉ. अमित यादव, डॉ. विपिन राजपूत, डॉ. शानतनू रस्तोगी, डॉ. श्रुति, डॉ. शिवांगी यादव, डॉ. प्रियंका शाक्य आदि शामिल रहे। डॉक्टरों ने मौसमी बीमारियों, सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं और अन्य शारीरिक तकलीफों से जूझ रहे ग्रामीणों की गहन जांच की और उन्हें बचाव व उपचार की जानकारी दी। ग्रामीण अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। जनहित के लिए इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य संकल्प शिविरों का आयोजन आगे भी निरंतर जारी रहेगा। गांव में ही निःशुल्क जांच व विशेषज्ञ डॉक्टरों का परामर्श मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों ने आयोजकों और चिकित्सकों की इस पहल की सराहना करते हुए उनका आभार जताया।

## खबरें एक नजर में

### यूपीआई चार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**कानपुर।** यूपीआई भुगतान पर लगाए जा रहे चार्ज के विरोध में कानपुर महानगर कांग्रेस द्वारा आज श शिवाला बाजार में दुकानदार और आमजन के बीच विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व महानगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता ने किया।विरोध में जोरदार नारेबाजी की। भाड़ी पुलिस भर तैनात रही।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि नए नियमों के माध्यम से छोटे दुकानदारों और आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने की तैयारी की जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा को आमजन और दुकानदार विरोधी बताते हुए कहा कि पहले से महंगाई और आर्थिक दबाव झेल रहे छोटे व्यापारियों पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त चार्ज उनकी मुश्किलें बढ़ाएगा।जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि डिजिटल भुगतान आज आम जनता और छोटे दुकानदारों की रोजमर्रा की जरूरत बन चुका है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से यूपीआई चार्ज वापस लेने और छोटे दुकानदारों एवं आम उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की।पवन गुप्ता,शंकरदत्त मिश्रा,नरेश पाठक,इखलाख डेविड,हरीश बाजपेई,राजकिशोर वर्मा,कृपेश त्रिपाठी,रवि बाजपेई,जावेद उस्मानी,राकेश साहू,विनय पांडे,मुकेश कन्नौजिया,फजल अमीर,अजय सिंह,शांतनु दीक्षित,रामजी दुबे,धर्मेंद्र सिंह,जीतेंद्र ब्रह्म,दिनेश सिंह,अमिताभ मिश्रा,सजल तिवारी,विनोद अवस्थी,मेराज अहमद, आदि थे।

### कल्याणी नदी विसर्जन स्थल का निरीक्षण

**बांगरमऊ,उन्नाव।** गणेश महोत्सव के बाद प्रतिमा विसर्जन के लिए कल्याणी नदी तट पर होने वाले श्रीगणेश जी की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चन्द पाण्डेय ने नगर पालिका कर्मचारियों के साथ वहां पहुंच कर साफ-सफाई का जायजा लिया। गौरतलब है कि आगामी 20 सितंबर को नगर में श्रीगणेश जी की प्रतिमाओं के साथ नगर भ्रमण हेतु शोभा यात्रा निकाली जायेगी शाम लगभग चार बजे कल्याणी नदी तट पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन होगा। इसी को लेकर आज कोतवाली प्रभारी अखिलेश चन्द्र पाण्डेय ने कल्याणी नदी विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर नगर पालिका कर्मचारियों को बुलवाकर साफ-सफाई कराया है। उन्होंने बताया है कि गणेश शोभा यात्रा के दिन कल्याणी नदी के मुख्य रास्तों पर ट्रैफ्रिक रूट डायवर्जन भी किया गया है। ताकि विसर्जन यात्रा के दौरान शहर में जाम की स्थिति न बन सके।

### नशीला पदार्थ खिलाकर युवती से कराया प्लॉट का बैनामा

**बांगरमऊ। उन्नाव।** नगर के मोहल्ला तकिया में नशीला पदार्थ खिलाकर युवती से प्लॉट का बैनामा करा लिए जाने का बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में रिर्पोट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के संडीला रोड स्थित मोहल्ला तकिया निवासी नीति बाजपेई पुत्री स्व 0 रामकिशोर बाजपेई ने कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने घर पर ब्यूटी पार्लर चलाती है। घर की देखभाल के लिए उसने क्षेत्र के ग्राम गोशाप्रयाग पुर निवासी मोनिका पांडेय को रखा था। नीति बाजपेई का आरोप है कि मोनिका के परिजन भुवनेश, बृजेश, व राधा आदि का उसके घर आना-जाना था। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान उसे गलत दवाइयां खिलाई गई स जिससे उसकी तबीयत लगातार खराब होती गई।पीड़िता के अनुसार बीते तीन अगस्त को मोनिका के परिवार के साथ गोशा प्रयाग निवासी हरिप्रकाश पुत्र रामगुलाम उसके घर आया और जमीन का बैनामा कराने की बात कहते हुए गवाही के लिए तहसील चलने को कहा। आरोप है कि वहां जाने से पहले मोनिका ने उसे चाय बनाकर पिलाई। चाय का स्वाद खराब लगने पर उसने आपत्ति भी जताई। लेकिन इसके बावजूद उसे तहसील ले जाया गया । तहसील पहुंचने पर उसकी हालत बिगड़ने लगी और वह बेहोश होने लगी।

# आजाद समाज पार्टी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

- सांसद चन्द्रशेखर आजाद के काफिले पर हुए हमले की जांच व सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की जिला इकाई ने बुधवार को राष्ट्रपति संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ज्ञापन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हुए हमले की उच्च स्तरीय जांच और उनकी सुरक्षा बढ़ाने की प्रमुख मांग की गई है। जिलाध्यक्ष सूरज गौतम के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि 13 सितंबर को सांसद चंद्रशेखर आजाद गोंडा



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग

विनोद साहनी और रमेश कोरी की हत्या और अयोध्या राम लगन मौर्य की हत्या के पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान बाराबंकी के रामनगर थाना क्षेत्र में उनके काफिले को रोका गया और उस पर पथराव तथा हिंसक हमला किया गया, जिसमें कई कार्यकर्ता घायल हुए और वाहनों को नुकसान पहुंचा। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित करने, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग की है। उनकी सुरक्षा बढ़ाने की भी अपील की गई है। लखनऊ के ईको गार्डन में अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे पंचायत सहायकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए और उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले से संबंधित प्रकरण में पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा दिए गए आदेश का तत्काल पालन सुनिश्चित कर प्रभावित अभ्यर्थियों को नियमानुसार न्याय प्रदान किया जाए। सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद और मुरादाबाद की मुस्तफा मस्जिद सहित अन्य इस्लामिक धर्म स्थलों को अवैध बताकर की जा रही कार्रवाई को राजनीतिक द्वेष बताते हुए, इसकी निष्पक्ष समीक्षा की मांग की गई है, ताकि किसी भी प्रकार के भेदभाव की संभावना को समाप्त किया जा सके।

## दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में व्याख्यान आयोजित




**कानपुर।** दयानंद गर्ल्स पी जी कॉलेज कानपुर के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा विश्व ओज़ोन दिवस पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया ।व्याख्यान का मुख्य उद्देश छात्रों को जागरूक करना , और इसके क्या क्या परिणाम भविष्य में होंगे अवगत कराना भी है विभागाध्यक्ष प्रो अंजली श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि कैसे यह दिन मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल से निकटता से जुड़ा हुआ है, जो ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों को कम करने के उद्देश्य से बनाई गई एक वैश्विक संधि है। यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से प्रमुख पर्यावरणीय समस्याओं का सफलतापूर्वक समाधान कैसे किया जा सकता है।प्राचार्या प्रो वंदना निगम एवं निदेशक प्रो अर्चना वर्मा द्वारा सभी से संकल्प दिलाया गया कि आइये विश्व ओज़ोन दिवस के अवसर पर , हम सभी मिलकर पृथ्वी के सुरक्षा कवच ओजोन परत के संरक्षण का संकल्प लें। ओजोन परत का संरक्षण केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की जिम्मेदारी भी है। आइए, प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं और स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित पृथ्वी के निर्माण में सहभागी बनें। विभाग की समस्त प्रवक्ताओं -प्रो सुनीता आर्या,डॉ अमिता श्रीवास्तव,डॉ रचना सिंह ,डॉ इषिता पांडेय ,डॉ शालिनी शुक्ला ,डॉ कंचन मित्तल आदि।

# क्षेत्रीय विज्ञान एवं एटीएल कार्यशाला आयोजित

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



क्षेत्रीय विज्ञान एवं ए. टी. एल. कार्यशाला विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश, त्रिदिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह का आरम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षा स्मिता सिंह, बांके बिहारी पाण्डेय क्षेत्रीय विज्ञान संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं संतोष कुमार सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अलीगंज, प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। आये हुए अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह ने कराया। इस अवसर पर विभिन्न संकुलो से आये संकुल प्रमुख एवं सह संकुल प्रमुख, ए. टी. ल. प्रमुख एवं विज्ञान के आचार्य एवं आचार्या बहनो ने प्रतिभाग किया। बांके बिहारी पाण्डेय ने विज्ञान एवं ए. टी. एल कार्यशाला को सफल बताया एवं नवाचार से बाल वैज्ञानिक तैयार करने के लिए प्रेरित किया और नए प्रयोग, मॉडल बनाने के लिए बच्चों को मार्गदर्शन देने के लिए विज्ञान के आचार्यो को निर्देश दिया। जिससे बच्चे क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर अलग अलग प्रांतो से आये प्रान्त प्रमुखो ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किये। इस कार्यशाला में उन्होंने एक दूसरे को नए प्रयोग बताये और सीखे जिससे वो अपने विद्यालय में जाकर वहाँ के बच्चों को नए प्रयोग सीखाए। स्मिता सिंह जी ने आये हुए विज्ञान के आचार्य एवं आचार्या बहनों को कार्यशाला में सीखे गए नए प्रयोगो एवं अनुभव को बच्चों को बताने का आग्रह किया। क्षेत्रीय सह संयोजक संतोष कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों एवं विज्ञान के आचार्य एवं आचार्या बहनों का आभार व्यक्त किया। व प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह ने सभी विज्ञान प्रमुखों, सह प्रमुखों एवं विज्ञान के आचार्यो का कार्यशाला को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

# विधायक सख्त, अधिकारियों को तत्काल सुधार के दिये निर्देश


**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**

अतिवृष्टि के चलते सदर विधानसभा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुए मार्गों एवं सड़कों की स्थिति को लेकर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में विधायक ने क्षेत्र की सड़कों की जमीनी स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से मार्गो को आवागमन योग्य बनाने तथा क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण की कार्रवाई में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए।बैठक में विधायक पंकज गुप्ता ने क्षेत्र से आए पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की एक-एक समस्या को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्रत्येक मार्ग की स्थिति पर मौके पर ही जवाब मांगा और स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश के कारण जनता को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।विधायक ने कहा कि जनता की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिन मार्गों पर अतिवृष्टि से अधिक क्षति हुई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर तत्काल राहत एवं आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और आम राहगीरों को आवागमन में कठिनाई न हो। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता हरदयाल अहिरवार सहित सभी सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता मौजूद रहे।

## दिल्ली में पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में मेराज खान ने स्वर्ण पदक जीता

**बांगरमऊ,उन्नाव।** दिल्ली में आयोजित नेशनल पावर लिफ्टिंग चौंपियन शिप में नगर के मोहल्ला गोंडा टोला निवासी जिम संचालक मेराज खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 किलोग्राम मास्टर बॉडी वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर नगर व जनपद ही नही, बल्कि प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में मेराज खान ने अपने दमदार प्रदर्शन के साथ सर्वाधिक भार उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं चेन्नई के इसराइल ने दूसरा तथा मणिपुर के अश्वनी कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने स्क्वाट, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट जैसी पावर लिफ्टिंग स्पर्धाओं में अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक जीतने के बाद मेराज खान के नगर पहुंचने पर समर्थकों और खेल प्रेमियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। लोगों ने फूल - मालाओं से अभिनंदन कर बधाई दी।

# जाजमऊ गंगापुल पर तीन माह तक नो एंट्री रहेगी



**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**

किसी भी तरह के भारी वाहन अब पुल से आवागमन नहीं कर सकेंगे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से जाजमऊ गंगा पुल की मरम्मत के लिए पहली बार यह फैसला किया गया है इसके लिए रविवार से जाजमऊ गंगा पुल पर ट्रायल की प्रक्रिया शुरू की गई थी लखनऊ से आने वाले वाहनों को उन्नाव, फतेहपुर के रास्ते कानपुर व अन्य जिलों की ओर डायवर्ट किया गया। मंगलवार तक ट्रायल के बाद अब एनएचएआई निदेशक पंकज यादव का कहना है, बुधवार सुबह से जाजमऊ गंगा पुल पर मरम्मत का काम फुलफ्लैश तरीके से शुरू होगा. उन्नाव से कानपुर आने पर बाईपास से मरहला चौराहा की ओर मुड़ने पर जहां बैरीकेडिंग लगाई गई है। वहीं, जाजमऊ गंगा पुल पर भी सावाधान के संकेतांक लगा दिए गए हैं झकरकटी बस अड्डा से जो बसें उन्नाव होकर लखनऊ जाती हैं, उन्हें जाने दिया जाएगा जबकि लखनऊ से वापसी में बसों को उन्नाव से गंगा बैराज होते हुए झकरकटी बस अड्डे की ओर भेजा जाएगा। इसके लिए आरएम रोडवेज महेश कुमार ने अपनी अनुमति दे दी है। जाजमऊ गंगा पुल पर होने वाले इस डायवर्जन को लेकर कानपुर के ट्रांसपोर्टर्स का कहना है कि उनका करोड़ों रुपये का नुकसान होगा। बैराज से आगे बढ़ने पर बसें कंपनी बाग चौराहा पहुंचेंगी और फिर रावतपुर चौराहा से लेकर जीटी रोड होते हुए झकरकटी बस अड्डा तक चलेंगी ऐसी स्थिति में कानपुर के अंदर जीटी रोड पर बसों का दबाव बढ़ेगा जबकि यात्रियों को कम से कम अब अपने सफर में एक घंटे का अतिरिक्त समय और देना होगा. इसी तरह अयोध्या, गोंडा, फैजाबाद समेत अन्य रूट्स से आने वाली बसों को भी लखनऊ से कानपुर आने के लिए इसी रास्ते का विकल्प चुनना होगा।

# 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद



**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**

जिला आबकारी अधिकारी, अनुराग मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त महोदय उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदय, संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन, उप आबकारी आयुक्त, लखनऊ प्रभार के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व में दिनांक 15-09-2026 को निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 पुरवा एवं प्रतिभा सिंह, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र 5 बीघापुर द्वारा मय हमराह एवं स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ तहसील पुरवा अंतर्गत ग्राम कुट्टीखेड़ा, हड़हरा थाना मौरांवा तथा तहसील बीघापुर थाना बिहार अंतर्गत ग्राम अकवारा में दबिश देकर एक अभियुक्ता को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार करके थाना बिहार अंतर्गत आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कराया गया। तदक्रम में ग्राम केदारखेड़ा में दबिश देकर 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए लहन महुआ लगभग 600 किलो मौके पर नष्ट किया गया।

# सेवा संकल्प अभियान पर प्रभारी मंत्री ने की बैठक



**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के सकुशल, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण आयोजन की तैयारियों को लेकर जनपद प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत अभय प्रताप सिंह, एमएलसी अविनाश सिंह चौहान, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, विधायक बिंदकी जय कुमार सिंह जैकी, पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फधुन्नी सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना सहित संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों, विभागवार दायित्वों, जनभागीदारी एवं कार्यक्रमों के सुचारु संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा निर्धारित तिथियों पर कार्यक्रमों को भव्य/उत्सव के रूप में सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण आयोजन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितम्बर को आशीर्वाद सेवा दिवस के रूप में विभिन्न जनसेवा एवं जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सेवा, सुशासन, सामाजिक सरोकार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# जनगणना-2027 की तैयारियों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

- 16 नवंबर से शुरू होगी स्वगणना
- एक दिसंबर से चार जनवरी तक चलेगी जनसंख्या गणना

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में होने वाली जनसंख्या गणना की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में गणना कार्य के सफल, सुव्यवस्थित और समयबद्ध संचालन को लेकर विभागवार तैयारियों की समीक्षा की गई। जिला जनगणना प्रभारी अम्बिका मौर्य ने अधिकारियों को जनसंख्या गणना से संबंधित प्रक्रियाओं, दायित्वों और अब तक की तैयारियों की जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश का महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के नियोजन में आधार बनते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गणना कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने चार्ज स्तर पर मानव संसाधन, तकनीकी व्यवस्थाओं, कार्मिकों के प्रशिक्षण समेत सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक कराया जाएगा, जबकि 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्वगणना की प्रक्रिया चलेगी। डी एम ने स्वगणना को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार और जनजागरूकता अभियान की कार्ययोजना समय से तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसमें भाग ले सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया अतिरिक्त ग्रिड संचार केंद्र का उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा थाना कोल्हुई परिसर में स्थापित किए गए अतिरिक्त ग्रिड (कंट्रोल रूम) संचार केन्द्र का आज उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी फरेन्दा उपस्थित रहे।अतिरिक्त ग्रिड संचार केन्द्र 24×7 संचालित रहेगा।इसके माध्यम से फरेन्दा एवं नौतनवा सर्किल के क्षेत्राधिकारी कार्यालयों, थानों, चौकियों एवं फायर स्टेशन के आरटी सेट को बेहतर संचार नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इसके अंतर्गत थाना फरेन्दा, पुरन्दरपुर, बृजमनगंज, कोल्हुई, नौतनवा, सोनौली, परसामलिक एवं बरगदवा सहित संबंधित पुलिस चौकियों एवं फायर स्टेशन की संचार व्यवस्था को प्रभावी रूप से समन्वित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनपद की भौगोलिक एवं सीमावर्ती परिस्थितियों को देखते हुए अतिरिक्त ग्रिड की स्थापना से पुलिस टीमों के मध्य त्वरित एवं निर्बाध सूचना आदान-प्रदान सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। दुर्घटना, कानून-व्यवस्था संबंधी घटनाओं, आपात परिस्थितियों अथवा सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न परिस्थितियों के दौरान संबंधित पुलिस टीमों तक सूचनाएं तेजी से पहुंचाई जा सकेंगी, जिससे आवश्यक पुलिस बल की त्वरित तैनाती एवं प्रभावी कार्रवाई में मदद मिलेगी।इसके साथ ही संचार व्यवस्था के विकेन्द्रीकरण से मुख्य रेडियो ग्रिड पर संचार भार कम होगा तथा थाना, चौकी, गश्ती वाहनों एवं फायर स्टेशन के बीच समन्वय और बेहतर किया जा सकेगा। इससे पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता एवं क्षेत्र में कानून-व्यवस्था प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी।

## रक्तदान से सेवा संकल्प की शुरुआत, 6.30 लाख दीपों से जगमगाएगा महाराजगंज

**महाराजगंज।** जनपद महाराजगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान का भव्य शुभारंभ 17 सितंबर को सेवा, संवेदना, स्वावलंबन और जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के साथ होगा। अभियान के पहले दिन रक्तदान शिविर, मरीजों को फल वितरण, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूल किट वितरण और शाम को व्यापक दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रहेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रक्तदान से अभियान का श्रीगणेश पूर्वाह्न 11 बजे जिला अस्पताल समेत जनपद की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में रक्तदान शिविरों से होगी। संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के विधायक स्वयं शिविरों में सहभागिता करेंगे, जबकि अन्य जनप्रतिनिधि भी विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करेंगे। रक्तदान के जरिए जरूरतमंद मरीजों की मदद के साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा। रक्तदान शिविरों के बाद जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर भर्ती और उपचाररत मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। इसके माध्यम से अभियान को मानवीय संवेदना और जरूरतमंदों की सहायता से जोड़ा जाएगा। वहीं, अपराह्न 3 :30 बजे विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूल किट वितरित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा जाएगा। लाभार्थियों को हुनर और परिश्रम के जरिए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।और शाम सात बजे सेवा संकल्प अभियान के पहले दिन दीपोत्सव का आयोजन होगा। जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक भवनों, नदी घाटों, मंदिरों तथा प्रमुख विकास एवं पर्यटन परियोजनाओं पर दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### ई रिक्शा से अवैध शराब संग तस्कर गिरफ्तार



**गाजीपुर।** शराब तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जमानियां कोतवाली पुलिस ने एक ई-रिक्सा से 135 पाउच ब्ल्यू लाईम देशी शराब व 96 पाउच 8 पीएम अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक अश्वनी प्रताप सिंह चौकी प्रभारी रेलवे स्टेशन जमानियाँ मय हमराह थाना जमानियां ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मदनपुर नहर के पास से अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र स्व. कन्हैया प्रसाद निवासी कंजेहरा थाना कंदवा जनपद चन्दौली को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक ई-रिक्शा वाहन संख्या यूपी 61 बीटी 3632 एवं 135 पाउच ब्ल्यू लाईम देशी शराब व 96 पाउच 8 पीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के सुपुर्द कर दिया।

### कासिमाबाद सीएचसी पर शुरू हुई सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा



**गाजीपुर /कासिमाबाद।** संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सीएचसी व प्रथम संदर्भन इकाई स्तर पर भी ऑपरेशन के जरिये प्रसव की सुविधा शुरू की है। प्रभारी सीएमओ डॉ. रामकुमार की पहल पर कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर यह सुविधा शुरू हुई है। विगत दो दिनों में कासिमाबाद एफआरयू पर दो सिजेरियन डिलीवरी कराई जा चुकी हैं। जिसमें मुसल्लहपुर की नीलम देवी की सिजेरियन द्वारा बेटी एवं सलामतपुर की शालिनी कुशवाहा को बच्चा पैदा हुआ। सीएमओ के निरीक्षण के दौरान जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ पाए गए। उन्होंने बताया सर्जन के तबादले के वजह से कई महीनों से सीएचसी कासिमाबाद पर केवल सामान्य प्रसव ही करवाया जाता था।आपात स्थिति में सिजेरियन डिलीवरी के लिए गर्भवती को या तो निजी अस्पतालों पर जाना पड़ता था या अन्य जनपद या गाजीपुर मेडिकल कालेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल ले जाना पड़ता था। जिससे मरीजों को गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ जाता था। जनपद में जिला अस्पताल के अलावा सीएचसी सैदपुर , मुहम्मदाबाद, जखनिया, भदौरा कासिमाबाद, बरुइन पर सिजेरियन डिलीवरी की जाती है। सीएमओ ने बताया कि एफआरयू पर डॉक्टरों की भी अलग-अलग दिन अलग-अलग स्थानों पर सेवाएं देने की व्यवस्था की गई है। डॉ. रामकुमार ने बताया कि सीएचसी व एफआरयू स्तर पर ऑपरेशन से प्रसव शुरू होने के बाद एंबुलेंस 108 सेवा पर भी दबाव कम होगा।

### आलू से लदा अनियंत्रित ट्रक गड्ढे में पलटा, चालक की मौत

**गाजीपुर।** गहमर थाना क्षेत्र के बकैनिया गांव के पास मंगलवार रात करीब 10 बजे आलू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ट्रक डिवाइडर और बिजली के खंभे को तोड़ते हुए गड्ढे में जा गिरा। गहमर कोतवाल नंदकुमार तिवारी ने बताया कि ट्रक भदौरा से गहमर की ओर जा रहा था। बकैनिया गांव के पास अंधे मोड़ पर अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया। इसके बाद ट्रक सड़क किनारे लगे डिवाइडर और बिजली के खंभे को तोड़ते हुए गहरे गड्ढे में पलट गया। ट्रक के पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बिजली विभाग को इसकी सूचना देकर क्षतिग्रस्त खंभे को ठीक कराने की कार्रवाई शुरू कराई गई। पुलिस के अनुसार मृतक चालक की अभी पहचान नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सितम्बर के प्रथम पखवारे में 5,023 वाहनों का चालान

**कुशीनगर।** कुशीनगर यातायात पुलिस ने सितम्बर माह के प्रथम पखवारे में सघन अभियान चला कर 5,023 वाहनों का चालान कर 76,23,000/-रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया है। कुशीनगर यातायात पुलिस ने माह सितम्बर के प्रथम पखवारे में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं नियमबद्ध बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें इंटर सेप्टर चार पहिया वाहन से ओवर स्पीड में कुल 1714 वाहनों का चालान कर 37,32,000 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। जिसमें 177 भारी वाहन व 1537 हल्के वाहन सम्मिलित है। इसके साथ ही जनपद में यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट में 1654 चालान कर 16,54,000 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित, मदिरा में 38 चालान कर 3,80,000 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित, नो पार्किंग में 429 चालान कर 2,14,500 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित, साइलेंसर मोडिफाई करने वाले वाहनों के विरुद्ध 07 चालान कर 70,000 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया है। उक्त चालान व इसके अतिरिक्त अन्य सभी चालानों को मिलाकर जनपद में माह सितम्बर के प्रथम पखवारे में कुल 5023 चालान कर 76,23,000 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया है।

### सपा ने लगाया पीडीए जन पंचायत



**हलिया(मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बेलन बरौधा मे बुधवार को समाजवादी पार्टी का पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हृदय नारायण प्रजापति रहे, अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सोकीम अहमद ने की, वहीं संचालन हरिशंकर यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रविन्द्र कोल, कीर्ति कोल, रमभा कोल, धनंजय गौड़, उग्रसेन पाल, गणेश राय, राकेश यादव, रामजी प्रजापति, रमेश गुप्ता, आशीष कोल, जगदीश मौर्य सहित समस्त कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाजवादी पार्टी जिंदाबाद और पीडीए एकता के नारे लगाए।

### केबी कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**मिर्जापुर।** केबी पीजी कॉलेज मिर्जापुर के भूगोल विभाग में बुधवार को विश्व ओजोन दिवस (ओजोन परत के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस) के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पृथ्वी की जीवन रक्षक ओजोन परत के महत्व से परिचित कराना और इसके क्षरण को रोकने के उपायों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीतम कुमार सिंह ने कहा कि समताप मंडल में स्थित ओजोन परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। यह परत मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह त्वचा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से हमारी रक्षा करती है। मुख्य वक्ता प्रोफेसर प्रभात सिंह ने वैश्विक प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल जैसे अंतर्राष्ट्रीय समझौतों और निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम अब दिखने लगे हैं और ओजोन परत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

# सपा की सरकार बनने पर समाप्त होगी संविदा नियुक्ति, मिलेगा परमानेंट जॉब

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



समाजवादी पार्टी की प्रदेश में सरकार बनने पर संविदा पर नियुक्ति समाप्त कर दी जाएगी नौजवानों को योग्यतानुसार परमानेंट नौकरी मिलेगी।वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव संविधान बचाने,पीड़ितों को न्याय दिलाने,नौजवानों को उनका हक दिलाने का चुनाव है। समाजवादी पार्टी के सभी लोग मिलकर प्रदेश में राष्ट्रीय अध्यक्ष/ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सरकार बनाएंगे। उक्त बातें स्थानीय एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कही। पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादियों ने 2024 के लोकसभा चुनाव में संविधान की रक्षा के लिए पीड़ितों को उनका हक दिलाने के लिए जो मेहनत किया उसका परिणाम सामने है। इसी प्रकार 2027 में समाजवादी पार्टी के लोग सपा की सरकार बनाने का कार्य करेंगे।आज जनता, नौजवान, पीड़ित सब व्यवस्था की खामियों से परेशान है। देश का संविधान दुनिया में सबसे नंबर एक का संविधान है इसकी रक्षा कर ही हक बचाया जा सकेगा। 2027 का चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। समाजवादी पार्टी ने नौजवानों को राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में सदैव स्थान दिया है।पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव कहां करते थे कि समाजवादी पार्टी कभी बूढ़ा नहीं होगा ।प्रयागराज और गोंडा में बीते दिनों हुई हत्या के मामले पर पत्रकारों का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्रीपाल ने कहा कि आज पीड़ित जेल जा रहे हैं और दोषी बाहर घूम रहे हैं। प्रत्याशियों के चयन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी निष्ठावान गांव की गलियों में डॉक्टर अंबेडकर और डॉक्टर लोहिया के विचारों को अपनाते हुए कार्य करने वालों को अवसर देगी।ओमप्रकाश राजभर और संजय निषाद को लेकर पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों के पास न एनडीए है ना पी डी ए है अपनी जमीन तलाश रहे हैं।सामंतवाद और पूंजीवाद से सपा का कोई लगाव नहीं है केंद्र सरकार के वादे खोखले साबित हुए हैं। दो करोड़ नौकरी देने तथा 15 लाख रुपए सबके खाते में आने के लिए लुभाने वाले वादे, खोखले बादे बनकर रह गए। सपा की सरकार बनने पर पीड़ितों,शोषितों को उनका हक दिलाने का कार्य किया जाएगा। शिक्षामित्र और पंचायत सहायकों को पक्की नौकरी दी जाएगी। जिले में स्वास्थ्य,मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, बाढ़ से बचाव के जो कार्य जिला कार्य समिति द्वारा माँग बतायी जाएगी वहीं समाजवादी पार्टी के जनपद के घोषणा पत्र में स्थान पाएगा। और उसे सरकार बनने पर पूरा किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष विद्यासागर यादव,पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व विधायक सुदामा प्रसाद, श्रवण पटेल व आमिर खान आदि सपा नेता मौजूद रहे।

# अर्थव्यवस्था में डिजिटल वित्तीय तकनीकों की जानकारी आवश्यक

- डिजिटल भुगतान हेतु आधुनिक तकनीक व सावधानियां अति आवश्यक

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



आभासी मुद्रा एवं ब्रिक्स विषयक एकल व्याख्यान माला का आयोजन स्नातकोत्तर महाविद्यालय मलिकपुरा में सम्पन्न हुआ। प्राचार्य प्रो. दिवाकर सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को अर्थशास्त्र विभाग के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। विभाग प्रभारी चंदन जी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं महाविद्यालय परिवार को आभासी मुद्रा, डिजिटल भुगतान प्रणाली तथा ब्रिक्स जैसे समकालीन आर्थिक एवं वित्तीय विषयों की जानकारी प्रदान करना और बदलती वैश्विक वित्तीय व्यवस्था के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ विषय-परिचय एवं मुख्य वक्ता के स्वागत के साथ हुआ। डॉ. प्रिंस कुमार कसौधन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र, महंत रामाश्रय दास पी.जी. कॉलेज, भुड़कुड़ा, गाजीपुर ने व्याख्यान के विषय पर बीज वक्तव्य दिया। उन्होंने समकालीन अर्थव्यवस्था में डिजिटल वित्तीय तकनीकों की बढ़ती भूमिका तथा विद्यार्थियों के लिए ऐसे विषयों की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने सारगर्भित वक्तव्य में आभासी मुद्रा की अवधारणा, उसकी प्रकृति एवं डिजिटल वित्तीय व्यवस्था में उसकी भूमिका से उपस्थितजनों को अवगत कराया। साथ ही डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के बढ़ते प्रयोग, उनकी उपयोगिता तथा उनसे जुड़ी सावधानियों पर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय लेन-देन और भुगतान प्रणालियों में तेजी से तकनीकी परिवर्तन हो रहा है। डिजिटल भुगतान ने लेन-देन को अधिक त्वरित एवं सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन इसके साथ साइबर सुरक्षा, गोपनीयता, वित्तीय जोखिम तथा डिजिटल जागरूकता जैसे पक्षों को समझना भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल वित्तीय साधनों का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने तथा किसी भी वित्तीय लेन-देन से पहले आवश्यक जानकारी प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया। वहीं ब्रिक्स के संदर्भ में भी समकालीन वैश्विक अर्थव्यवस्था में उभरती अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका तथा अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। वक्ता ने बदलती वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में वित्तीय तकनीक, डिजिटल भुगतान और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के बीच विकसित हो रहे संबंधों को समझने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. अनुज कुमार सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दिनेश कुमार सिंह द्वारा किया गया।

## 6.900 किग्रा अवैध अफीम के साथ अभियुक्त नेपाली युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कुशीनगर।** जनपद के कसया थाना क्षेत्र में मुकामी पुलिस ने एएनटीएफ यूनिट, एंटी नारकोटिक्स टीम बाराबंकी के सहयोग से 6.900 किलोग्राम अवैध अफीम कीमत लगभग 40 लाख रुपए के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त नेपाल देश का निवासी बताया जा रहा है। एसपी कुशीनगर मीडिया सेल से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कसया अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद में अवैध मादक पदार्थ की बिक्री/परिवहन/निष्कर्षण के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे कसया थाना व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त पुलिस टीम ने कसया थाना क्षेत्र से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध अफीम कुल वजन मय पालीथीन सहित 6.900 किलोग्राम, एक अदद किपैड मोबाइल, 200 नकद रुपये, एक अदद नकदी रसीद, भंसार नेपाल बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त शेषनाथ साहनी उर्फ बद्रीनाथ पुत्र विनोद साहनी निवासी ग्राम रामनगर थाना मिम्रौनगढ जनपद बारा नेपाल का निवासी है। पुलिस टीम ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुअसं 0552/2026 धारा 8/18/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष इत्यानन्द पाण्डेय, उनि सूरज सिंह एएनटीएफ यूनिट बाराबंकी, उनि राहुल कुमार सिंह थाना कसया, उनि सुजीत कुमार पाण्डेय, हेकां. संगम पटेल एएनटीएफ यूनिट बाराबंकी, हेकां. मो. खालिद खॉ एएनटीएफ यूनिट बाराबंकी, हेकां. दिनेश कुमार सिंह एएनटीएफ यूनिट बाराबंकी, हेकां. मो. तारिक एएनटीएफ यूनिट बाराबंकी, हेकां. पीयूष कुमार सिंह एएनटीएफ यूनिट बाराबंकी शामिल रहे।

## मिशन शक्ति: हलिया के हथेड़ा गांव में महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**हलिया (मिर्जापुर)।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत थाना हलिया क्षेत्र के ग्राम हथेड़ा में बुधवार को महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पुलिस टीम द्वारा गांव की महिलाओं एवं बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में भी बताया गया।इस दौरान महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर बिना डरे हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उ.नि. रमाशंकर, हे.कां. अभिषेक चौबे व म. आरक्षी पूजा चौहान थाना हलिया मौजूद रहीं।

# हरिशंकर राजभर सपा राज्य कार्यकारिणी में सचिव नामित

## मनोनयन पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह, बधाई देने वालों का लगा तांता

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की स्वीकृति से समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने हरिशंकर राजभर को पार्टी की प्रदेश राज्य कार्यकारिणी में सचिव नामित किया है। हरिशंकर राजभर को संगठन में प्रदेश स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की जानकारी के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। हरिशंकर राजभर के मनोनयन पर समाजवादी पार्टी से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य कार्यकारिणी में सचिव जैसी जिम्मेदारी मिलने से संगठन में उनकी भूमिका और बढ़ेगी तथा वे प्रदेश स्तर पर पार्टी के संगठनात्मक कार्यों को मजबूती प्रदान करने में योगदान देंगे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी नेतृत्व द्वारा संगठन में जिम्मेदारी दिए जाने से जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ता है। हरिशंकर राजभर के मनोनयन को लेकर समर्थकों ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और कार्यक्रमों को जनता के बीच पहुंचाने के साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रदेश कार्यकारिणी में सचिव नामित किए जाने के बाद हरिशंकर राजभर ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के प्रति आभार जताया तथा उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, वह उनके लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वह संगठन के हित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। बधाई देने वालो में पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी, पूर्व सांसद बालेश्वर यादव, राधेश्याम सिंह, जिलाध्यक्ष रामअवध यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर मनोज यादव, इलियास अंसारी, राजेश प्रताप राव, महासचिव एनुलहक, बिजय प्रताप कुशवाहा , जावेद इकबाल आदि रहे। मनोनयन की सूचना के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से भी अन्य समर्थकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अघोषित बिजली कटौती से बेहाल उपभोक्ताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

- बरसात में बिजली ने रूलाया तो अंधेरी रात में मच्छरों ने सताया

बारिश से पहले ही बेहाल हलिया उपकेंद्र व बरौधा उपकेंद्र से हलिया बाजार व बरौंधा बाजार और आसपास के गांवों में रात्रि में रोस्टिंग के नाम पर बिजली कटौती ने लोगों की मुसीबत और बढ़ा दी है। विद्युत उपकेंद्र बरौंधा से जुड़े उपभोक्ता अघोषित कटौती से इस कदर परेशान हैं कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था उनके लिए किसी लाइलाज बीमारी से कम नहीं रह गई है। दिन हो या रात, बिजली कब आएगी और कब चली जाएगी, इसका कोई ठिकाना नहीं है। खासकर रात में घंटों बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। व्यवस्था में सुधार न होने पर बाजार वासियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। विगत एक माह से लगातार बारिश के चलते बरौंधा बाजार और रिहायशी इलाकों में जगह-जगह जलजमाव बना हुआ है। पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ गया है। ऐसे में रात के समय बिजली गुल होते ही स्थिति और विकट हो जाती है। पंखे-कूलर बंद होने के साथ ही मच्छरों का हमला शुरू हो जाता है। स्थानीय बरौंधा कठार निवासी अशोक मिश्रा, सौरभ प्रजापति, मनीष सोनी, नागेश प्रजापति, आशीष कुमार, रामरक्षा और महेश कुमार ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र बरौंधा में रोस्टिंग के नाम पर लगातार कटौती की जा रही है। कई बार उपभोक्ताओं को 10-12 घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। उनका कहना है कि बिजली की आंख-मिचौली ने घरेलू कामकाज से लेकर व्यापार तक को प्रभावित कर दिया है। स्थानीय धसड़ाराजा निवासी नन्हकू,पंचू, सियाराम,उमा कांत सभा शंकर ने बताया कि संपन्न परिवार इन्वर्टर और जनरेटर के सहारे किसी तरह रात काट लेते हैं, लेकिन गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के पास ऐसा कोई इंतजाम नहीं है। बिजली जाते ही उन्हें गर्मी और मच्छरों के बीच रात गुजारनी पड़ती है। बारिश से पहले से ही संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है और जलभराव के बीच बिजली कटौती ने परेशानी को और गंभीर कर दिया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित विद्युत आपूर्ति के दावों के बीच बरौंधा की जमीनी हकीकत अलग दिखाई दे रही है। बिजली की अनियमित आपूर्ति अब सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि बरसात के मौसम में लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। बाजार वासियों ने विद्युत विभाग से रात के समय होने वाली अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाने, रोस्टिंग की स्पष्ट समय-सारिणी सार्वजनिक करने और नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो उपभोक्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# पंचशील महाविद्यालय में जनगणना को लेकर बैठक



**हलिया (मिर्जापुर)।** पंचशील महाविद्यालय मवई कला में बुधवार को जनगणना 2027 के लिए नियुक्त प्रगणकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनगणना के नोडल अधिकारी तहसीलदार लालगंज विशाल कुमार शर्मा ने की।बैठक में तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा ने कहा कि जिस आबादी क्षेत्र में जनसंख्या ज्यादा है, उस क्षेत्र में दो प्रगणक तैनात किए जाएं ताकि एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) का कार्य समय से पूरा किया जा सके। सभी प्रगणकों को अपने-अपने क्षेत्रों में सजगता के साथ कार्य करने और शुद्धता के साथ आंकड़े भरने के निर्देश दिए गए।इस दौरान एबीएसए प्रकाश चंद्र यादव सहित जनगणना कार्य में लगे प्रदीप कुमार मौर्य सहित सभी प्रगणक व सुपरवाइजर मौजूद रहे।